दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | खेल-मनोरंजन
बिलासपुर, सोमवार, 24 मार्च 2025 शुक्ल पक्ष-दशमी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 334 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

जस्टिस यशवंत वर्मा के यहां जली करेंसी का वीडियो जारी

सुप्रीम कोर्ट ने काम से रोका, जस्टिस वर्मा ने कहा मुझे फंसाया गया

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के शासकीय आवास पर जली हुई अवस्था मिले केश का मामला आज फिर देश और दुनिया में छाया रहा। सुप्रीम कोर्ट ने आज वह वीडियो भी जारी कर दिया जिसमें दमकल कर्मी आग बुझा रहे है। पिछले तीन दिनों से चल रही खबरों के बाद आज दिल्ली हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट व्दारा की जा रही कार्रवाई भी जनता के सामने आ गई । हालांकि जस्टिस वर्मा ने अपने ऊपर लगे आरोप का खंडन करते कहा कि मुझे फंसाया जा रहा है।

दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने अपने आधिकारिक आवास पर मारी मात्रा में नकदी बरामदगी से इनकार किया है।

उच्चतम न्यायालय की ओर से जारी दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय की रिपोर्ट में न्यायमूर्ति वर्मा अपने आधिकारिक आवास पर कथित तौर पर भारी मात्रा में रुपए बरामदगी की सूचनाओं को (न्यायमूर्ति वर्मा को) फंसाने और बदनाम करने की साजिश की तरह होने का दावा किया।

शीर्ष अदालत की बेवसाइट पर जारी 25 पन्नों की रिपोर्ट (जिसके कुछ हिस्से पर काली स्याही लगी होने की वजह से अस्पष्ट हैं) में न्यायमूर्ति वर्मा ने कहा, न तो मैंने और न ही मेरे परिवार के किसी सदस्य ने कभी भी उस स्टोररूम (जहां 14 मार्च 2025 की रात आग लग ने की घटना हुई) में कोई नकदी या मुद्रा जमा कर रखी थी।

उन्होंने दावा किया कि पूरी घटना हाल ही में हुई घटनाओं के एक क्रम का हिस्सा है, जिसमें दिसंबर 2024 में सोशल मीडिया पर प्रसारित निराधार आरोप भी शामिल हैं।

दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के वरियता क्रम में द्वितीय न्यायाधीश न्यायमूर्ति वर्मा ने अपनी ओर से किसी भी नकदी की बरामदगी से इनकार करते हुए कहा, मैं स्पष्ट रूप से कहता हूं कि मेरे या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य द्वारा उस स्टोररूम में कभी भी कोई नकदी नहीं रखी गई थी और इस बात की कड़ी निंदा करता हूं कि कथित नकदी हमारी थी।

शीर्ष अदालत वेबसाइट पर शनिवार देर रात उपलब्ध रिपोर्ट में मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय के प्रश्नों के उत्तर के अनुसार, न्यायमूर्ति वर्मा ने स्टोररूम के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले स्थान

से नकदी की कोई बोरी बरामद होने से इनकार किया है, जहां सभी निजी और सीपीडब्ल्यूडी कर्मचारी आसानी से पहुंच सकते हैं और पिछली गेट से भी नकदी की कोई बोरी बरामद होने से इनकार किया है।

जांच के दौरान न्यायाधीश वर्मा ने अपने आवास पर हुई आग की घटना के दृश्य होने दावा करने वाले वीडियो दिखाए जाने पर कहा, मैं वीडियो की सामग्री देखकर पूरी तरह से हैरान रह गया, क्योंकि उसमें कुछ ऐसा दिखाया गया था जो मौके पर नहीं मिला था, जैसा कि मैंने देखा था....यह स्पष्ट रूप से मुझे फंसाने और बदनाम करने की साजिश लग रही थी।

न्यायमूर्ति वर्मा ने कहा, यह विचार या सुझाव कि यह नकदी हमारे द्वारा रखी गई थी या संग्रहीत की गई थी, पूरी तरह से बेतुका है।

उन्होंने कहा कि यह बताया जाना कि कोई व्यक्ति स्टाफक्वार्टर के पास या 'आउटहाउस' में खुले, आसानी से सुलभ और आम तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले स्टोररूम में नकदी जमा करेगा, अविश्वसनीय और अविश्वसनीय है।

दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय के समक्ष रखे अपने पक्ष में उन्होंने यह भी कहा कि यह एक कमरा (स्टोर रूम) है, जो उनके रहने के स्थान से पूरी तरह से अलग है और एक चारदीवारी उनके रहने के क्षेत्र को उस बाहरी घर (स्टोर रूम) से अलग करती है।

नकदी बरामद होने के आरोप के संबंध में उन्होंने कहा, मैं एक बार फिर स्पष्ट करना चाहता हूं कि मेरे घर के किसी भी व्यक्ति ने कमरे में जली हुई मुद्रा देखने की सूचना नहीं दी है।

उन्होंने कहा कि वास्तव में, यह इस बात से और पुष्ट होता है कि जब अग्निशमन कर्मियों और पुलिस के घटनास्थल से चले जाने के बाद हमें स्टोर रूम वापस की गई तो वहां कोई नकदी या मुद्रा नहीं थी। इसके अलावा हमें मौके पर की गई किसी भी बरामदगी या जब्ती के बारे में सूचित नहीं किया गया।न्यायमूर्ति वर्मा ने बार-बार कहा कि उनके परिवार के किसी भी सदस्य, पीएस या घरेलू कर्मचारियों को तथाकथित आधी जली हुई मुद्रा नहीं दिखाई गई। मौके पर कथित रूप से मिली मुद्रा को हटाने के आरोप के संबंध में उन्होंने कहा, केवल एक चीज जिसे हटाया गया वह मलबा और वह चीज थी जिसे वे बचाने योग्य मानते थे,वह अभी भी घर में मौजूद है और उसे आवास के एक हिस्से में अलग रखा हुआ देखा जा सकता है। शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति खन्ना ने विवाद सामने आने के बाद दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति उपाध्यक्ष को इस मामले में रिपोर्ट देने को कहा था।

भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र के जवाब में 21 मार्च को न्यायमूर्ति उपाध्याय ने कहा, मेरे द्वारा की गई जांच में प्रथम दृष्टया बंगले में रहने वाले लोगों, नौकरों, माली और सीपीडब्ल्यूडी कर्मियों (यदि कोई हो) के अलावा किसी अन्य व्यक्ति के कमरे में प्रवेश या पहुंच की संभावना नहीं दिखती। तदनुसार, मेरी प्रथम दृष्टया राय है कि पूरे मामले की गहन जांच की आवश्यकता है।

न्यायमूर्ति खन्ना ने न्यायमूर्ति उपाध्याय की इसी रिपोर्ट के आधार पर अगला कदम उठाते शनिवार 22 मार्च 2025 को तीन विभिन्न उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशोंकी तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी।

उच्चतम न्यायालय की ओर से शनिवार रात जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश ने समिति के गठन का आदेश दिया, जिसमें पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जस्टिस वर्मा का दावा- स्टोररूम मेरे घर का हिस्सा नहीं, न ही वहां मिली नकदी मेरी

दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से भारी मात्रा में नकदी मिलने का मामला लगातार गरमाता जा रहा है। अब जस्टिस यशवंत वर्मा ने अपने ऊपर लगे आरोपों से साफ इनकार किया है और दावा किया है कि स्टोररूम में उनके या उनके परिवार के किसी सदस्य के द्वारा कोई नकदी नहीं रखी गई। जस्टिस वर्मा ने कहा कि उन्हें बदनाम करने की साजिश हो रही है। दरअसल मुख्य न्यायाधीश ने नकदी मिलने के मामले की आंतरिक जांच के आदेश दिए हैं। जिसके बाद दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने जस्टिस वर्मा से उनके ऊपर लगे आरोपों पर जवाब मांगा था।

जस्टिस वर्मा ने अपने जवाब में बताई ये बातें

जस्टिस डीके उपाध्याय को भेजे पत्र में जस्टिस वर्मा ने लिखा कि मेरे या मेरे परिवार के किसी सदस्य को स्टोर रूम में मिली नकदी के बारे में कोई जानकारी नहीं है। न ही मेरे या मेरे परिवार को ये नकदी दिखाई गई। जस्टिस वर्मा ने घटना को याद करते हुए बताया कि 14-15 मार्च की रात उनके सरकारी आवास के स्टोर रूम में आग लगी। यह स्टोर रूम उनके स्टाफ क्वार्टर के पास स्थित है। स्टोर रूम को आम तौर पर इस्तेमाल न होने वाले फर्नीचर, बोतल, क्रॉकरी, इस्तेमाल किए हुए कारपेट आदि रखने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। साथ ही उस स्टोर रूम में सीपीडब्लूडी का सामान भी रखा रहता है। स्टोर रूम में कोई ताला नहीं है और वहां कई अधिकारी आते जाते रहते हैं। इस स्टोर रूम में सामने के दरवाजे से और पीछे के दरवाजे से भी आया जा सकता है। यह मेरे आवास से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ नहीं है और यह मेरे घर का हिस्सा नहीं है।

आग लगने वाले दिन का पूरा घटनाक्रम बताया

जस्टिस वर्मा ने बताया कि जिस दिन आग लगने की घटना हुई, उस दिन वे अपनी पत्नी के साथ मध्य प्रदेश में थे। उस वक्त घर पर सिर्फ मेरी बेटी और मेरी बुजुर्ग मां ही घर पर थीं। मैं 15 मार्च की शाम को भोपाल से दिल्ली लौटा। जब आग लगी तो मेरी बेटी और मेरे निजी सचिव ने फायर ब्रिगेड को फोन किया। आग बुझाने के दौरान मेरे सारे स्टाफ और मेरे घर के सदस्यों को आग वाली जगह से हटा दिया गया था। जब आग बुझ गई और जब वे लोग वहां पहुंचे तो मौके पर कोई नकदी नहीं थी। मैं फिर एक बार साफ कर दूं कि न तो मेरे द्वारा या मेरे परिवार के द्वारा कोई नकदी स्टोर रूम में रखी गई थी और न ही कथित तौर पर मिली नकदी से हमारा कोई संबंध है। ये पैसा हमारे द्वारा रखे जाने का दावा पूरी तरह से हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि एक ऐसी जगह पर नकदी रखने के विचार ही बेतुका है, जहां सब लोग आ जा सकते हैं।

आज बेबाक

जब महिलाएं किसी भी मामले में पुरूषों से पीछे नहीं है तो भला पुरूष भी किसी भी मामले में महिलाओं से पीछे क्यों रहे? महिलाओं के वोट कबाड़ने के लिए राजनीतिक पार्टियां महिलाओं को मुफ्त में बस यात्रा सहित और भी कई सुविधाएं दे रही हैं। महिलाओं को हर माह एक हजार से ढाई रूपये तक महिला सम्मान निधि दे रही है। ऐसे में पुरूषों का स्वाभिमान जागना स्वाभाविक है। कर्नाटक विधानसभा में जेडीएस के एक विधायक ने मांग की है कि सरकार पुरूषों को हर हफ्ते दो बोतल दारू फ्री में दे। दम तो है बंदे की मांग में।

अमेरिका 5 लाख 30 हजार से अधिक प्रवासियों को अस्थायी कानूनी दर्जा से करेगा वंचित

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का प्रशासन 5 लाख 30 हजार से अधिक प्रवासियों को अस्थायी कानूनी दर्जे से वंचित करने जा रहा है। यदि पहल को मंजूरी मिल जाती है, तो देश में उनके अस्थायी प्रवास कार्यक्रम 24 अप्रैल को समाप्त हो जाएंगे। 'एनबीसी' ने एक दस्तावेज का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। चैनल के अनुसार यह स्थिति उन प्रवासियों को प्रभावित करती है, जो 2023 में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के तहत शुरू किए गए एक विशेष कार्यक्रम के तहत प्रवेश करते हैं। इस कार्यक्रम ने विदेशियों को एक अमेरिकी प्रायोजक के समर्थन से अमेरिका में प्रवेश करने और दो साल तक देश में काम करने की अनुमति दी। एनबीसी के अनुसार, 2024 में, अधिकारियों ने इस कार्यक्रम के तहत प्रवासियों को स्वीकार करने पर कुछ समय के लिए रोक लगा दी थी क्योंकि उन्हें चिंता थी कि इसका इस्तेमाल धोखाधड़ी वाले लेनदेन के लिए किया जा रहा था।

राष्ट्रपति आज रायपुर में, तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था, चप्पे-चप्पे पर जवान तैनात

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को रायपुर आ रही है, राष्ट्रपति की सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियां पूरी कर ली गई है, पुलिस ने अर्धसैनिक बलों के साथ मिलकर फायनल रिहर्सल किया, प्रवास के दौरान एयरपोर्ट से

विस तक का रास्ता नो मेन्स लैंड घोषित किया गया है, राष्ट्रपति की सुरक्षा को करीब 4 सेक्टरों में बांटा गया है, सुरक्षा में ट्रैफिक समेत पुलिस के करीब 700 पुलिस अधिकारी जवान तैनात किए गए है, पूरी सुरक्षा व्यवस्था की कमान रायपुर रेंज आईजी और एसएसपी रायपुर को सौंपी गई है। राष्ट्रपति भारत सरकार के रायपुर प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के संपूर्ण प्रभारी अधिकारी पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा द्वारा कल ड्यूटी में लगे समस्त अधिकारियों की बैठक ली गई थी। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा एयरपोर्ट, कारकेड, स्टेडियम, विधानसभा भवन में सुरक्षा व्यवस्था सहित रूट की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में सूक्ष्मता से विस्तार पूर्वक आवश्यक व महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये गये।

प्रधानमंत्री ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली(वार्ता) । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहीद दिवस के अवसर महान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि दी और कहा कि आज हमारा राष्ट्र भगत सिंह, राजगुरु और

सुखदेव के सर्वोच्च बलिदान को याद करता है। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, आज हमारा राष्ट्र भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के सर्वोच्च बलिदान को याद करता है। स्वतंत्रता और न्याय के लिए उनका निडर प्रयास हम सभी को प्रेरित करता है। ब्रिटिश हुकूमत ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को 23 मार्च 1931 को लाहौर जेल में फांसी दी थी।

सीएम विष्णुदेव साय ने छावा फिल्म की तारीफ की

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य में फिल्म छावा के टैक्स फ्री होने का एलान फरवरी में कर दिया था। अब हाल ही में सीएम फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल हुए। उन्होंने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ फिल्म देखी। इसके बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट शेयर कर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

सीएम ने साझा की झलकियां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान की तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ लिखा है, आज नवा रायपुर में छत्रपति शिवाजी महाराज के पराक्रमी पुत्र संभाजी महाराज के

जीवन, संघर्ष और बलिदान पर आधारित फिल्म ÷छावा÷ देखी। संभाजी महाराज ने देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया।

राज्य में टैक्स फ्री है छावा मुख्यमंत्री ने आगे लिखा है, इस फिल्म ने संभाजी महाराज की वीरता और बलिदान को अत्यंत प्रभावशाली और सजीव रूप में प्रस्तुत किया है, जो हर भारतीय को गौरवान्वित करता है। संभाजी महाराज का यह प्रेरक इतिहास अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे, इसके लिए हमारी सरकार ने फिल्म ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कपिल सिब्बल ने चुनाव आयोग को बताया निष्क्रिय संस्था

नई दिल्ली (ए.)। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने चुनाव आयोग को निष्क्रिय और विफल संस्था बताया। उन्होंने कहा कि लोगों के एक बड़े वर्ग को चुनाव आयोग पर भरोसा नहीं है क्योंकि इसने अपनी सांविधानिक जिम्मेदारियों के अनुसार कार्य नहीं किए हैं। इसके अलावा उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडिया की एकजुटता पर जोर दिया। सिब्बल

ने कहा कि चुनाव आयोग में अविश्वास के मुद्दे से जितनी जल्दी निपटा जाएगा, लोकतंत्र को बचाने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। चुनाव आयोग एक निष्क्रिय संस्था है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अमृतसर:45 करोड़ की नौ किलो हेरोइन बरामद, सात गिरफ्तार

अमृतसर (वार्ता)। पंजाब में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए नार्को-टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए दो अलग-अलग मामलों में करीब 45 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के कुल नौ किलो दो सौ ग्राम हेरोइन बरामद कर सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि पुलिस ने सीमा पार से संचालित होने वाले ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह में एक महिला रिश्तेदार और दो अन्य लोग शामिल हैं, जो रसद सहायता प्रदान करते थे। पुलिस ने उनके पास से 5.2 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है।

गरमा-गरम

अभा प्रतिनिधि सभा ... औरंगजेब पर मचे बवाल के बीच बोले दत्तात्रेय होसबोले

आक्रांताओं जैसी मानसिकता वाले लोग देश के लिए खतरा

बंगलूरू (ए.)। देश में औरंगजेब को लेकर छिड़ी बहस और नागपुर में हुई हिंसा के बाद मचे बवाल के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब बीआर आंबेडकर द्वारा लिखित संविधान में धर्म आधारित आरक्षण स्वीकार नहीं किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि अयोध्या में राम मंदिर संघ की उपलब्धि नहीं है, बल्कि समाज की उपलब्धि है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आक्रमणकारी या आक्रांताओं जैसी मानसिकता वाले लोग भारत के लिए खतरा हैं। उन्होंने एक वक्त पर कर्नाटक में मचे बवाल को लेकर भी बात की और कहा कि भाजपा शासन के दौरान मंत्रियों के निजी सचिव के रूप में संघ के पदाधिकारियों की नियुक्ति के लिए कभी जोर नहीं दिया गया।

औरंगजेब पर मचे बवाल पर होसबोले ने रविवार को बंगलूरू में कहा कि अतीत में बहुत सी घटनाएं हुई हैं। दिल्ली में एक औरंगजेब रोड थी, जिसका नाम बदलकर अब्दुल कलाम रोड कर दिया गया। इसके पीछे कुछ कारण थे। औरंगजेब के भाई दारा शिकोह को हीरो नहीं बनाया गया। गंगा-जमुनी तहजीब की वकालत करने वालों ने कभी दारा

शिकोह को आगे लाने के बारे में नहीं सोचा। क्या हम किसी ऐसे व्यक्ति को आइकॉन बनाएंगे जो भारत की संस्कृति के खिलाफ था, या हम उन लोगों के साथ जाएंगे जिन्होंने इस भूमि की परंपराओं के अनुसार काम किया?

उन्होंने कहा कि अगर आजादी की लड़ाई अंग्रेजों के खिलाफ लड़ी जाती है तो यह आजादी की लड़ाई है। उनसे पहले जो लोग थे यानी अंग्रेजों से पहले, उनके खिलाफ लड़ाई भी आजादी की लड़ाई थी। महाराणा प्रताप ने जो किया, वह आजादी की लड़ाई थी। अगर आक्रमणकारी मानसिकता वाले ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का समापन दिवस

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के समापन दिवस पर यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए होसबोले ने कहा, बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा रचित संविधान में धर्म आधारित आरक्षण को स्वीकार नहीं किया गया है। ऐसा करने वाला कोई भी व्यक्ति हमारे संविधान निर्माता के खिलाफ जा रहा है।

उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था

उन्होंने यह भी बताया कि पूर्ववर्ती अविभाजित आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र की ओर से मुसलमानों के लिए धर्म आधारित आरक्षण लागू करने के पिछले प्रयासों को उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था।

सौरभ हत्याकांड: जेल में मुस्कान और साहिल की बिगड़ी तबीयत, बदलते रहे करवटें

मेरठ (ए.)। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में हुई सौरभ राजपूत की हत्या के आरोप में उसकी पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। साहिल और मुस्कान से पूछताछ हुई तो उन्होंने कत्ल के बारे में सभी जानकारी दी थी। नवंबर में पहले कत्ल का प्लान बनाया था। इसके अलावा क्या-क्या सामान जुटाया और कहां से जुटाया, यह भी उन्होंने बताया। पुलिस की छानबीन में फिलहाल नौ लोग सामने आए हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों की मानें तो 9 लोगों में चार दुकानदार, एक डाक्टर, एक कैमिस्ट, कैब चालक, किराएदार और वह खाता धारक शामिल हैं, जिनके खाते में रकम ट्रांसफर की गई थी। ब्रह्मपुरी पुलिस सात लोगों से पूछताछ कर चुकी है। दो लोगों से पूछताछ बाकी है।

साहिल-मुस्कान की हालत बिगड़ी : मेरठ के ब्रह्मपुरी में पति सौरभ की हत्या करने वाली

मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला को जेल में तीन दिन से नींद नहीं आ रही है। वे रातभर करवटें बदलते रहते हैं। जेल में ड्रग्स और शराब न मिलने पर मुस्कान और साहिल की हालत बिगड़ गई है। बताया गया कि लंबे समय से दोनों नशा करते थे। हालत बिगड़ने पर जेल में ही डॉक्टरों ने इलाज किया और उनको दवाई भी दी। दोनों की लगातार सीसीटीवी से भी निगरानी हो रही है।

नशे की लत छुड़ाने का प्रयासः वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा ने बताया कि दोनों बंदियों को अस्पताल में डॉक्टरों को दिखाया। डॉक्टरों ने उन्हें कुछ दवाएं दीं। योग और नशा मुक्ति केंद्र के माध्यम से नशे की लत छुड़ाने का प्रयास किया जा रहा है। दोनों एक ही बैरक में रहना चाहते हैं। उन्होंने इसकी मांग की है। हालांकि जेल में यह संभव नहीं है। पुलिस की पूछताछ में भी सामने आया था कि साहिल और मुस्कान नशा करते हैं।

कसोल के होटल में छह दिन रुके थे दोनों : सौरभ की हत्या को अंजाम देने वाली उसकी पत्नी मुस्कान व उसका प्रेमी साहिल शुक्ला कसोल के एक होटल में छह दिन रुके थे। दोनों ने 10 मार्च को होटल में चेक इन किया था, जबकि 16 मार्च को उन्होंने चेक आउट किया। चेक इन के समय साहिल शुक्ला ने मुस्कान को अपनी पत्नी बताया था। उनके साथ केवल उनका ड्राइवर था। दोनों अधिकतर समय होटल के कमरे के अंदर बिताते थे। इतने दिनों वे यहां रहे तो किसी से मिलते-जुलते नहीं थे, वे स्टाफ के साथ भी ज्यादा बातचीत नहीं करते थे। उनका खाना-वगैरह उनके कमरे में ही जाता था। हालांकि होटल संचालकों की ओर से कमरा किराए पर देने से पहले औपचारिकताएं पूरी की गई थीं। कसोल में होटल संचालक अमन ने कहा कि वे दिन में एक-आध बाहर ही बाहर निकलते थे।

जेल में मुस्कान और साहिल से कोई मिलने नहीं पहुंचा

दोनों रातभर अपनी-अपनी बैरक में करवटें बदलते रहे। यह बात बंदी रक्षकों और जेल स्टाफ ने जेल वरिष्ठ अधीक्षक को बताई तो उन्होंने दोनों हत्यारोपी से बातचीत की। इसके बाद दोनों ने लंबे समय से नशा करने की बात कबूली है। दोनों में एल्कोहल विड्रॉल के लक्षण देखे गए हैं। दोनों को जेल अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। यहां डाक्टरों ने उन्हें रिलेक्स के लिए कुछ दवाएं दीं। यह भी सामने आया है कि अभी तक दोनों से मिलने के लिए जेल में कोई भी परिजन और रिश्तेदार या परिचित नहीं पहुंचा है।

साहिल और मुस्कान को नहीं आई नींद

नशे में ही दोनों ने सौरभ के सीने में चाकू घोपे थे। साहिल के घर से तो बीयर की बोतलें भी बरामद की गई थीं। शिमला और कसोल ले जाने वाले कैब चालक ने भी दोनों के नशा करने क बात पुलिस को बताई। दोनों ने रास्ते में और होटल में शराब की बोतल मंगाई थी। बीयर भी पी थी। बताया गया कि बुधवार, बृहस्पतिवार और शुक्रवार को साहिल और मुस्कान को नींद नहीं आई।

इस बार बिहार का सीएम बनेगा तेजस्वी :लालू यादव

वैशाली (ए.)। बिहार की सियासत में एक बार फिर गर्मजोशी लौट आई है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव शनिवार को जब पटना से मुजफ्फरपुर के लिए रवाना हुए, तो वैशाली जिले के भगवानपुर में उनका भव्य स्वागत हुआ। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उमड़े और राजद के वरिष्ठ नेता केदार प्रसाद यादव के नेतृत्व में जोरदार अभिनंदन किया गया। इस स्वागत में सबसे खास रहा लालू यादव के लिए तैयार किया गया पारंपरिक भोज, जिसमें मकई की रोटी, बथुआ का साग, लिट्टी और चोखा परोसा गया। केदार यादव ने इसे खास अपने घर पर बनवाया था। उन्होंने भावुक होकर कहा कि हम तो सुदामा हैं और आज कृष्ण भगवान (लालू यादव) ने हमारे हाथों से रोटी-साग खाया। इससे बड़ी खुशी मेरे जीवन में कुछ नहीं हो सकती। इस दौरान लालू प्रसाद यादव ने कार्यकर्ताओं को स्पष्ट संदेश दिया कि अब वक्त आ गया है कि सभी लोग चुनावी अभियान में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि इस बार तेजस्वी यादव ही बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे और जनता का आशीर्वाद उन्हें प्राप्त हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि राजद की नीतियों और जनहितकारी वादों को गांव-गांव तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की है।लालू यादव ने राजद के घोषणा पत्र का भी जिक्र करते हुए कहा कि सरकार बनते ही महिलाओं को 2500 प्रतिमाह सहायता दी जाएगी, गैस सिलेंडर 500 में मिलेगा, वृद्धा पेंशन 400 से बढ़ाकर 1500 कर दी जाएगी और बिजली फ्री यूनिट की सुविधा भी लागू होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इन जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हर घर तक पहुंचाएं।बताया जाता है कि जब भी लालू यादव उत्तर बिहार की ओर यात्रा करते हैं, केदार यादव उनके लिए मनपसंद भोजन का विशेष इंतजाम करते हैं। कुछ दिनों पहले भी लालू यादव ने स्वयं फोन कर केदार यादव से लिट्टी-चोखा मंगवाया था, जिसे उन्होंने बड़े चाव से खाया था। भगवानपुर में फूल-मालाओं से लदे कार्यकर्ताओं ने जोश और उत्साह के साथ अपने नेता का स्वागत किया। इस आयोजन ने यह संकेत भी दे दिया कि आगामी चुनाव से पहले राजद ने अपनी जमीन मजबूत करना शुरू कर दिया है।

बेगूसराय सड़क दुर्घटना में दो सगे भाई समेत चार की मौत

बेगूसराय (वार्ता)। बिहार में बेगूसराय जिले के लाखो थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में रविवार की सुबह दो सगे भाई समेत चार बाराती की मौत हो गयी तथा पांच अन्य घायल हो गए।पुलिस उपाधीक्ष (सदर) सुबोध कुमार ने यहां बताया कि खातोपुर चौक के समीप राष्ट्रीय उच्चपथ संख्या 31 पर तेज रफ़्तार स्कॉर्पियो सड़क किनारे डिवाइडर से टकरा गयी। इस दुर्घटना में स्कॉर्पियो पर सवार दो सगे भाई समेत चार बाराती की मौत हो गयी तथा पांच अन्य घायल हो गए। कुमार ने बताया कि स्कॉर्पियो पर सवार लोग एक बारात में शामिल होकर साहेबपुर कमाल प्रखंड क्षेत्र से लौट रहे थे। मृतकों की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पहाड़चक गांव निवासी मनोज कुमार सिन्हा के दो पुत्र अंकित कुमार (19) और अभिषेक कुमार (20), रूदल पासवान के पुत्र सौरभ कुमार (19) और जगदीश पंडित के पुत्र कृष्ण कुमार (18) के रूप में की गयी है। घायलों को बेगूसराय सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

बच्चों के टैलेंट में भाषा बाधक नहीं : रेसुल पूकुट्टी

नयी दिल्ली (वार्ता)। फिल्म साउंड डिजाइनर एवं अकादमी अवार्ड विजेता रेसुल पूकुट्टी ने कहा कि बच्चों के टैलेंट में उनकी भाषा और उनका क्षेत्र कभी बाधा नहीं बन सकता है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव स्किल्स में शनिवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में रेसुल पूकुट्टी ने कहा, हर बच्चे में एक कला होती है,जिसको ढूंढना पहचानना एक गुरु का काम होता है। हर बच्चे में अलग अलग प्रतिभायें होती हैं, उनकी प्रतिभा को पहचानने, उसको तरासने का काम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव स्किल्स संस्थान करेगी।

घरेलू उत्पादकों को होगा फायदा

भारत ने चीन के चार उत्पादों पर लगाई एंटी डंपिंग ड्यूटी

नई दिल्ली (ए.)। भारत ने चार चीनी उत्पादों पर एंटी डंपिंग ड्यूटी लगाने का फैसला किया है। जिन उत्पादों पर एंटी डंपिंग ड्यूटी लगाई गई है, उनमें एल्युमीनियम फॉइल , वैक्यूम फ्लास्क, सॉफ्ट फेराइट कोर्स और ट्राइक्लोरो आइसोसिनोरिक एसिड शामिल हैं। घरेलू उत्पादकों की मदद और भारतीय बाजार में चीन के सस्ता सामान खपाने पर रोक लगाने के लिए यह फैसला लिया गया है।

इन उत्पादों पर लगाया गया शुल्क

सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टेक्सेस एंड कस्टम्स, राजस्व विभाग ने एक नोटिफिकेशन जारी कर चीन के उत्पादों पर एंटी डंपिंग ड्यूटी लगाने की जानकारी दी। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि वैक्यूम फ्लास्क, सॉफ्ट फेराइट कोर्स और ट्राइक्लोरो आइसोसिनोरिक एसिड के आयात पर एंटी डंपिंग ड्यूटी पांच साल के लिए लागू रहेगी। वहीं एल्युमीनियम फॉइल पर फिलहाल छह महीने के लिए एंटी डंपिंग ड्यूटी लगाई गई है। फॉइल पर प्रति टन 873 अमेरिकी डॉलर की एंटी डंपिंग ड्यूटी लगाई गई है। ट्राइक्लोरो आइसोसिनोरिक एसिड पर प्रति टन 276 डॉलर से लेकर 986 डॉलर के बीच में शुल्क लगाया गया है। इसका इस्तेमाल वाटर ट्रीटमेंट में होता है। सॉफ्ट फेराइट कोर्स पर 35 फीसदी शुल्क लगाया गया है। इसका इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों, चार्जर और टेलीकॉम डिवाइस में होता है। वैक्यूम इंसुलेटिड फ्लास्क पर प्रति टन 1732 डॉलर का शुल्क लगाया गया है। वाणिज्य मंत्रालय के डीजीटीआर विभाग ने भी इन उत्पादों पर शुल्क लगाने का सुझाव दिया था। चीन से सस्ते उत्पादों के आयात से घरेलू उद्योगों को नुकसान हो रहा था। ऐसी स्थिति में घरेलू उद्योगों को बचाने के लिए ही विदेशों से आने वाले सस्ते उत्पादों पर एंटी डंपिंग शुल्क लगाया जाता है। यह विश्व व्यापार संगठन की व्यवस्था के तहत ही है।

बहादुरगढ़ ब्लास्ट मामला

हरपाल ने ही की थी पत्नी, बेटी और दो बेटों की हत्या

बहादुरगढ़ (हरियाणा) (ए.)। बहादुरगढ़ के सेक्टर-9 में हुए भीषण ब्लास्ट के मामले में चौंकाने वाला मोड़ आया है। पहले इसे दुर्घटना माना जा रहा था, लेकिन जांच में खुलासा हुआ कि घायल हरपाल सिंह ने ही अपनी पत्नी, एक बेटी और दो बेटों की हत्या की थी। पुलिस को मौके से पेट्रोल से भरी बोतल और 12 पेज का सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें उसने अपनी बहन और जीजा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने बहादुरगढ़ शहर थाने में आरोपी हरपाल सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।पुलिस के अनुसार, हरपाल सिंह, जो मूल रूप से दिल्ली के उत्तम नगर का निवासी है और ट्रांसपोर्ट का व्यवसाय करता है।

नागपुर हिंसा के लिंक बांग्लादेश से जुड़े

■ **शिवसेना नेता संजय निरुपम का दावा**

मुंबई (ए.)। शिवसेना नेता संजय निरुपम ने दावा किया है कि नागपुर हिंसा के लिंक बांग्लादेश से जुड़े हैं। संजय निरुपम ने रविवार को एक प्रेसवार्ता में कहा कि नागपुर हिंसा सुनियोजित और एक बड़ी साजिश का हिस्सा है। संजय निरुपम ने कहा कि नागपुर हिंसा में शामिल असामाजिक तत्वों का बांग्लादेश से जुड़ाव हो सकता है। उन्होंने दावा किया कि हिंसा के मामले में गिरफ्तार एक आरोपी सोशल मीडिया पर मुजाहिदीन गतिविधियों के लिए फंड जुटा रहा था।

संजय निरुपम ने शिवसेना यूबीटी पर लगाए आरोपः संजय निरुपम ने इसे लेकर शिवसेना यूबीटी पर निशाना साधा और संगठन से उसके जुड़ाव पर सवाल उठाए। संजय निरुपम ने कहा कि क्या शिवसेना यूबीटी मुजाहिदीन संगठन से जुड़ी है? क्या ठाकरे और संजय राउत उनका समर्थन करते हैं। निरुपम ने कहा कि ये महाराष्ट्र में बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि शिवसेना यूबीटी अब हिंदू विरोधी हो गई है। शिवसेना नेता ने शिवसेना यूबीटी पर तंज कसते हुए कहा कि मातोश्री में जल्द ही बाल ठाकरे और शिवाजी महाराज की तस्वीरों के साथ ही औरंगजेब की तस्वीर भी दिखाई देगी। संजय निरुपम ने शिवसेना यूबीटी की राजनीतिक रणनीतियों पर हैरानी जताई। संजय निरुपम ने हिंसा पर नाराजगी जताते हुए कहा कि किसी को भी हिंसा में शामिल नहीं होना चाहिए।

संभल पुलिस का एक्शन, हिंसा भड़काने में जामा मस्जिद कमेटी का सदर गिरफ्तार

■ **एसआईटी जांच के बाद उठाया कदम**

संभल (ए.)। संभल जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सदर पर आरोप है कि 24 नवंबर को हुए बवाल में उनकी भूमिका थी। उन्होंने भड़काऊ बयान दिया था। एसआईटी की जांच में तथ्य सामने आने पर गिरफ्तारी की गई है।

एएसपी श्रीशचंद का कहना है 24 नवंबर के बवाल में आरोपी बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर शहर में सुरक्षा बढ़ाई गई है। कई थानों की पुलिस के अलावा पीएसी और आरआरएफ को तैनात किया है। अधिकारी फ्लैगमार्च भी कर रहे हैं। जफर अली एडवोकेट के भाई ताहिर अली एडवोकेट ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों पर माहौल खराब करने के प्रयास का आरोप लगाया है। साथ ही यह भी कहा कि उनके भाई को न्यायिक जांच आयोग के सामने सोमवार को अपने बयान दर्ज कराने थे। इसलिए पुलिस ने सुनियोजित तरीके से कार्रवाई की है। कहा कि उनके भाई ने आयोग को बताया था कि गोली पुलिस ने चलाई थी और इसी में पांच लोगों की जान गई थी। यही बयान दर्ज कराने के लिए वह जाते उससे पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है। कहा कि उनके भाई द्वारा जेल में रहकर भी यही बयान दर्ज कराया जाएगा। मालूम हो जफर अली एडवोकेट और पुलिस अधिकारियों के बीच पहले भी कई बार नोकझोंक हो चुकी है।

अमेरिका में भारतीय मूल के व्यक्ति और उसकी बेटी की हत्या

वॉशिंगटन (ए.)। अमेरिका में एक भारतीय मूल के व्यक्ति और उसकी बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। दोनों एक जनरल स्टोर में मृत पाए गए। दोनों इस जनरल स्टोर पर काम करते थे। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। हत्या की वजह अभी तक साफ नहीं है। वहीं भारतवंशी व्यक्ति और उसकी बेटी की हत्या की खबर से अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों में शोक की लहर है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रदीप कुमार पटेल और उनकी बेटी वर्जीनिया में लैंकफोर्ड हाइवे पर स्थित एकोमैक काउंटी में एक स्टोर पर काम करते थे। स्टोर में ही गोलीबारी की घटना हुई। पुलिस को 20 मार्च की सुबह 5.30 बजे गोलीबारी की सूचना मिली। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां प्रदीप कुमार पटेल (56 वर्षीय) मृत पाए गए। और उनकी 24 वर्षीय बेटी मौके पर घायल अवस्था में मिली। दोनों को गोलियां मारी गईं थी। इलाज के दौरान बेटी ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। हालांकि अभी तक हत्या की वजह स्पष्ट नहीं है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। जांच में पता चला है कि दोनों बाप-बेटी अपने रिश्तेदार के स्टोर पर काम करते थे। भारतीय मूल के पिता-पुत्र की हत्या की खबर जैसे ही सोशल मीडिया पर प्रसारित हुई तो भारतवंशी लोगों में शोक की लहर दौड़ गई।

सांसद की जीभ काटने पर एक लाख इनाम

■ **राणा सांगा को कहा था गद्दार, अब रामजी लाल ने दी ये सफाई**

आगरा (ए.)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद रामजी लाल सुमन के शुक्रवार को राज्यसभा में दिए बयान पर बवाल मच गया है। आगरा में अखिल भारत हिंदू महासभा ने सपा सांसद के बयान के विरोध में प्रदर्शन किया। सांसद के खिलाफ तहरीर दी।वहीं, सपा सांसद ने भी सफाई दी है। सपा सांसद रामजी लाल सुमन का कहना है कि मैं अपने बयान पर कायम हूं। अगर राज्यसभा सभापति को लगता है मैंने कुछ आपत्तिजनक कहा तो सदन की कार्यवाही से मेरे बयान को हटा सकते हैं।

महासभा के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि तहरीर के आधार पर 24 घंटे में मुकद्दमा दर्ज नहीं हुआ तो सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। तहरीर देने के बाद संजय पैलेस में स्पीड कलर लेब के सामने सपा सांसद का पुतला फूंका। महासभा

पदाधिकारियों ने कहा कि सपा सांसद के बयान से करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। महासभा की महिला अध्यक्ष मीरा राठौर ने कहा जो राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन की जीभ काटेगा उसे एक लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। साथ ही हिंदू महासभा ने सपा सांसद के डीएनए टेस्ट की मांग भी की।

राणा सांगा पर राज्यसभा में ये कहा

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद रामजी लाल सुमन के शुक्रवार को राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार कहने पर हंगामा हो गया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों का तकिया कलाम हो गया है कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है। आखिर, बाबर को लाया कौन। इब्राहिम लोधी को हराने के लिए बाबर को राणा सांगा हिंदुस्तान में लाया था। अगर मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो फिर तुम गद्दार राणा सांगा की औलाद हो। सुमन शुक्रवार को राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज की समीक्षा पर बोल रहे थे। सपा सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का काम देश में सामाजिक और धार्मिक सौहार्द कायम रखना है। यह देश एक घर है। इस घर में किसी प्रकार का तनाव न हो, यह गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि हाल ही में होली पर मुसलमानों की तरफ से एक स्वर नहीं निकला, इसके बावजूद गलत बयानबाजी की गई।

जघन्य हत्याकांड... *सहारनपुर हत्याकांड में भाजपा नेता का कबूलनामा*

मैं तो राधा हूं श्याम की सुनते ही बौखलाया और मारी गोली

सहारनपुर (ए.)। सहारनपुर के सांगाठेड़ा में पत्नी और तीन बच्चों को गोली मारने वाले आरोपी बाप योगेश ने पुलिस को जो बताया वह बेहद हैरान कर देने वाला है। बताया कि उसकी पत्नी नेहा भजन गा रही थी कि मैं तो हूं राधा श्याम की। इतना सुनते ही वह बौखला गया और सबसे पहले पत्नी और फिर बच्चों को गोली मारी। क्योंकि उसकी पत्नी का जिससे संपर्क था उसे श्याम कहकर बुलाती थी। दरअसल, इस जघन्य वारदात के बाद पुलिस ने आरोपी योगेश को थाने लेकर जाकर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने बताया कि वह सुबह से घर पर ही था। उसकी पत्नी नेहा सुबह से बार-बार भजन गा रही थी कि मैं तो हूं राधा श्याम की।

बार-बार भजन गा रही थी नेहा

आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी का जिस युवक से संपर्क है वह गांव का ही रहने वाला है। आरोपी को लगा कि यह भजन उसे सुनाकर श्याम के लिए गा रही है। कई

बार पत्नी को रोका कि यह भजन न गाए, लेकिन नेहा बार-बार भजन गा रही थी। इसी भजन को लेकर दोपहर करीब दो बजे उनके बीच बहस हो गई थी।

योगेश ने चारों को मार दी गोली

इसी दौरान तैश में आकर आरोपी योगेश ने एक के बाद एक चारों को गोली मार दी। आरोपी के अंदर इतना गुस्सा था कि सभी के सिर में गोली मारी गई, जिससे बचने की कोई उम्मीद ही न रहे।

कौन है श्याम, आरोपी की कहानी या फिर हकीकत

आरोपी ने पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद जो बातें बताई, पुलिस ने उस पर भी जांच शुरू कर दी है। अब पुलिस यह जांच कर रही है कि यह श्याम कौन है। आरोपी ने कहानी बनाई है या फिर उसने सच्चाई बताई है। हालांकि आरोपी ने श्याम का असली

मम्मी का सपोर्ट करते थे बच्चे, इसलिए मारा

पुलिस पूछताछ में जब आरोपी से पूछा गया कि उसका विवाद तो पत्नी नेहा के साथ था, फिर तीन मासूम बच्चों को मौत के घाट क्यों उतारा। इस पर आरोपी ने बताया कि तीनों बच्चे अपनी मम्मी का सपोर्ट करते थे। जब भी दोनों के बीच झगड़ा होता था तब बच्चे कहते थे कि पापा आप गलत हो, मम्मी सही है। इसी वजह से गुस्से में आकर उन्हें भी गोली मार दी।

पत्नी बैठी हुई थी, तब ऊपर से सिर में मारी गोली

देर रात तक पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपनी पत्नी नेहा के सिर में ऊपर की तरफ से गोली मारी थी, जो उसके कान के पास से निकल गई। आशंका है कि गोली उस समय मारी गई जब पत्नी नीचे बैठी हो और आरोपी खड़ा हो। यह भी आशंका जताई जा रही है कि नेहा आरोपी के पैर पकड़कर गुहार लगा रही हो और तभी आरोपी ने गोली मार दी।

लोयला स्कूल के छात्रों एवं अन्य के बीच हुई चाकू-बाजी की घटना का चौथा आरोपी गिरफ्तार

शहर के चर्चित लोयला स्कूल में छात्र और शिक्षकों के बीच भी अलग-अलग घटनाएं

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकंडा पुलिस ने लोयला स्कूल के छात्रों एवं अन्य के बीच हुई चाकू-बाजी की घटना के चौथा आरोपी नकूल यादव को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपी अभी फरार है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना 29 जनवरी 2025 की है जब श्रीजय कश्यप ने अपने भाई लक्ष्य कश्यप को लोयला स्कूल से लेने गया था। स्कूल के पास गेट पर खड़े होकर वे इंतजार कर रहे थे, तभी कुछ बदमाशों ने उनकी पिटाई शुरू कर दी और बाद में चाकू से हमला कर दिया। आरोपियों ने श्रीयांक कश्यप के पेट में चाकू मारा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट श्रीजय कश्यप ने थाना सरकंडा में दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर आरोपी हर्ष उपाध्याय उर्फ बाबू और समीर साहू को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पूछताछ के दौरान आरोपियों से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया। मामले में आरोपी हर्ष उपाध्याय, समीर साहू, अमित सूर्यवंशी को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था मामले में चौथा आरोपी नकुल यादव को सूचना के आधार पर ऊर्जा पार्क के पास घेराबंदी कर पकड़ा। लोयला स्कूल के कक्षा 9वीं डी में पढ़ने वाले अंश यादव और कक्षा 9वीं एफ में पढ़ने वाले लक्ष्य कश्यप के बीच स्कूल में ही किसी मामले को लेकर लड़ाई हो गया जिस पर अंश यादव ने अपने बाहरी दोस्तों को बुलाकर चाकू-बाजी की घटना को अंजाम दिया था।

दो वर्ष पहले छात्र की पिटाई के मामले में, शिक्षिका पर हुआ था जुर्म दर्ज

करीब दो वर्ष पहले सरकंडा क्षेत्र के लोयला स्कूल में ही संस्कृत की कापी लेकर नहीं आने पर शिक्षिका ने छात्र की पिटाई कर दी थी। छात्र ने इसकी जानकारी परिजन को दी। इस पर परिजन छात्र को लेकर थाने पहुंचे। शिकायत पर शिक्षिका के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली क्षेत्र में रहने वाला रुद्र सिंह लोयला स्कूल में छठवीं कक्षा का छात्र था, जो नया एडमिशन लिया था और स्कूल का दूसरा दिन था। वह केवल एक रजिस्टर लेकर पहुंचा था। शिक्षिका दुर्गा साहू संस्कृत का क्लास लेने के लिए पहुंचीं। वे बच्चों को पढ़ा रही थीं। छात्र रुद्र इसे रफ कापी में नोट कर रहा था। शिक्षिका ने इस संबंध में पूछताछ की। छात्र ने बताया कि वह संस्कृत की कापी लेकर नहीं आया है। इस पर शिक्षिका ने बच्चे की पिटाई कर दी। छात्र ने घर पहुंचकर इसकी जानकारी अपनी मां को दी। वे अपने बेटे को लेकर कोतवाली थाने पहुंचीं, जिस पर कोतवाली थाना प्रभारी प्रदीप आर्य ने आहत को डाक्टरी जांच के लिए भेज दिया। इसके बाद सरकंडा क्षेत्र का मामला होने के कारण परिजन को वहां भेजा गया। सरकंडा थाने में शिक्षिका के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया।

अन्य आरोपी भी पकड़े जाएंगे

एएसपी उदयन बेहार ने कहा कि छात्रों के बीच हुई चाकू-बाजी की घटना होने पर पुलिस ने लोयला स्कूल प्रबंधन को निर्देशित कर कहा गया है कि बच्चों के बीच में अनुशासन बनाए रखे ताकि इस प्रकार की कोई घटना न हो। मामले के अन्य आरोपी भी जल्दी पकड़े जाएंगे।

न्यूज गैलरी

बिजली कटौती से किसानों परेशान, सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। मस्तूरी क्षेत्र में जल संकट गहराता जा रहा है। भूजल स्तर गिरने से हैंडपंप, नलकूप और पोखर सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। लगातार बिजली कटौती से किसान बोरवेल का पानी भी नहीं निकाल पा रहे। इससे रबी फसलें बर्बाद होने की स्थिति में पहुंच गई हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि खिलावन पटेल और अरुना चंद्रप्रकाश सूर्य ने कलेक्टर को पत्र लिखकर खूंटाघाट जलाशय से पानी छोड़ने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जल्द पानी नहीं मिला तो किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिर जाएगा और फसलें नष्ट हो जाएंगी। पिछले कुछ सालों से मस्तूरी क्षेत्र में भूजल स्तर लगातार गिर रहा है। कुएं और बोरवेल सूखने लगे हैं। किसान पूरी तरह जलाशयों पर निर्भर हो गए हैं। सिंचाई विभाग अगर पानी छोड़ता है तो नलकूप और पोखरों में पानी आ जाएगा, जिससे निस्तारी आसान होगी। फसलों को संचाई की सख्त जरूरत, कलेक्टर से मिले वर्तमान में गेहूं, चना और मसूर जैसी रबी फसलें अंतिम वृद्धि चरण में हैं। इस मांग को लेकर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सूर्य, जिला पंचायत प्रतिनिधि खिलावन पटेल, जनपद पंचायत सदस्य भास्कर पटेल, संतोष पनोरे और विजय कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि कलेक्टर से मिले।

मांग के अनुरुप होगी शराब की उपलब्धता

बिलासपुर में आबकारी सचिव ने दिए निर्देश मिलावटी शराब मिली तो होगी कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में अब मांग के अनुरुप शराब उपलब्धता कराई जाएगी। ये फैसला नई आबकारी नीति को लेकर हुई बैठक में लिया गया है। शनिवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 की नई आबकारी नीति को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक में आबकारी सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मदिरा दुकानों में उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप शराब की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। सभी ब्रांड और लेबल का प्रदर्शन उचित तरीके से किया जाए।उन्होंने दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों के समय पर वेतन भुगतान पर भी जोर दिया।वहीं, सचिव ने अवैध और मिलावटी शराब की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई की भी बात कही। 8 जिलों के आबकारी अधिकारी शामिल बैठक में बिलासपुर संभाग के आठ जिलों के आबकारी अधिकारी मौजूद रहे। आयुक्त ने 1 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले नए वित्त वर्ष की तैयारियों की समीक्षा की। इसमें ड्यूटी दरें, शुष्क दिवस और बायोमेट्रिक उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया। मदिरा दुकानों में विक्रय सीमा और संचालन में सावधानियों पर भी चर्चा हुई।

आबकारी आयुक्त ने बैठक की अध्यक्षता की

बता दें कि आबकारी विभाग की सचिव एवं सह आबकारी आयुक्त आर संगीता ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। अपर आयुक्त आबकारी आशीष श्रीवास्तव, बिलासपुर संभाग के उपायुक्त विजय सेन शर्मा और प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी नवनीत तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

20 लीटर महुआ शराब सहित महिला गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश।थाना कोनी के ग्राम घुटकू मे पुलिस ने 20 लीटर अवैध शराब किया जब्त अपराध क्रमांक 147/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट कुल जब्त- 20 लीटर कच्ची महुआ शराब, कीमती 4000 रुपए घर के परछी में छुपा कर रखे गए 50 किलो महुआ लहान को नष्ट किया । रोहणी बाई लोनिया पति स्वर्गीय बालक राम लोनिया उम्र 56 साल निवासी खोली पारा ग्राम घुटकू थाना कोनी चेतना विरुद्ध नशा व प्रहार अभियान के तहत अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह (भा.पु.से.) के निर्देशन मे मुखबिर से सूचना मिली कि खोली पारा ग्राम घुटकू में अवैध रूप से धनार्जन करने के उद्देश्य से भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब निर्माण कर बिक्री कर रहे हैं, मुखबिर से प्राप्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारिओ को अवगत कराते हुए निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक अक्षय साबद्रा के मार्गदर्शन में टीम गठित कर कार्यवाही करते हुये अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले पर रेड कर आरोपिया रोहणी बाई लोनिया पति स्वर्गीय बालक राम लोनिया निवासी खोली पारा ग्राम घुटकू थाना कोनी 20 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 4000 रुपए को विधिवत जप्त कर आरोपियां के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही करते हुये आरोपिया 23.03.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

सीबीआई ने कहा- प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित प्रश्नपत्रों को लीक करना, अपराध से कम नही है

बिलासपुर/नवप्रदेश। सीजीपीएससी फर्जीवाड़े में संलिप्तता के आरोप में जेल में बंद उद्योगपति श्रवण कुमार गोयल ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से बिलासपुर हाई कोर्ट में याचिका दायर कर जमानत की मांग की। सीबीआई ने उद्योगपति व याचिकाकर्ता गोयल की जमानत याचिका का विरोध करते हुए अब तक जांच की फाइल कोर्ट के सामने सौंपते हुए संलिप्तता को स्पष्ट किया है।

सीबीआई के अधिवक्ता ने उद्योगपति गोयल द्वारा बेटे व पुत्रवधु को डिप्टी कलेक्टर बनाने के लिए सीजीपीएससी के तत्कालीन चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी की पत्नी व परिवार के सदस्यों के एनजीओ को करोड़ों रुपये दिए। सीएसआर फंड के जरिए सीजीपीएससी परीक्षा प्रक्रिया को ना केवल प्रभावित किया वरन हजारो प्रतियोगियों के करियर को चौपट करने का काम भी किया है। सीबीआई के विरोध के बाद बिलासपुर हाई कोर्ट ने कुछ इस तरह का फैसला सुनाया है।याचिकाकर्ता उद्योगपति श्रवण गोयल ने अपनी याचिका में कहा कि उनका बेटा शशाांक और बहू भूमिका कटियार प्रतिभाशाली और विधिवत योग्य व्यक्ति हैं और इस तरह उनके लिए पीएससी के कथित लीक हुए प्रश्नपत्रों का अनुचित लाभ उठाने का कोई प्रश्न ही नहीं है। याचिकाकर्ता ने कहा कि वर्तमान मामले में, आरोप-पत्र पहले ही 16/01/2025 को दायर किया जा चुका है और मुकदमे के निष्कर्ष में बहुत समय लगेगा क्योंकि कई गवाह हैं।

जस्टिस बीडी गुरु ने इस टिप्पणी के साथ याचिका को किया खारिज

याचिकाकर्ता और सीबीआई के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता गोयल की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस बीडी गुरु ने अपने फैसले में लिखा है कि मामले के सम्पूर्ण तथ्यों एवं परिस्थितियों पर विचार करने के पश्चात, विशेष रूप से आवेदक के विरूद्ध लगाए गए आरोपों की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए तथा टामन सिंह सोनवारी के भाई अनिल कुमार सोनवानी के बयान पर भी विचार करते हुए, जिसने स्पष्ट रूप से कहा था कि नितेश एवं साहिल सोनवानीके लिए प्रश्नपत्र लीक हुआ था, जो इस गवाह एवं टामन सिंह सोनवानी के भतीजे हैं।

स्ट्राइकर से जुआ खिलाते चार गिरफ्तार किए गए

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्ट्राइकर से जुआ खिलाते गुंडा बदमाश समेत 4 लोगों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। उनके पास से तीन स्ट्राइकर, एक स्कार्पियों व 64 सौ रुपए कैश मिले हैं। कोटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलगहना चौकी स्थित ग्राम भनवारटंक स्थित मरहीमाता मंदिर के पास रतनपुर थाने के गुंडा सूची में शामिल यशवंत सोनी, सरकंडा निवासी जाकर अली पवन श्रीवास और टेगनमाड़ा निवासी अजय पासवान जुआ खेल रहे थे।

लोन दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी, पूर्व जनपद सदस्य और उनकी पत्नी गिरफ्तार

सीपत/नवप्रदेश। सीपत लोन दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले पूर्व जनपद सदस्य प्रमिल दास मानिकपुरी और उसकी पत्नी रंजना मानिकपुरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने ग्रामीणों से नल उत्खनन, नाली निर्माण, सीसी रोड और तालाब निर्माण के लिए बैंक से लोन पास कराया। रकम खुद हड़प ली और फरार हो गए। सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम पोंड़ी निवासी प्रमिल दास और रंजना ने आसपास के गांवों की 400 से ज्यादा महिलाओं को झांसे में लिया। लोन दिलाने के नाम पर उनके दस्तावेज लिए और बैंक से कर्ज पास करवा लिया। बाद में गांव छोड़कर भाग गए। जब बैंक अधिकारी लोन वसूली के लिए पहुंचे, तब महिलाओं को ठगी का एहसास हुआ।बैंक लगातार किस्त चुकाने का दबाव बना रहे हैं।

न चुकाने पर कानूनी कार्रवाई की धमकी दी जा रही है। परेशान महिलाओं ने पहले सीपत थाने में शिकायत की। कार्रवाई न होते देख कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं। सीपत पुलिस के अनुसार, ग्राम पोंड़ी की गायत्री सूर्यवंशी सहित कई महिलाओं को प्रमिल दास और रंजना ने ठगा। सरकारी निर्माण कार्यों के नाम पर बैंकों से 51 लाख 87 हजार रुपए का लोन लिया। रकम खुद के उपयोग में ली और फरार हो गए। थाना प्रभारी गोपाल सतपथी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। साइबर सेल की मदद से दोनों को बिलासपुर के सेंदरी बायपास से गिरफ्तार किया गया। कर लिया। आरोपी। ठगी की रकम से खरीदी गई संपत्ति की गई जब्त पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ठगी की रकम से खरीदी गई संपत्ति जब्त की।इसमें बाइक (2.50 लाख रुपए), कार (7 लाख रुपए), टीवी (50 हजार रुपए), आईफोन (75 हजार रुपए) और अन्य सामान सहित कुल 10.75 लाख रुपए की संपत्ति शामिल है। इसके अलावा 30 एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड की छायाप्रति, मतदाता पहचान पत्र, बैंक पासबुक और लोन संबंधी दस्तावेज भी जब्त किए गए। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर धारा 420, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया और न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

हिंदुओं को प्रार्थना-सभा में बुलाकर बाइबिल बांटी, पैसों का लालच दिया

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में धर्मांतरण को लेकर हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने जमकर बवाल किया। प्रार्थना सभा में बाइबिल बांटी गई। पैसों का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। बवाल के बाद पुलिस ने 7 लोगों को अरेस्ट किया है। मामला मस्तूरी थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 13 दिनों में धर्मांतरण के 3 केस सामने आए हैं। इसमें मस्तूरी, राजेन्द्र नगर और कोनी क्षेत्र में प्रार्थना सभा के बहाने धर्मांतरण कराने का आरोप है। बिलासपुर में कराने पर हिंदू संगठन के लोगों ने जमकर बवाल किया, जिसके बाद पुलिस ने 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में कराने पर हिंदू संगठन के लोगों ने जमकर बवाल किया, जिसके बाद पुलिस ने 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। दरअसल, शुक्रवार शाम को मस्तूरी के लावर भोथीडीह गांव के एक घर में 20-25 लोग मौजूद थे। रवि कुमार केंवट के घर पर ईसाई समुदाय से जुड़े लोग प्रार्थना सभा कर रहे थे। यहां लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था थी। इस आयोजन में हिंदू धर्म के लोगों को बुलाया गया था।इस दौरान हिंदू धर्म के लोगों को बाइबिल देकर मतांतरण के लिए प्रलोभन दिया जा रहा था। साथ ही धर्म बदलने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। इस बात की जानकारी रक्षक दल के जिला प्रमुख पुर्णेंदू कुमार शर्मा और हिंदू संगठन से जुड़े लोगों को मिली।बिलासपुर के राजेंद्र नगर में भी धर्मांतरण का मामला सामने आया था। प्रार्थना सभा का विरोध करते हुए हिंदू संगठनों ने हंगामा मचाया था। बिलासपुर के राजेंद्र नगर में भी धर्मांतरण का मामला सामने आया था। प्रार्थना सभा का विरोध करते हुए हिंदू संगठनों ने हंगामा मचाया था।

बिलासपुर स्टेशन में जरूरतमंद यात्रियों के लिए निशुल्क बैटरी कार सेवा शुरू

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर बुजुर्ग, दिव्यांगजन, गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों के साथ यात्रा करने वाली माताओं के लिए बैटरी कार सेवा शुरू की गई है। यह सेवा पूरी तरह निशुल्क होगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह पहल की है। शुक्रवार 21 मार्च से शुरू हुई इस सेवा का उद्देश्य यात्रियों को स्टेशन के प्रवेश द्वार से पार्किंग तक आरामदायक और सुरक्षित पहुंच देना है। बैटरी कार पर्यावरण अनुकूल और प्रदूषण रहित परिवहन साधन है। इसके संचालन के लिए प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात किए गए हैं, जो यात्रियों की सहायता के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे। बिलासपुर स्टेशन पर कुल 4 बैटरी कार उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें से 2 बैटरी कार गेट नंबर 1 पर और 2 बैटरी कार गेट नंबर 4 पर रहेंगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि बैटरी से चलने वाली ये कारें शून्य कार्बन उत्सर्जन वाली हैं। बिलासपुर मंडल यात्रियों की सुविधा और आराम को प्राथमिकता देता है। यह सेवा जरूरतमंद यात्रियों के लिए बेहद लाभकारी होगी।

आयोजन

पोस्टर प्रेजेंटेशन, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, स्लोगन प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

सीवीआरयू में मनाया विश्व जल दिवस, जल सफाई अभियान की हुई शुरुआत

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में विश्व जल दिवस मनाया गया . विश्वविद्यालय में पोस्टर प्रेजेंटेशन, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, स्लोगन प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया .इस अवसर पर जल सफाई अभियान की शुरुआत भी की गई .एनसीसी, एनएसएस, के कैडेट्स ने जिला प्रशासन के साथ बिलासपुर के अरपा नदी में सफाई अभियान चलाया. इसके साथ विश्वविद्यालय के अमृत सरोवर में भी विद्यार्थियों ने सफाई की. यह आयोजन डिपार्टमेंट ऑफ़ केमिस्ट्री, सेंटर फॉर रिन्यूएबल ग्रीन एनर्जी, डिपार्टमेंट ऑफ़ सोशल साइंस, एनसीसी ,एनएसएस, भारत स्काउट गाइड एवं आइक्यूएसी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि हर व्यक्ति अपना सहयोग दे तो हम जल को प्रदूषित होने से रोक सकते हैं. वैश्विक स्तर पर एक सकारात्मक बड़ा परिणाम आ सकता है . उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी को यह समझने की जरूरत है . इस अवसर पर उन्होंने वैश्विक स्तर पर जल प्रदूषण एवं निदान के बारे में जानकारी विद्यार्थियों से साझा की. इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद तिवारी ने कहा कि हमें जल संरक्षण को अपनी जीवन शैली में शामिल करना होगा. तभी हम समाधान की दिशा में आगे बढ़ पाएंगे. प्रकृति को माता की दृष्टि से देखना होगा. उन्होंने कहा तभी हम मीठा और शुद्ध जल भविष्य के लिए छोड़ पाएंगे. इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय की अकादमिक अधिष्ठाता डॉ जयति चटर्जी ने कहा कि जल अपनी कोई वस्तु नहीं है, यह जीवन निर्माण के लिए आवश्यक तत्व है. इसलिए हमें सीधे तौर पर इसे जीवन से जोड़कर देखना होगा।

स्काउट गाइड ने चलाया अभियान

जल विश्व जल दिवस के अवसर पर सीसी और एनएसएस के विद्यार्थियों ने वृहद जल सफाई अभियान चलाया इस दौरान विश्वविद्यालय की टीम बिलासपुर के अरपा नदी पहुंची जहां उन्होंने जिला प्रशासन एवं नगर निगम के साथ मिलकर अरपा नदी की सफाई की इसके साथ-साथ रानी सागर गांव में तालाब की सफाई भी विद्यार्थियों ने की विद्यार्थी ने विश्वविद्यालय में स्थापित अमृत सरोवर को भी साफ किया।

सुविचार

दुनिया का सबसे अनमोल उपहार एक सच्चा मित्र होता है जो कीमत से नहीं किस्मत से मिलता है। - अज्ञात

राजद के निशाने पर नीतीश

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर राष्ट्रीय जनता दल के निशाने पर आ गये हैं। नीतीश कुमार ने राष्ट्रगान के दौरान ऐसी हरकत कर दी कि उनके खिलाफ राष्ट्रीय जनता दल ने प्रदर्शन शुरू कर दिया है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर राष्ट्रगान का अपमान करने का आरोप लगाते हुए उनसे इस्तीफे की मांग कर दी है। तेजस्वी यादव का आरोप है कि नीतीश कुमार मानसिक और शारीरिक रूप से स्थिर नहीं है। ऐसी अवस्था में उनका मुख्यमंत्री पद पर बने रहना बिहार प्रदेश के लिए गहन चिंता का विषय है। वे बार-बार ऐसी हरकतें कर रहे हैं और ऐसा वक्तव्य दे रहे हैं जिससे बिहार खुद को शर्मिंदा महसूस कर रहा है। बिहार विधान परिषद में विपक्ष की नेता और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने भी नीतीश कुमार पर राष्ट्रगान के अपमान का आरोप लगाते हुए बयान दिया है कि उन्हें फौरान रिटार्यमेन्ट ले लेना चाहिए क्योंकि अब उनका दिमाग काम नहीं कर रहा है। बेशक वे अपनी जगह अपने बेटे निशांत कुमार को मुख्यमंत्री बना दे। लेकिन वे तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे दें। राष्ट्रीय जनता दल के अन्य नेताओं ने तो यह भी मांग की है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाये और बिहार में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाये। राजद नेताओं का कहना है कि इस मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अब तक कोई टिप्पणी क्यों नहीं की है। कुल मिलाकर बिहार में राष्ट्रगान के मामले को लेकर नया बवाल खड़ा हो गया है। गौरतलब है कि इसके पहले भी विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं के प्रति अभद्र टिप्पणी करने के मामले को लेकर भी बवाल खड़ा हुआ था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अब उम्र हो चुकी है ऐसे में वे अक्सर अपने बयानों और हरकतों को लेकर विवादों में घिर जाते हैं। बहरहाल उन्हें राष्ट्रगान के अपमान के मामले में अपनी भूल स्वीकार करके देश से माफी मांग लेनी चाहिए ताकि इस विवाद का पटाक्षेप हो सके। आगे भी उन्हें संयम से काम लेना चाहिए। क्योंकि छह माह बाद ही बिहार विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं और एनडीए ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही विधानसभा चुनाव लड़ा जाएगा। अलबत्ता यह स्पष्ट नहीं है कि एनडीए को बहुमत मिलने की स्थिति में नीतीश कुमार ही फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे या किसी अन्य को मुख्यमंत्री पद का दायित्व सौंपा जाएगा। किन्तु नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए चुनाव समर में उतरेगा यह स्पष्ट है और यदि नीतीश कुमार इसी तरह विवादों में घिरते रहे तो बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को नुकसान उठाना पड़ सकता है। राष्ट्रगान के अपमान का मामला बेहद गंभीर है भले ही नीतीश कुमार से यह सबकुछ अंजाने में हुआ हो लेकिन इससे राष्ट्रीय जनता दल को नीतीश कुमार के खिलाफ एक बड़ा मुद्दा मिल ही गया है जिसे राष्ट्रीय जनता दल आसानी से हाथ से नहीं जाने देगा। इसके पहले की इस मामले को लेकर पानी सिर से उंचा हो एनडीए के प्रमुख घटक दल होने के नाते भाजपा को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए और नीतीश कुमार को समझाइश देनी चाहिए कि वे तत्काल माफी मांग ले। अन्यथा राष्ट्रीय जनता दल सहित अन्य विपक्षी पार्टियों को एनडीए के खिलाफ मोर्चा खोलने का सुनहरा अवसर मिल जाएगा और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को इसका खामियाजा भुगतना पड़ जायेगा।

शिवसेना यूबीटी पर संकट के बादल

महाराष्ट्र में पहले ही टूट का शिकार हो चुके उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना यूबीटी पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। पांच साल पुराना मामला उद्धव ठाकरे के पुत्र आदित्य ठाकरे के लिए मुसीबत का कारण बनने जा रहा है। 8 जून 2020 को चर्चित फिल्म अभिनेता स्वर्गीय सुशांत सिंह राजपूत की मैनेजर रही दिशा सालियान की संदिग्ध मौत हो गई थी उस समय उनकी मौत को लेकर बहुत बड़ा बवाल खड़ा हुआ था किन्तु उनके पिता सतीश सालियान सहित अन्य परिजनों ने चुप्पी साध रखी थी नतीजतन दिशा की संदिग्ध मौत को एक हादसा करार देकर पुलिस ने तफ्तीस बंद कर दी थी। अब इस घटना के पांच साल बाद दिशा के पिता सतीश सालियान ने हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर अपनी बेटी की संदिग्ध मौत के मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। यही नहीं बल्कि उन्होंने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के पुत्र आदित्य ठाकरे से भी पूछताछ किये जाने की गुजारिश की है। सतीश सालियान ने अपनी याचिका में कहा है कि इस घटना के बाद उनपर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाया गया था कि वे इस मामले को खुद्कुशी का मामला मान लें। उस समय महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की सरकार थी जिसने उनके बेटे आदित्य ठाकरे भी मंत्री थे इसलिए वे इस मामले में खामोश रहे। किन्तु अब उन्हें लगता है कि उनकी बेटी ने आत्महत्या नहीं की थी बल्कि उसकी हत्या की गई थी इसलिए इस मामले की सीबीआई जांच कराई जाये ताकि उनकी दिवंगत बेटी दिशा सालियान को न्याय मिले। हाईकोर्ट में याचिका दाखिल होते ही महाराष्ट्र में इस मामले को लेकर सियासी बवाल मच गया है। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नितेश राणे ने कहा है कि वे तो पहले से ही दिशा सालियान की मौत को हत्या का मामला बता रहे थे लेकिन तत्कालीन उद्धव ठाकरे की सरकार ने मामले की जांच के नाम पर लीपापोती करा दी थी। किन्तु अब जबकि उनके पिता ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है तो उन्हें उम्मीद है कि हाईकार्ट एक दुखी पिता की याचिका पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर इस मामले की सीबीआई जांच के आदेश देगा। इधर खुद आदित्य ठाकरे ने इस पर टिप्पणी की है कि यह मुझे बदनाम करने की कोशिश है।

प्रेरक प्रसंग - अपना अपना स्वभाव

एक बार एक भला आदमी नदी किनारे बैठा था। तभी उसने देखा एक बिच्छू पानी में गिर गया है। भले आदमी ने जल्दी से बिच्छू को हाथ में उठा लिया। बिच्छू ने उस भले आदमी को डंक मार दिया। बेचारे भले आदमी का हाथ काँपा और बिच्छू पानी में गिर गया। भले आदमी ने बिच्छू को डूबने से बचाने के लिए दुबारा उठा लिया। बिच्छू ने दुबारा उस भले आदमी को डंक मार दिया। भले आदमी का हाथ दुबारा काँपा और बिच्छू पानी में गिर गया। भले आदमी ने बिच्छू को डूबने से बचाने के लिए एक बार फिर उठा लिया। वहाँ एक लड़का उस आदमी का बार-बार बिच्छू को पानी से निकालना और बार-बार बिच्छू का डंक मारना देख रहा था। उसने आदमी से कहा, आपको यह बिच्छू बार-बार डंक मार रहा है फिर भी आप उसे डूबने से क्यों बचाना चाहते हैं?

भले आदमी ने कहा, बात यह है बेटा कि बिच्छू का स्वभाव है डंक मारना और मेरा स्वभाव है बचाना। जब बिच्छू एक कीड़ा होते हुए भी अपना स्वभाव नहीं छोड़ता तो मैं मनुष्य होकर अपना स्वभाव क्यों छोड़ूँ?

आज का पंचांग

सूर्योदयः 06:25, सूर्यास्तः 06:29, चन्द्रोदयः 26:48, चन्द्रास्तः 11:56, अयन उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः वसंत, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (पिंगल), मास : चैत्र, पक्ष : कृष्ण, तिथि : नवमी, नक्षत्र उत्तराषाढ, योग : परिघ, प्रथम करण : तैतिल (17:36 तक), द्वितीय करण : गर (29:37 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मीन, चंद्र : धनु, मंगल : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (अस्त, पश्चिम , वक्री), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, वक्री), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:59 से 12:48, अमृत काल 23:19 से 24:59, सर्वार्थ सिद्धि योग 28:18 से 30:16, विजय मुहूर्त 14:26 से 15:15, गोधूलि मुहूर्त 18:29 से 18:52, सायाह्न सन्ध्या 18:30 से 19:41, निशिता मुहूर्त 23:59 से 24:46, राहुकाल 07:30 से 09:00, राहुवास उत्तर, यमगण्ड 12:24 से 13:55, दुर्मुहूर्त 16:52 से 17:41, होमाहुति राहु, दिशाशूल पश्चिम, अग्निवास पाताल (29:37 से पृथ्वी), चन्द्र वास पूर्व, शिववास सभा में (29:37 से क्रीड़ा में)

चैतन्य प्रसाद

इस शिखर सम्मेलन के 'थॉट लीडर ट्रैक' में मनोरंजन से संबंधित आज के कुछ सबसे बड़े सवालों पर विचार करने के लिए सीईओ, मीडिया अधिकारी, नीति निर्माता और अग्रणी रचनाकारों अग्रदूतों को एक साथ लाया जाएगा। इन सवालों में शामिल हैं: कहानी कहने की कला का भविष्य कैसा होगा? एआई कैसे कंटेंट सृजन को नया आकार देगा? कौन से नए मुद्रीकरण मॉडल स्ट्रीमिंग युग को परिभाषित करेंगे? हम रचनात्मकता को विनियमन के साथ कैसे संतुलित कर सकते हैं? ये सब केवल इस सम्मेलन में चर्चा की जाने वाली चिंताएं नहीं हैं - ये मनोरंजन के भविष्य को आकार देने वाली वास्तविक बहसें हैं और वेव्स इनके केंद्र में होगी।

वेव्स के रणनीतिक उद्देश्य वैश्विक उद्योग की जरूरतों के साथ पूरी तरह से मेल खाते हैं: ,मनोरंजन के क्षेत्र की प्रगति को बढ़ावा देना, एआई जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों एवं मोहित कर देने वाले अनुभवों के जरिए नवाचार को बढ़ावा देना, युवा प्रतिभाओं को सशक्त बनाना और भारतीय एवं अंतरराष्ट्रीय मीडिया पेशेवरों के बीच सार्थक सांस्कृतिक आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाना।

रचनात्मकता की नई परिकल्पना: भारत का वेव्स शिखर सम्मेलन 2025 किस प्रकार वैश्विक मनोरंजन को नया रूप देगा

प्रामाणिक कहानियों और रचनात्मक मनोरंजन की भूखी दुनिया में, भारत वैश्विक मीडिया परिदृश्य में क्रांति लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) महज मीडिया और मनोरंजन से जुड़ा एक हितधारक भर नहीं है - यह एक ऐसे परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है जो दुनिया भर में रचनाकारों, नीति-निर्माताओं और दर्शकों के कंटेंट के साथ जुड़ने के तौर-तरीके को नए सिरे से परिभाषित करेगा। आगामी 1-4 मई, 2025 को मुंबई में आयोजित होने वाला वेव्स, संभवतः सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा रचनाकारों के इकोसिस्टम के लिए शुरू की गई एक ऐसी बेहद दूरदर्शी पहल के रूप में उभर कर सामने आया है, जो मनोरंजन के वैश्विक मंचों के लिए एक नया स्वर्णिम मानक स्थापित करेगा।

दशकों से भारत कहानी कहने की कला के क्षेत्र में एक महाशक्ति रहा है और अपनी फिल्मों, संगीत एवं डिजिटल कंटेंट के जरिए दुनिया को मंत्रमुग्ध करता रहा है। फिर भी, अपने विशुद्ध रचनात्मक सृजन के बावजूद, इस देश ने शायद ही कभी वैश्विक मनोरंजन उद्योग में भागीदारी की शर्तों को निर्धारित किया है। वेव्स उस कहानी को बदलना चाहता है। इसका नाता सिर्फ भारतीय रचनात्मकता को प्रदर्शित करने भर से नहीं है ड्ड इसका सरोकार मीडिया, मनोरंजन और प्रौद्योगिकी के इर्द-गिर्द होने वाली वैश्विक बातचीत को आकार देने से है। यदि दावोस आर्थिक नीति का केंद्र है और कान्स सिनेमा का मंदिर है, तो वेव्स का उद्देश्य नवाचार के सृजन और प्रमुख हितधारकों के सहयोग - 'कलात्मक प्रतिभा के संगम' - के जरिए मनोरंजन के भविष्य को परिभाषित करना है।

वेव्स का वास्ता सिर्फ बड़े फलक वाली रणनीति से नहीं है ड्ड इसका संबंध रचनाकारों, व्यवसायों और निवेशकों के लिए वास्तविक अवसर उपलब्ध कराने से है। 'भारत पैवेलियन' भारत की कहानी कहने की विरासत का उत्सव मनाएगा। इसमें प्राचीन महाकाव्यों एवं लोककथाओं से लेकर एआई-संचालित कंटेंट और मोहित कर देने वाली डिजिटल कहानी कहने की कला तक के इसके विकास को दर्शाया जाएगा। इसके जरिए भारत द्वारा विश्व को बताया जा रहा है कि: हमारी कहानियां भले ही कालातीत हैं, लेकिन कहानी कहने की हमारी शैली अत्याधुनिक है। वहीं 'वेव्स बाज़ार', जो अपनी तरह का पहला सालोंभर खुला रहने वाला वैश्विक कंटेंट बाजार है, कंटेंट की खरीद, बिक्री और वितरण के तरीके को बदलने के लिए तैयार है। पारंपरिक समारोह-संचालित अधिग्रहण मॉडल से आगे बढ़ते हुए, यह डिजिटल-प्रथम प्लेटफॉर्म निरंतर वैश्विक लेनदेन को संभव बनाएगा। इससे भारत और अन्य देशों के रचनाकारों को हमेशा सक्रिय रहने वाले मुद्रीकरण इकोसिस्टम तक पहुंच हासिल होना यह सुनिश्चित होगा।

हाल ही में ÷ड्यूनः पार्ट टू÷ द्वारा भारत के महत्वपूर्ण वीएफएक्स योगदान के साथ सर्वश्रेष्ठ दृश्य प्रभाव के लिए 2025 का ऑस्कर जीतने जैसी सफलताओं, जो हमारी रचनात्मक क्षमता का उदाहरण है, को वेव्स वैश्विक मंच पर प्रदर्शित और पोषित करना चाहता है। लेकिन उद्योग जगत की सभी चर्चाओं से परे, जो चीज वेव्स को वास्तव में अलग बनाती है वह है इसका व्यापक दृष्टिकोण। यह एक बार का आयोजन नहीं है - यह भारत को मनोरंजन से जुड़े नवाचार के वैश्विक मुख्यालय के रूप में स्थापित करने की एक दीर्घकालिक रणनीति है। जैसे-जैसे वैश्विक मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग का आकार 2030 तक तीन ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का होने की ओर बढ़ रहा है, भारत एक आउटसोर्सिंग केन्द्र के रूप में नहीं बल्कि मनोरंजन के सृजन और उससे जुड़ी नीतिगत व निवेश के मामले में वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी देश के रूप में उभरने की ओर अग्रसर है। इस शिखर सम्मेलन में कंटेंट के सृजन, वित्तपोषण, नीतिगत चर्चा और उभरती प्रौद्योगिकियों के मामले किया जाने वाला समन्वय इसे मनोरंजन के भविष्य का एक लॉन्चपैड बनाता है।

शिखर सम्मेलन की महत्वाकांक्षा प्रतिभा को प्रदर्शित करने से आगे बढ़कर वैश्विक मीडिया संवाद के जरिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने तक फैली हुई है। इस कूटनीतिक पहल का उद्देश्य वास्तव में ऐसा वैश्विक इकोसिस्टम बनाना है जो भारत के नेतृत्व में विभिन्न देशों के रचनाकारों और उद्योग के हितधारकों को जोड़े। वैश्विक मीडिया संवाद ऐतिहासिक 'वेव्स घोषणा 2025' में परिणत होगा ड्ड जो वैश्विक मीडिया एवं मनोरंजन जगत के लिए एक ऐसा दूरदर्शी रोडमैप पेश करेगा जिससे मनोरंजन के एक स्थायी वैश्विक मंच की नींव रखा जाना संभव होगा। यह घोषणा मनोरंजन उद्योग की महत्वपूर्ण प्रवृत्तियों एवं चुनौतियों पर ध्यान देगी और एक ऐसे समावेशी ढांचे का प्रस्ताव करेगी, जो दुनिया भर के रचनाकारों को लाभान्वित करेगी।

वेव्स की सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक है 'वेवएक्सेलरेटर'। यह एक स्टार्टअप इनक्यूबेटर है, जिसे खास तौर पर रचनात्मक उद्यमियों के लिए डिज़ाइन किया गया है। एआई द्वारा सृजित कंटेंट, संवादात्मक मीडिया और वर्चुअल प्रोडक्शन के उदय के साथ, व्यवस्थित मार्गदर्शन (मेंटरशिप), वित्तपोषण (फंडिंग) और बाजार की सुलभता (मार्केट एक्सेस) की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। 'वेवएक्सेलरेटर' यह सुनिश्चित करता है कि भारत न केवल कहानी कहने की अत्याधुनिक कला को बढ़ावा दे बल्कि ऐसे व्यवसाय भी खड़े करे जो अगले दशक के मनोरंजन को परिभाषित करेंगे। बौद्धिक संपदा संरक्षण के साथ निवेश की सुविधा को एकीकृत करके, भारत दुनिया को यह संकेत दे रहा है कि वह एक स्थायी रचनात्मक अर्थव्यवस्था बनाने के प्रति गंभीर है।

वेव्स का एक प्रमुख आकर्षण प्रतिभा खोज और मार्गदर्शन पर इसका ध्यान केन्द्रित करना है। अपने 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज' के जरिए, इस शिखर सम्मेलन ने गेमिंग, कॉमिक्स, एनीमेशन, संगीत, ईस्पोर्ट्स और प्रसारण में 725 शीर्ष-स्तरीय रचनाकारों की पहचान की है। ये चयनित प्रतिभाएं 'क्रिएटोस्फेयर' में भाग लेंगी, जोकि लाइव प्रतियोगिताओं, मास्टरक्लास

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 2008 में आज ही के दिन भूटान लोकतांत्रिक देश बना था। 2007 में 24 मार्च के दिन ही ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन ने विश्व कप का सबसे तेज शतक बनाया था। 2003 में आज ही के दिन से क्षयरोग की रोकथाम के लिए दुनिया भर में विश्व क्षय रोग दिवस मनाने की शुरुआत हुई थी। 1990 में 24 मार्च के दिन ही भारतीय सेना ने श्रीलंका छोड़कर स्वदेश वापसी की थी। 1977 में आज ही के दिन मोरारजी देसाई भारत के चौथे प्रधानमंत्री बने और उन्होंने केंद्र में पहली बार गैर-कांग्रेसी सरकार बनाई थी। 1959 में 24 मार्च के दिन ही इराक ने बगदाद समझौते से खुद को अलग कर लिया था। 1932 में आज ही के दिन अमेरिका में पहली बार चलती ट्रेन से रेडियो प्रसारण किया गया था। 1883 में 24 मार्च के दिन ही शिकागो और न्यूयार्क के बीच पहली बार फोन से बातचीत हुई थी। 1855 में आज ही के दिन ब्रिटिश कैबिनेट मिशन भारत पहुंचा था। 1855 में 24 मार्च के दिन ही कोलकाता से आगरा के बीच पहली बार टेलीग्राफ से लंबी दूरी का संदेश प्रेषित किया गया था।

पाठकों की बात

सत् के साधक

सत् के साधक लुलुवा हो जाय फेर रद्दा ले टरय नहीं कतकों लोभ छल-बल आवय तभो कोनो ल डरय नहीं कोंच-हुदर ले परछो खातिर फेर गुस्सा म बरय नहीं इही चिन्हारी आय वोकर वो बात ककरो ल धरय नहीं - **सुशील भोले**

नफरत जबसे घर

नफरत जबसे घर - घर बाटे बरसत अँखिया झर - झर बाटे के आपन बा , के बेगाना दुनिया के घनचक्कर बाटे सूखत नइखे लोर कबो अब अँखिया आज समंदर बाटे हमके ई पहचान कहाँ बा का शीशा, का पत्थर बाटे प्रेम खड़ा बा दरवाजा पर लोग चुभावत नश्तर बाटे सच्चाई के लाश पड़ल बा दुखदायी अब मंजर बाटे कहाँ - कहाँ हम सुख के खोजीं पीछे दुख के लश्कर बाटे कुछ तऽ गजल कहीं 'ऐनुल' जी दिल के मौसम सुन्दर बाटे - **'ऐनुल' बरौलवी**

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

खास पाती

सुनो ना... कहना चाहती हूँ

सुनो ना... कहना चाहती हूँ तुमसे कि हमारे बीच ये जो बेतकलुफ्फ सा सिलसिला है वो कहीं ना कही हमारे दिल से जुड़ने लगा है.. ना जाने क्यूँ ना चाहते हुए भी एक दूसरे की कमी महसूस होने लगी है..कुछ अजीब सा अरमां हैं जिन्हें लफ़्ज़ों में...बयाँ नही किया जा सकता सुनो ना..मैं चाहती भी नही लफ़्ज़ों का कोई बंधन कई बार देखा है कि जुबाँ तक आते आते अक्सर खो जाते हैं शब्दों के अर्थ इसलिए कहती हूँ कि जरूरी नही किसी रिश्ते को कोई नाम देना सुनो ना...बहुत कुछ कहना चाहती हूँ तुमसे मगर कह नही पाती।। - **'रश्मि' अभय**

अभी तक यही समझती थी मैं कि

अभी तक यही समझती थी मैं कि तुम्हारी जिम्मेदारी हूँ मैं अब जा कर समझ में आया कि तुम्हारा तन, मन, प्राण, आत्मा सभी हूँ मैं... तुमने कभी जताया भी नहीं तुमने कभी बताया भी नहीं पर जब समय आया तो तुमने कर दिखाया और बिन कहे ही बता दिया कि तुम्हारी ऑक्सीजन हूँ मैं....मैंने तो तुम्हे सिर्फ़ अपने हृदय में ही स्थान दिया....पर तुमने तो अपने तन के रोम-रोम में मुझे जगह दी है.... अब तुम नहीं कहोगे लवतो भी चलेगा क्योंकि जान गई हूँ मैं अब इस बात को...मेरे और तुम्हारे रिश्ते में...शब्दों से ज्यादा एहसास मायने रखते हैं तुम पति हो कर भी पूरा मायका हो मेरा - **अलका अग्रवाल**

माननीयो मान जाओ आपका

माननीयो मान जाओ आपका सम्मान है। दूर रखिए आपमें जो व्यर्थ का अभिमान है। है बुरा लघु झोपड़ी में पैठ उसको तोड़ना- हो हिमालय तो रहो स्थिर आपका जो स्थान है।। -**भाऊराव महंत**

ज़िन्दगी अच्छे से गुजारी है, अब

ज़िन्दगी अच्छे से गुजारी है, अब बुढापे में नींद प्यारी है। क्या भरोसा किसी के वादों का, झूठे वादों से दुनिया हारी है। चांद से चांदनी खफ़ा तो है,आंखों पर वस्ल की खुमारी है। तेरी यादों से लड़ना पड़ता है, वरना वो बेरहम शिकारी है। ज़ीस्त के बाद मौत का जादू, दोनों की अपनी अपनी बारी है। मुल्क का झंडा ऊंचा रखने की, यारों हम सबकी ज़िम्मेदारी है। जबसे उसने मुझे बुलाया घर, दर्द हल्का है सांस भारी है। - **संजय दानी**

मत रोक मुझे आज तो रंग जाने दे, उर

मत रोक मुझे आज तो रंग जाने दे, उर प्रीत को आज भंग बन जाने दे, होली के रंग चढ़ जाने दे रसिया। मन में बसा के रंग रसिया, ओढ़ी मैंने सतरंगी चुनरिया, रंगों में चुनरी भीग जाने दे, होली के रंग चढ़ जाने दे रसिया। हर रंग में तू ही दिखे मोहे पिया, आज प्रीत को रंगों में घुल जाने दे, होली के रंग चढ़ जाने दे रसिया।

- **पूनम झा प्रथमा**

मन में कैसे कविता आई, अब

मन में कैसे कविता आई, अब तक जान न पाया भाई। कौन हितैषी लिखवाता है, भाव हृदय में बरसाता है कौन विचार, शब्द है देता, कौन कष्ट, पीड़ा हर लेता किसने मन में लगन लगाई, अब तक जान न पाया भाई। किसने रिश्ता जोड़ लिया है, किसने इतना प्यार दिया है किसने यह अनुराग जगाया, मेरे मन को अति हरषाया किसने कृपा करी सुखदाई, अब तक जान न पाया भाई। उस सत्ता का आभारी हूं, उसको कहता अवतारी हूं। उस उदार को शत-शत वंदन, उसका ही मैं प्यारा नंदन। उसकी कितनी है प्रभुताई, अब तक जान न पाया भाई। - **राजकुमार धर द्विवेदी**

QUIZ TIME

1) हाल ही में दिल्ली पुलिस का 78वां स्थापना दिवस कब मनाया गया?

2) हाल ही में 2025 बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप का खिताब किसने जीता?

3) चेंचू जनजाति मुख्य रूप से किस राज्य में निवास करती हैं?

4) डेड सी, जो समाचारों में देखी गई थी, किन दो देशों के बीच स्थित है?

5) हाली ही में चर्चा में रहे खोन नृत्य का संबंध किस देश से है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 16 फरवरी (2) इंडोनेशिया (3) आंध्रप्रदेश (4) इक्वाडोर और पेरू (5) थाईलैंड

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आपमे धार्मिक भावनाओं का उदय होगा। दैनिक कार्यो से समय निकाल पूजा पाठ धार्मिक यात्रा के लिये उपस्थित रहेंगे।

वृषः आज के दिन भी आपको स्वास्थ्य एवं अन्य घरेलू समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

मिथुनः आज का दिन मिला-जुला फल देगा कभी प्रसन्न तो कभी उत्साहहीनता बनेगी।

कर्क : आज का दिन आप अपने असंतोषी आचरण से खराब करेंगे। परिस्थितियां अधिकांश समय आपके निर्णय के विपरीत रहेंगी।

सिंहः आज के दिन व्यर्थ के कार्यो में समय नष्ट होगा जिससे अपने मूल उद्देश्य से भटक जाएंगे।

कन्याः आज के दिन आपका उद्दंड व्यवहार हस्ते हुए इंसान को रुला देगा। स्वभाव में कठोरता एवं रूखापन आपसी संबंधों को तो खराब करेगा।

तुलाः आज का दिन उठा पटक वाला रहेगा आज आप जिस कार्य से लाभ की उम्मीद लगाए रहेंगे उसे छोड़ कोई अन्य काम लाभ दिलाएगा।

वृश्चिकः आज के दिन अधिकांश समय लापरवाही करेंगे। प्रातः काल यात्रा की योजना बनेगी लेकिन अकस्मात अन्य कार्य आने से निरस्त हो सकती है।

धनुः आज के दिन शुभ प्रसंग बनने से उत्साहित रहेंगे लेकिन आज अपने काम से काम रखें कही सुनी बातो पर ध्यान दिया तो किसी ना किसी से गरमा गरमी अवश्य होगी।

मकरः आज भी परिस्थितिया संध्या तक विषम रहेंगी इसके बाद ही थोड़ी राहत अनुभव करेंगे। दिन का आरंभ बेचैनी भरा रहेगा ।

कुंभः आज के दिन आपको परिश्रम का फल ना मिलने से गुस्सा आएगा। दिन का प्रथम हिस्सा तो शांति से व्यतीत करेंगे।

मीनः आज का दिन संभावनाओं पर केंद्रित रहेगा जो लोग आपसे नजदीकी बनाये हुए है वो आपकी बेतुकी बातो से दूरी बना सकते है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

ऊपर से नीचे

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

1		2	■	3		4	■	5
	■	6			■	7		
8	9		■	10	11		■	
■		■	■	■		■	■	■
12		12ए	■	13		14	■	15
	■	16			■	17		
18	19		■	20	21		■	
■		■	■	■		■	■	■
22			■	23			■	24

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 361 का हल

प	सं	द	■	सिं	हा	स	न	■
ख	■	म	ज	दू	र	■	का	म
वा	द	क	■	र	■	सं	ब	ल
ड़	■	ल	ज्जा	■	म	स्का	■	य
■	बा	■	■	बि	हा	र	■	■
सु	धा	क	र	■	न	■	■	औ
रं	■	म	■	कि	ता	ब	■	स
ग	■	अ	र	सा	■	हु	ज्ज	त
■	श	क्ल	■	न	मि	त	■	न

खबरों के गलियारे से ... कैलाश यादव

पाठक को अब जिम्मेदारी देने से क्या फायदा ...

जब प्रदेश में विधानसभा, लोकसभा चुनाव और नगरीय निकाय के चुनाव संपन्न हो गए आप तब संदीप पाठक की सुध ली। उस समय जिम्मेदारी दिए होते तो संदीप पाठक आप को जानने लायक तो प्रदर्शन कर सकते थे। अब भाजपा की सरकार को डेढ़ साल बने हो चुके है, साढ़े तीन साल तक कोई काम नहीं बचा है, तो आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीय संगठन महासचिव डॉ. संदीप पाठक को छत्तीसगढ़ का प्रभारी नियुक्त किया है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि संदीप पाठक छत्तीसगढ़ से जुड़े जरूर है पर उनकी राजनीतिक पकड़ छत्तीसगढ़ के नेताओं के अनुकूल नहीं है और न ही वो कभी यहां की राजनीति को समझने की जरूरत समझी। उनके गृहनगर में चर्चा है कि केजरीवाल ने बहुत देर कर दी नहीं तो यहां भी डा. संदीप पाठक की तरह एक और भगवंतसिंह मान छत्तसीगढ़ में मिल गया होता। लोगों को समझ नहीं आ रहा है कि केजरीवाल दिल्ली के बाद पंजाब और अब छत्तीसगढ़ में क्या करना चाहते है। यदि पाठक को सीएम प्रोजेक्ट कर रहे है तो उनको छत्तीसगढ़ की राजनीति का प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ के नेताओं से लेना पड़ेगा। सबसे पहले डा. पाठक आप को यहां पर स्टैंड करने में कितना समय लेंगे। यहां तो आप पार्टी का अस्तित्व ही नहीं है। किसी भी चुनाव में भागीदारी नहीं निभा सकी है। ऐसे में क्या केजरीवाल डा. पाठक का दिल्ली निकाल कर रहे है या उनको मजबूती देकर भाजपा में शामिल कराना चाहते है। दिल्ली में आप के कई बड़े नेता येन चुनाव के समय भाजपा में शामिल होकर अपनी राजनीति का लोहा मनवा लिया और केजरीवाल की जगह भाजपावाल हो गए थे।

भाजपा का बिहारी दिवस चुनाव के लिए

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ में बिहार दिवस मनाए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में बिहार के बहुत सारे लोग रहते हैं। बिहार में चुनाव है, इसलिए उन्हें खुश करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम कर रहे हैं। इसका उद्देश्य राजनीति है। पिछले साल क्यों नहीं मनाया, सरकार तो बन गई थी। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि भूपेश बघेल बिलकुल ठीक कह रहे है। चुनाव के समय भाजपा ऐसा स्टैंड लेती है कि वोटर भाजपा-भाजपा रट ने लगाती रहती है। दुर्ग भिलाई के निवासियों का कहना था कि 2017-18 में ठीक चुनाव के पहले भाजपा ने सुआ नृत्य कराकर विश्व रिकार्ड कायम किया था। क्या अब बिहार दिवस मनाकर भूपेश बघेल के बयान पर सच की मुहर लगाना चाहते है। भाजपा में फिर एक नई परिपाटी शुरू हो जाएगी। जिस-जिस राज्य में चुनाव होंगे उस राज्य के स्थापना दिवस छत्तीसगढ़ मनाए जाएंगे। तो छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता हरेली, तीजा-पोरा, मकरछठ कब राज्यस्तर पर मना पाएगी।

आईपीएल के आते ही प्रकट हुए गणपति, गजानंद और रिषु

भगवान की महिमा बड़ा निराली है, हर साल आईपीएल क्रिकेट शुरू होते ही महादेव भोले शंकर सट्टा एप आ जाता है सौरभ का सट्टा अअब नाम बदल कर महादेव के पुत्र पर आश्रित हो गए है। सटोरियों ने पुलिस को चकमा देने गणपति, गजानंद और रिषु जैसे एप आनलाइन लांच कर चकाचक कमाई का जरिया बना लिया है। दुनिया भर के सटोरिए अब गणपति, गजानद, रिषु शरणागत होकर देश को लूटने सोशल मीडिया में किस्मत आजमाने वालों को अपने किस्मत आजमाने का मौका दे रहे है। हर बाल पर पैसा, हर रन पर पैसा देकर मालामाल बनने का झलक दिखाकर कंगाल करने का विश्वव्यापी षडयंत्र कर रहे है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि इस संसार में जिसने जन्म लिया है उसके भरण-पोषण का इंतजाम गणपति, गजानंद, रिषु कही न कही कर ही देते है। भले ही वो कर्म पाप का हो, पर उसे सटोरिए एक झटके में पुण्य में बदल देते है। हाल लगाओ, हाल फायदा का झांसा देकर लोगों को कंगाल बनाते है और पर खुद सौरभ बनने के मार्ग पर चल पड़े है। जो दोश के सात प्रदेश के युवाओं को बर्बादी के कगार पर ले जाने पर आमदा है। जानकरों का कहना है कि तिल्दा नेवरा के सटोरियों और खाईवालों ने राजधानी के सटोरियों को पीछे छोड़ दिया है। तिल्दा नेवरा के रसूखदारों की सट्टे बाजार में तूती बोल रही है। पिछले कुछ सालों से तिल्दा के सटोरियों ने राजधानी के कुछ बड़े खाईवालों को पीछे छोड़कर सट्टा बाजार में अपना वर्चस्व कायम कर लिया है। महादेव सट्टा घोटाले के कई तार तिल्दा नेवरा के सटोरियों और खाईवालों की टीम तैयार हो गई जो पढ़े लिखे युवाओं को गाड़ी, बंगला, शान-ओ-शौकत का लालच देकर तीनों एप की आईडी औप पासवर्ड बेचकर मालामाल हो रहे है।

हम ही सरकार चलाते है, हमारी ही सरकार है...

विधानसभा का बजटसत्र में नोंक-झोंक और तीखे तकरार भले ही दिखे हो पर होली पर पक्ष-विपक्ष ने बता दिया कि हम एक है, हमारी कोई परमानेंट दुश्मनी या दोस्ती नहीं है। सरकार किसी भी पार्टी की रहे पर सरकार तो हमारी ही चलेगी। इस सत्र में पक्ष विपक्ष के पांच बड़े नेता छाए रहे। खबरों को गलियारे में चर्चा है कि पितामह की भूमिका में आसंदी से डा. रमनसिंह ने मोर्चा संभाल कर सत्ता पक्ष के सुरक्षा कवच बने रहे, अपने ही विधायकों से घिरे मंत्रियों को भी सवालों के चक्रव्यूह से बचाकर निकाल लिए। नेता प्रतिपक्ष, डा.चरणदास महंत, राजेश मूणत, अजय चंद्राकर, भूपेश बघेल, उमेश पटेल ने लगता है शिक्षा की शेरनी का दूध पी लिया होगा इस लिए विधानसभा में दहाड़ते रहे। कांग्रेस विधायक व्यास कश्यप ने कहा निजी विश्वविद्यालय डिग्री बेचने का काम करते हैं। निजी विश्वविद्यालय शिक्षा की हत्या है। निजी विश्वविद्यालय खोलने से बेहतर है कॉलेज खोलें। जिससे शिक्षा का बाजारीकरण होने से बच जाए। कोई तो छत्तीसगढ़ के युवाओं के भविष्य पर सोचें, सिर्फ कमाई में मत लगे रहे। नहीं तो आने वाली पीढ़ी माफ नहगीं करेगी।

बीजापुर में सुशासन का सूर्योदय: तिमेनार में पहली बार पहुंची बिजली

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के अति सुदूर गांव तिमेनार में मुख्यमंत्री मजरा-टोला विद्युतीकरण योजना के तहत आजादी के 77 वर्षों बाद पहली बार बिजली पहुंची। यह ऐतिहासिक उपलब्धि माओवादी आतंक के अंधकार : को चीरकर विकास, अमन और शांति के नए सबेरे की ओर कदम बढ़ाने का प्रतीक है।तिमेनार में अब भय की जगह उजाला और आतंक की जगह उम्मीद ने ले ली है। गांव के 53 घरों में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा कर लिया गया है, जिससे पूरे गांव में हर्ष और उल्लास का माहौल है।

बीजापुर जिले के अति सुदूर गांव तिमेनार में मुख्यमंत्री मजरा-टोला विद्युतीकरण योजना के तहत आजादी के 77 वर्षों बाद पहली बार बिजली पहुंची बीजापुर जिले के अति सुदूर गांव तिमेनार में मुख्यमंत्री मजरा-टोला विद्युतीकरण योजना के तहत आजादी के 77 वर्षों बाद पहली बार बिजली पहुंचीग्रामीणों की जुबानी - 'अब डर नहीं लगता, खुशियों का उजियारा छाया है!'

गांव के निवासी मशराम, पंडरु कुंजाम, मंगली और प्रमिला वेको ने बताया कि गांव में पहली बार बिजली पहुंची है, अब रात के अंधेरे से डर नहीं लगता। जंगली जानवरों, सांप-बिच्छू के भय से भी मुक्ति मिली है। बच्चों की पढ़ाई लिखाई आसान हो गई है, और अब हम भी विकास की दौड़ में शामिल हो रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि अब न केवल आतंक और भय का माहौल समाप्त हो रहा है, बल्कि जीवन की गुणवत्ता भी सुधर रही है।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार प्रदेश के हर मजरा-टोला को विद्युतीकरण से जोड़ने और नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास की धारा प्रवाहित करने के लिए संकल्पबद्ध है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जहां कल तक नक्सली आतंक का साया था, वहां आज विकास की किरणें फैल रही हैं। यह परिवर्तन ही असली जीत है । तिमेनार में हुआ विद्युतीकरण बस्तर के दूरस्थ अंचलों में सुशासन और विकास के नए युग की शुरुआत का संकेत है। अब यह क्षेत्र माओवाद के डर से मुक्त होकर समृद्धि और उजाले की ओर अग्रसर हो रहा है।

तिमेनार में विद्युतीकरण के साथ-साथ सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार भी हो रहा है।तिमेनार अब सिर्फ एक गांव नहीं, बल्कि बस्तर के बदलाव की जीवंत मिसाल बन गया है। जहाँ कभी अंधकार और आतंक का बोलबाला था, वहीं अब बिजली की रोशनी, बच्चों की मुस्कान और विकास की रफ्तार है।

विकास की रोशनी से दूर हो रहा भय और असुरक्षा

भैरमगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत बेचापाल के आश्रित गांव तिमेनार के निवासियों ने पीढ़ियों तक बिजली की रोशनी नहीं देखी थी। अब, जब शासन-प्रशासन ने इन दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंच बनाकर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना शुरू किया है, तो ग्रामीणों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का सपना साकार हो रहा है।

छत्तीसगढ़ी व्यंग्य 'उत्ता धुर्रा – उबुक चुबुक' का विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के लब्धप्रतिष्ठ व्यंग्यकार रामेश्वर वैष्णव के नव प्रकाशित व्यंग्य संग्रहों 'उत्ता धुर्रा और उबुक चुबुक' का विमोचन समारोह 25 अप्रेल 2025 को प्रेस क्लब के सभागार में दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे, अध्यक्ष डॉ सुधीर शर्मा, मुख्य वक्ता डॉ देवधर महंत ,विशिष्ट अतिथि रामेश्वर शर्मा,ए. एन. बंजारा, राजेश्वर खरे, वैभव बेमेतरिहा संजय कबीर शर्मा होंगे। उक्त जानकारी कार्यक्रम संचालक विजय मिश्रा 'अमित' ने दी।

आईपीएल में हर रोज लगता हैं करोड़ों का दांव

रायपुर/नवप्रदेश। आईपीएल मैच 22 मार्च से शुरू हो रहा है। करोड़ों का सट्टा खिलाने वाले शहर के बड़े बुकियों के एजेंट्स ने राजधानी के आउटर इलाके में अपना ठीहा जमा लिया है। दरअसल, पुलिस की नजर से बचने के लिए बुकी हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई, गोवा, कोलकाता में अड्डा जमाकर बैठे हुए हैं।

बड़े बुकी शहर से बाहर रहते हुए अपने एजेंट्स (पंटर) के जरिए सैकड़ों को लाइन देकर लाखों का सट्टा खिला रहे हैं। ये एजेंट रायपुर शहर को छोड़कर आस-पास के आउटर इलाके में सट्टे चला रहे हैं। विधानसभा, तिल्दा, नवा रायपुर, खरोरा, अभनपुर समेत आस-पास के फार्म हाउस, कॉलोनियों में आईपीएल में बेटिंग की सटोरियों ने तैयारी कर ली है।

हाईटेक मशीन से खेल

सटोरियों ने हाईटेक जमाने में खुद को भी हाईटेक कर लिया है। अब फोन पर कॉल या मैसेज के बजाय ज्यादातर बुकिंग वाट्सएप या अन्य इंटरनेट मीडिया साइट्स से ले रहे हैं। सट्टा खिलाने के लिए हाईटेक मशीनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे सीधे-सीधे बुकिंग हो जाती है। दांव जीतने पर पेमेंट की जानकारी भी इसी तरह से दी जा रही है। ऑनलाइन पेमेंट भी आसानी से कर सकते हैं।

हर बाल, हर रन पर रेट तय

शहर में रहने वाले सटोरिए सट्टा लगाने वाले की जानकारी मुंबई, दिल्ली, कोलकाता जैसे बड़े-बड़े शहरों में बैठे अपने सरगना को दे रहे हैं। इनकी इच्छा के अनुसार, मैच की हर बाल, ओवर और रन का रेट निर्धारित कर कारोबार किया रहा है।

पुलिस की सट्टेबाजों पर रहती है कड़ी नजर: शहर में हर साल आईपीएल शुरू होते ही सट्टा बाजार गर्म हो जाता है। मगर, पुलिस भी इस खेल पर शिकंजा कसने में कोई कसर नहीं छोड़ती है। पूर्व में रायपुर पुलिस सट्टेबाजी के इस खेल के कई मामलों का भंडाफोड़ करते हुए कईयों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज चुकी है। इस बार भी पुलिस सट्टेबाजी का खेल रोकने को लेकर सतर्क है।

सटोरियों की तैयारी

शहर के बाहर अलग-अलग फॉर्म हाउस में ठिकाना।
पुराने सभी नंबर बंद कर दिए गए हैं।
होटल में दूसरे के नाम से रूम बुक किए गए हैं।
बड़े बुकी पहले ही शहर छोड़कर बाहर चले गए हैं।
दुबई के नंबर का इस्तेमाल किया जा रहा है।

खाईवालों की कुंडली तैयार

एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट ने सटोरियों की कुंडली तैयार कर ली है। पिछ्ले साल पकड़े गए खाईवालों की पड़ताल शुरू कर दी गई है। वहीं, देखा जा रहा है कि वे अभी हैं कहां। उनके बारे में तलाश की जा रही। लगभग एक हजार खाईवालों की कुंडली तैयार की गई है। सटोरियों को पकड़े के लिए तैयारी शुरू कर दी है। पुराने सटोरियों की पतासाजी की जा रही है। सूचना मिलने पर गिरफ्तार किया जाएगा। - संदीप मित्तल, एडिशनल एसपी, क्राइम, रायपुर

नकबजनी के 5 प्रकरणों में 3 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। थाना खमतराई क्षेत्र में लगातार सेंधमारी की घटनाओं को अंजाम देने वाले 03 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये आरोपी विभिन्न स्थानों पर चोरी कर कबाड़ी को बेचने का काम कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किए गए माल कीमती 20,000 रुपये का सामान बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए आरोपियों में मनीष उपराड़े 30 वर्ष निवासी रामेश्वर नगर खमतराई, बबलू गाड़ा 45 वर्ष निवासी बिलासपुर व शिवफुल यादव 30 वर्ष निवासी उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 14 नवम्बर 2024 को गोंदवारा रायपुर के एक निर्माण स्थल से लोहे का प्लेट, सरिया, एंगल और गाटर चोरी कर 20,000 रुपये की कीमत का सामान बेचा। फिर 29 जनवरी 2025 को बंसत विहार कॉलोनी से निर्माणधीन मकान से कापर पाइप और इलेक्ट्रॉनिक केनल चोरी की गई, जिसकी कीमत 15,000 रुपये बताई गई। 17 फरवरी 2025 को दुर्गा ट्रांसपोर्ट गोदाम से नट बोल्ट और पीतल की स्टर्ड राड चोरी कर 10,000 रुपये का सामान चुराया गया।

22 फरवरी 2025 को पेंट इंडस्ट्रीज उरकुरा से एल्युमिनियम के गोल्ड होल्डर और प्लेट चोरी की गई, जिसका मूल्य लगभग 40,000 रुपये था। 8 मार्च 2025 कसे सराक ब्रदर्स गोदाम से एल्युमिनियम स्टीक, कॉपर रॉड और अन्य सामान चोरी किया गया, जिसकी कीमत 40,000 रुपये बताई गई। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है और मामले की गहन जांच जारी है।

सीजीएमएससी घोटाले की जांच सीबीआई से कराया जाये : डॉ. राकेश गुप्ता

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि लगातार मीडिया में खबरें बनने के बाद दबाव में राज्य की भाजपा सरकार ने रिएजेंट और दवा सप्लाई घोटाले की जांच की घोषणा की थी। इस मामले की लीपापोती करने ईओडब्ल्यू से जांच कराई जा रही जबकि यह केंद्रीय पैसे में घोटाला है, अतः इसकी जांच सीबीआई से होनी चाहिए। इस घोटाले में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी शामिल है। उन्होंने चलती जांच के बीच सप्लाई करने वाली कंपनी को भुगतान करवा दिया। इससे साफ है कि घोटाले में मंत्री की सहभागिता थी।

कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि रीएजेंट की कृत्रिम मांग में स्वास्थ्य विभाग के तीनों अंग आपस में जुड़े हुए हैं। अफ़सर तो दोषी थे ही, अब राज्य के मंत्री की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। ऐसे में यह उम्मीद कैसे की जा सकती है कि राज्य की कोई एजेंसी अपने ही सरकार के किसी मंत्री की भूमिका की जांच करेगी? वैसे भी रिएजेंट के पैसे आए थे केंद्र सरकार से। कांग्रेस पार्टी को लगता है कि राज्य सरकार, खासकर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इस जांच में लीपापोती करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारी मांग है कि सैकड़ों करोड़ रुपए के इस घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपी जाए।

स्वास्थ्य मंत्री तत्काल इस्तीफा दें अन्यथा उनको बर्खास्त किया जाये

कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि और जब तक जांच पूरी नहीं होती, स्वास्थ्य मंत्री इस्तीफा दें। इस्तीफा नहीं देते है तो मुख्यमंत्री द्वारा स्वास्थ्य मंत्री को पद से हटा देना चाहिए। पूरे घोटाले दौरान जो अधिकारी विभाग में पोस्टेड थे उन्हें निलंबित कर जांच होनी चाहिए क्योंकि उनकी उपस्थिति में जांच प्रभावित हो सकती है।

अलग–अलग क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन पार

रायपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में रामकुंड आजाद चौक निवासी दीपक पुरोहित 39 वर्ष ने कोतवाली थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 ए 2833 को सुभाष स्टेडियम मैदान के बाहर खड़ी किया था। तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में चौबे कालोनी नाथ एवेयू निवासी ओजस साहू 19 वर्ष ने सरस्वतीनगर थाना में शिकायत की, कि वह अपनी सुजूकी एक्सेस क्रमांक सीजी 04 एनडी 1099 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए सुजूकी एक्सेस की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं तीसरे मामले में भाठागांव पुरानी बस्ती निवासी देवनाथ सोनकर 41 वर्ष ने पुरानी बस्ती थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनबी 3102 को भाठागांव खुड़मुड़ा सर्विस रोड के सामने खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। तीनों ही मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने कार्यालय से 79 हजार से अधिक रकम पार

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम पचेड़ा स्थित प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के सूने कार्यालय का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 79,859 पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हीराचंद गिलहरे 36 वर्ष ग्राम चटौद का रहने वाला है। प्रार्थी ने विधानसभा थाना में शिकायत किया कि ग्राम पचेड़ा स्थित प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के सूने कार्यालय का ताला तोड़कर अज्ञात चोर आलमारी में रखे नकदी 79,859 रुपए पार कर दिया।

व्यापारी संगठन — प्रदेश के समस्त जिलों में जिला उपाध्यक्ष एवं जिला मंत्री के पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया जारी

चेंबर अध्यक्ष के दो एवं महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष के एक-एक नामांकन सही

■ छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रिवर्षीय प्रांतीय चुनाव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज त्रिवर्षीय प्रांतीय चुनाव हेतु चेंबर चुनाव समिति ने आज निर्वाचन हेतु पात्रता रखने वाले एवं जिनके फार्म सही पाए गए ऐसे उम्मीदवारों की सूची आज शाम 5:00 बजे जारी कर दी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव हेतु प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष के लिए निर्वाचन प्रक्रिया जारी है। साथ ही प्रदेश के समस्त जिलों में जिला उपाध्यक्ष एवं जिला मंत्री के पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया जारी है। उपरोक्त सभी पदों के लिए नामांकन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 20 मार्च थी। 20 मार्च तक प्रदेश अध्यक्ष के लिए 2 नामांकन, प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष के लिए एक-एक नामांकन भरा गया था।जिलों में उपाध्यक्ष पद के लिए 36 नामांकन एवं मंत्री पद के लिए 35 नामांकन भरे गए थे।चेंबर चुनाव समिति ने नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि के बाद समस्त नामांकन पत्रों की जांच की। स्कुटनी के बाद आज चैंबर निर्वाचन समिति ने निर्वाचन हेतु पात्र उम्मीदवारों की सूची जारी की।

नामांकन के बाद पात्र उम्मीदवारों की अंतिम सूची में प्रदेश अध्यक्ष के लिए 2 उम्मीदवार, प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष के लिए 1-1 उम्मीदवारों के नामांकन सही पाए गए। जिलों में सही पाए गए नामांकन की स्थिति इस प्रकार हैःङ्क रायपुर जिला- 8 उपाध्यक्ष, 8 मंत्री, बालोद जिला- 2 उपाध्यक्ष, 2 मंत्री, सरगुजा जिला- 2 उपाध्यक्ष, 1 मंत्री, कोरबा जिला- 1 उपाध्यक्ष, जांजगीर जिले में 2 उपाध्यक्ष, 1 मंत्री, महासमुंद जिले में 2 उपाध्यक्ष, 1 मंत्री, मुंगेली जिले में 2 उपाध्यक्ष एवं 2 मंत्री, राजनांदगांव जिले में 1 उपाध्यक्ष एवं 3 मंत्री । इसके आलावा अन्य सभी जिलों में 1 उपाध्यक्ष एवं 1 मंत्री के नामांकन सही पाए गए। साथ ही तीन जिले गौरेलाङ्क पेंड्राङ्क मारवाही, जशपुर एवं कबीरधाम जिले से उपाध्यक्ष एवं मंत्री पद के लिए एक भी नामांकन प्राप्त नहीं हुआ। जांजगीर-चाम्पा एवं कोरबा जिले से मंत्री पद के नामांकन त्रुटिपूर्ण होने के कारण निरस्त हुए।

आईटीएफ जूनियर जे–30 इंटरनेशनल जूनियर रैंकिंग

रायपुर/नवप्रदेश। इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन एवं ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वाधान मे छ्ग प्रदेश टेनिस संघ द्वारा आईटीएफ जूनियर जे-30 इंटरनेशनल जूनियर रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन न्यू इंटरनेशनल टेनिस स्टेडियम कृषक नगर जोरा में किया जाएगा।टूर्नामेंट को लेकर छत्तीसगढ़ टेनिस संघ के महासचिव एवं टूर्नामेंट डायरेक्टर गुरुचरण सिंह होरा ने बताया कि टूर्नामेंट के क्वालीफायिंग राउंड के साइन इन आज सम्पन्न हुए, क्वालीफायिंग ड्रा के मेचेस शनिवार प्रातः 10 बजे से खेले जाएंगे। वही मेन ड्रा के साइन इन रविवार को एवं मेचेस सोमवार से प्रारम्भ होंगे।

■ न्यूज गैलरी

घर में आकाशीय बिजली गिरने से युवक मौत

कोंडागांव। जिले के बड़े राजपुर विकास खंड के पटेल पारा में शुक्रवार की शाम को मकान में आकाशीय बिजली गिरने से 28 वर्षीय युवक आनंद कुमार नेवरा पिता रमेश नेवरा की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कल शुक्रवार की शाम बड़े राजपुर क्षेत्र में आंधी तूफान के साथ तेज बारिश हो रही थी इस दौरान आनंद कुमार अपने घर की किचन की टूटी छत को ठीक कर रहा था। उसी दौरान एक धमाके के साथ उनके घर के ऊपर आकाशीय बिजली गिरी। इस घटना में आनंद कुमार आकाशीय बिजली के चपेट में आ गया। बताया जा रहा है आनंद कुमार के पैर और शरीर के अन्य हिस्से आकाशीय बिजली से बुरी तरह झुलस गया था जिसके चलते वह जमीन पर बेहोश हो गया। इस घटना के तुरंत बाद परिजनों ने उन्हें बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों द्वारा उनकी मौत होने की पुष्टि की गई। शनिवार दोपहर 12:00 बजे मृतक के शव का जिला अस्पताल के शवघर में पुलिस की उपस्थिति में पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों से मिली जानकारी अनुसार युवक आनंद कुमार नेवरा का 8 महीने पहले ही शादी हुई थी, वहीं अब इस प्राकृतिक आपदा से उनकी मौत होने पर परिवार में ग़म का पहाड़ टूट पड़ा है।

पीले चावल देकर राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान में आने का न्योता

कोंडागांव/ नवप्रदेश।, बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान आकलन परीक्षा आज 23 मार्च 2025 को आयोजित किया जा रहा है। इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जिले के टीम ने शिक्षार्थियों को आकर्षक पाउच में पीले चावल, शिक्षार्थी पर्ची व पम्पलेट देकर अधिक से अधिक लोगों को महापरीक्षा अभियान में आने का न्योता दिया गया।उल्लेखनीय है कि कोंडागांव जिले में भी राष्ट्रव्यापी महा परीक्षा के आयोजन की पूर्ण तैयारी कर ली गई है। इसमें 200 घंटे के अध्यापन कार्य एवं सात अध्याय पूर्ण करने वाले असाक्षरों को आकलन हेतु शामिल किया गया है। इसके लिए जिले में 362 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां आज 23 मार्च 2025 रविवार को प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक परीक्षा आयोजित की गई है तथा मूल्यांकन भी केंद्र में ही होगा। इस हेतु सुविधाजनक रूप से उनके कार्य स्थल में जा कर निमंत्रण दिया गया है। इस तरह निमंत्रण मिलने पर सभी असाक्षरों में काफी उल्लास दिखाई दिया।

बुधराम नेताम बने कोंडागांव कांग्रेस के नए जिलाध्यक्ष

कोंडागांव । छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया है

कुछ महीने पहले प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी हुई थी तभी से जिलाध्यक्ष बदले जाने की अटकले तेज हुई थी परन्तु संगठनात्मक कई कारणों से दीपक बैज को अपने कार्यकाल के डेढ़ साल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के कार्यकाल के पदाधिकारियों के साथ काम करना पड़ा वहीं अब जाकर डेढ़ सालों से लगाए जा रहे अटकलों पर विराम लगा है जिसमे प्रदेश के 11जिलों के जिलाध्यक्षो की नियुक्ति हुई है। वैसे अभी इस सूची के बाद पूर्व हुए जिलाध्यक्षो की बात करें तो वे भी लगभग 5 साल पूरा कर चुके हैं यानि संगठन का एक कार्यकाल 3 वर्षो के लिए होता है पर यहाँ लम्बे समय से फेरबदल नहीं होने से दूसरी पारी भी बराबर चलाते रहे हैं बुधराम नेताम जिले मे कांग्रेस के कद्दावर नेताओं मे गिने जाते हैं धरातल से जुड़े नेता हैं राजनीती मे लम्बा अनुभव है 1994 से 2020 तक लगातार 25 वर्षो तक सरपंच बनते आये हैं और अभी वर्तमान में भी संबलपुर के सरपंच निर्वाचित हुए हैं क्षेत्र मे लोगों के बिच नेताम जी की पहचान संबलपुर सरपंच के रूप मे ही होती आई है।

सिविक एक्शन प्रोग्राम से जवानों और ग्रामीणों में परस्पर विश्वास बढ़ा

कोंडागांव/ नवप्रदेश। स्थानीय लोगों के जीवन को बेहतर बनाने व ग्रामीणों और जवानों के बीच परस्पर विश्वास एवं बन्धुत्व की भावना को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से 188 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा केशकाल, जिला कोण्डागांव में 21 मार्च 2025 को अपने परिचालनिक क्षेत्र के अंतर्गत सुदुरवर्ती नक्सल ग्रस्त क्षेत्र ग्राम जामगॉव, केशकाल के ग्रामीण क्षेत्र में राकेश कुमार अग्रवाल ममहानिरीक्षक सीआरपीएफ छग सेक्टर के निर्देशन एवं हरजिंदर सिंह, उपमहानिरीक्षक सीआरपीएफ रेंज जगदलपुर के मार्गदर्शन तथा श्री भवेश चौधरी कमाण्डेंट-188 बटालियन सीआरपीएफ के नेतृत्व में नितीन्द्र नाथ द्वितीय कमान

अधिकारी, निरी./जीडी नरेन्द्र कुमार समवाय अधिकारी, ए/188 समवाय के अधीनस्थ अधिकारी, जवानों एवं सरपंच मयाराम मंडावी, उप सरपंच धर्मेन्द्र गोरै, सचिव श्रीमती कुमारी बाई व ग्रामिणों की उपस्थिति में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत छात्र-छात्राओं को स्कुल बैग, लेखन सामग्री, ग्रामीणो को विभिन्न वस्तुएं जैसे- साड़ी, चप्पल, कम्बल, लूंगी, तावेल, बर्तन, खेती उपयोगी सामग्री जैसे-गैती, फावड़ा एवं स्कुल के छात्रावास को सोलर लालटेन एवं पानी की टंकी, आदि तथा युवाओं को खेल-कूद सामग्री (क्रिकेट किट, वॉलीबॉल, वॉलीबॉल नेट तथा फुटबॉल) एवं ग्राम पंचायत भवन जामगॉव में ग्रामीणों के लिए एल.ई.डी. टी0वी0-32 इंच इत्यादि 360 ग्रामीणों में वितरण किया सामानों का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री भवेश चौधरी कमाण्डेंट-188 बटालियन सीआरपीएफ ने छात्र-छात्राओं, महिलाओ, युवाओं एवं ग्रामवासियों को सरकार की विभिन्न जनकल्याण की योजनाओं से अवगत कराया गया साथ ही सभी ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने एवं गॉव को स्वच्छ रखने की सलाह दी गयी। साथ ही साथ गॉव के युवाओं को बल में भर्ती होने हेतु भर्ती प्रक्रिया के सम्बन्ध में प्रेरित किया और राष्ट्र निर्माण में अध्ययन की उपयोगिता पर जोर दिया । इस दौरान प्राथमिक शाला जामगॉव, प्री-मेट्रिक बालिका छात्रावास केशकाल, जामगॉव सरपंच व ग्रामीण जन के सहित छात्र छात्राये उपस्थित थे।

आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की समस्त योजनाओं का मिले लाभ : विजय शर्मा

पुनर्वास केन्द्र बीजापुर में आत्मसमर्पित नक्सलियों से उप मुख्यमंत्री ने किया संवाद

बीजापुर/ नवप्रदेश।। बीजापुर जिले के सबसे सुदूर क्षेत्र तेलंगाना के सीमा से लगे पामेड़ सहित पालागुड़ा, मारूड़बाका, भैरमगढ़ के 28 आत्मसमर्पित नक्सलियों को कौशल विकास के तहत राजमिस्त्री एवं अन्य प्रशिक्षण प्रदाय कराया जा रहा है। विगत तीन माह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आत्मसमर्पित नक्सलियों ने उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा का स्वागत भारत माता की जय घोष करते हुए किया।

इस अवसर पर आत्मसमर्पित नक्सलियों ने उपमुख्यमंत्री से सीधा संवाद करते हुए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की जिसमें रामलू भंडारी, अर्जुन मड़काम, सोमारू माड़वी, सुखराम हेमला सहित अन्य साथियों ने छत्तीसगढ़ सरकार के पुनर्वास नीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि पहले के नक्सल संगठन का जीवन एक भटका हुआ और गुमराह से भरा जीवन था। उस खोखली विचारधारा को त्याग कर समाज के मुख्यधारा से जुड़कर बहुत ही बेहतर जीवन मिला लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की जानकारी के अभाव में हम रास्ता भटक गए थे किन्तु शासन के पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण कर एक बेहतर जीवन जी रहे हैं। आज शासन-प्रशासन द्वारा हमें कौशल विकास के तहत प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिससे हम आत्मनिर्भर बनकर समाज के मुख्यधारा में शामिल हो सके।

उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने उनके अनुभवों को गंभीरतापूर्वक सुना और आाधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता सहित सभी प्रकार आवश्यक दस्तावेज पुनर्वास केन्द्र में ही बनवाकर केन्द्र और राज्य शासन के समस्त योजनाओं का समुचित लाभ दिलाने। वहीं पुनर्वास केन्द्र में उनके दैनिक दिनचर्या से अवगत होकर प्रार्थना, पूजा-अर्चना को शामिल कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने आवश्यक पहल करने, एक्सपोजर विजिट कराकर बाहरी दुनिया का भ्रमण कराने रायपुर, जगदलपुर जैसे शहर ले जाने के निर्देश दिए। ज्यादातर लोग पढ़ाई नहीं किए है उनको साक्षर बनाने के लिए आवश्यक पहल करते हुए दिनचर्या में शामिल कर खेलकूद, मनोरंजन, देशभक्ति फिल्में दिखाने सहित उनको नियमित आमदनी के स्त्रोत हासिल हो सके उस दिशा विशेष प्रयास करने के निर्देश कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत को दिए। राज मिस्त्री के कार्य सीखने पर कुछ लोगों ने उत्साहित होकर कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत सिविल कार्य करेंगे ताकि व्यवसाय एवं आमदनी का स्त्रोत मिल सके।उप मुख्यमंत्री से मिलकर सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों में उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर बस्तर कमिश्नर श्री डोमन सिंह, आईजी पी सुंदरराज, डीआईजी श्री कमलोचन कश्यप, कलेक्टर श्री संबित मिश्रा, डीएफओ श्री रंगानाथा रामाकृष्णा वाय, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, उप निदेशक इन्द्रावती टाईगर रिजर्व श्री संदीप बल्गा सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

बच्चों ने विश्व जल दिवस पर पोस्टर बनाकर दिया पानी बचाने का संदेश

कोंडागांव/ नवप्रदेश। जिला अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में शनिवार 22 मार्च विश्व जल दिवस पर बच्चों को जीवन मे जल के महत्व एवं स्वास्थ्य, कृषि, जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जल है तो कल है जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को जल संरक्षण के महत्व सहित

जल स्त्रोतों की रक्षा ,मानव व जीव जंतुओं हेतु स्वच्छ पेय जल की महत्ता से परिचित कराया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी भावनाओं को जल संरक्षण का सन्देश देते पोस्टर बनाकर व्यक्त किया। इस दौरान शिक्षिका मधु तिवारी ने विश्व एवं भारत में बढ़ रहै जल संकट एवं भूमिगत जल को बचाने के लिए बच्चों को संकल्प दिलाया विश्व के अधिकांश भाग में जल होने के बावजूद पीने योग्य स्वच्छ पानी केवल 3त्न है वृक्षों की अंधाधुंध कटाई ग्लोबल वार्मिंग पर्यावरण प्रदूषण के कारण विश्व में जल संकट बढ़ता जा रहा है उन्होंने बच्चों को अपने घर एवं बाड़ी में पौधा रोपण हेतु प्रेरित किया विशेष कर गर्मियों में नल की की टोटियों को बंद रखने, पानी बचाने हेतु प्रेरित किया साथ ही गर्मी में गंदे पानी से होने वाली पेचिस ,आंत्रशोध, से बचने स्वच्छ पानी के उपयोग हेतु जागरूक किया

आतंक से मुक्त पंचायत को एक करोड़ की निर्माण कार्य की तत्काल स्वीकृति मिलेगी : उपमुख्यमंत्री

बस्तर की संस्कृति पूरी दुनिया में सबसे महान संस्कृति है

देशद्रोह को कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

बीजापुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री श्री विजय शर्मा बस्तर पंडुम के जिला स्तरीय आयोजन के मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि बस्तर की संस्कृति पूरी दुनिया में सबसे महान है जिसे संजोए रखने संरक्षित एवं संवर्धित करने का ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के पहल से पूरे देश -दुनिया में बस्तर की संस्कृति को अलग पहचान मिल रही है। बस्तर पण्डुम का ब्लॉक एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता के बाद 01 अप्रैल से 03 अप्रैल तक संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन दंतेवाड़ा में होगा जिससे प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित केन्द्रीय मंत्रीगण एवं देश-विदेश के लोग हमारी सभ्यता, संस्कृति और पारंपरिक विधाओं को देखने आएंगे ऐतिहासिक और भव्य आयोजन होगा जिसमें बीजापुर के समस्त जनता को आमंत्रित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की।

वहीं बीजापुर जैसे खूबसूरत और प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण जिले में लाल आतंक को जड़ से मिटाने अमन चैन और शांति का वातावरण निर्मित करने के लिए कहा कि समूचे बस्तर को लाल आतंक से मुक्त होना चाहिए इस लाल आतंक ने किसी को कुछ नहीं दिया, अभी हर जिले के हर पंचायत से युवाओं को रायपुर घुमाने ले जाया गया। हर एक पंचायत के युवाओं से खड़े होकर बात करता हूं। मुझे आश्चर्य होता है और दुख है इस बात का कि बीजापुर के अंदरूनी क्षेत्र के बच्चे 25 वर्ष के हो गए हैं लेकिन कभी टीव्ही नहीं देखे हैं कोई जगदलपुर नहीं पहुंचा है कोई रायपुर नहीं पहुंचा है स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी, सड़क, बिजली, मोबाईल टावर यह बुनियादि चीजें है इसे गांव-गांव तक पहुंचाना चाहिए कोई इसे क्यो रोक कर रखेगा। नक्सली जिनके खुद के बच्चे विदेश में पढ़ते हैं गांव में छोटा सा स्कूल नहीं बनाने देते जिसके गांव के बच्चे पढ़ सके। सारे गांव के उन्नति और विकास को रोक कर रखा है।

कोंडागांव क्षेत्र में आंधी तूफान के साथ मूसलाधार बारिश होने से मौसम हुआ शुष्क

कोंडागांव/ नवप्रदेश।जिला मुख्यालय में शुक्रवार रात व शनिवार शाम को अचानक मौसम का मिजाज बदल कर आंधी तूफान के साथ घंटो तेज बारिश हुई ।आंधी तूफान के साथ बारिश होने से कई पेड़ गिर गए तो वंही कई बिजली के खम्बे भी प्रभावित होने से घंटो लाइट प्रभावित रहा है। शुक्रवार रात की तेज आंधी तूफान और मूसलाधार बारिश के बाद शहर के कई कई वार्डो नालियां कचरे से पट कर जाम हो गया, जिससे लोंगो के घरों में पानी में घुसने लगा ।नालियों के जाम होने से कचरा सड़क में फैल गया जिसे रह वासीयो आने जाने में परेशानी उठानी पड़ी ।नाली जाम व कचरा होने के सूचना नगर पालिका को बारिश के बाद शनिवार को देने पर सफाई कर्मी सफाई करते दिखे । एक घंटे के बारिश से नालियों के भराव से नगर पालिका के सफाई व्यस्था पर सवाल खड़े हो रहे है ,नगर पालिका द्वारा दावा किया जाता है कि कचरा के लिए शहर

कार्यालय नगर पंचायत कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

emailid cmokota@rediffmail.com

क्रमांक/1726/निविदा/न.पं./2024-25 कोटा, दिनांक 20.03.2025

// मैन्युअल पद्धति निविदा सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से (PWD Road SOR, PWD Building SOR, PHED SOR) पर नगर पंचायत कोटा में निम्नलिखित अधोसंरचना 14वें वित्त 15वें वित्त, राज्य प्रवर्तित, मरम्मत संधारण, सांसद, विधायक, अध्यक्ष, पार्षद एवं निकाय मद अंतर्गत निर्माण कार्य एवं सामग्री क्रय हेतु निविदा प्रपत्र A एवं B के द्वारा स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक से 03 लिफाफा पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि — 11.04.2025 शाम 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदान करने की तिथि — 15.04.2025 शाम 5.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय — 22.04.2025 शाम 3.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि एवं समय — 22.04.2025 शाम 4.00 बजे से

क्र.	कार्य का नाम	मद का नाम	अनुमानित लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि/निविदा प्रपत्र का मूल्य
1.	वार्ड क्र. 02, 03, 04 एवं 12 में पाईप लाईन विस्तार कार्य।	15वें वित्त	6.00	4500/750
2.	वार्ड क्र. 02. 03. 04 एवं 06 में आर.सी.सी. रोड क्रॉसिंग एवं नाली निर्माण कार्य।	15वें वित्त	6.81	5500/750
3.	वार्ड क्र. 07 श्रीवास जी के घर से साहू जी के घर तक आरसीसी रोड क्रॉसिंग एवं नाली निर्माण कार्य।	15वें वित्त	12.08	9500/750
4.	वार्ड क्र. 09 एवं 15 में आर.सी.सी. रोड क्रॉसिंग एवं नाली निर्माण कार्य।	15वें वित्त	4.45	3500/750
5.	वार्ड क्र. 06 नगर पंचायत परिसर में व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य।	निकाय मद	17.96	13500/750
6.	वार्ड क्र. 01 से 05 तक छोटे-छोटे निर्माण एवं मरम्मत कार्य।	निकाय मद	20.00	15000/750
7.	वार्ड क्र. 06 से 10 तक छोटे-छोटे निर्माण एवं मरम्मत कार्य।	निकाय मद	20.00	15000/750
8.	वार्ड क्र. 11 से 15 तक छोटे-छोटे निर्माण एवं मरम्मत कार्य।	निकाय मद	20.00	15000/750
9.	जल प्रदाय सामग्री क्रय कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26)	निकाय मद	20.00	15000/750
10.	मोटर पम्प एवं स्टार्टर क्रय कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26)	निकाय मद	20.00	15000/750
11.	मोटर पम्प एवं स्टार्टर मरम्मत क्रय कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26)	निकाय मद	20.00	15000/750
12.	स्टेशनरी सामग्री क्रय कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26)	निकाय मद	10.00	7500/750
13.	स्वच्छता सामग्री कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26)	निकाय मद	05.00	4000/750
14.	मोटर पम्प लोवर एवं लिफ्टिंग कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26)	निकाय मद	07.00	5500/750

टीप:- नियम एवं शर्तें कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत, कोटा

शेष पेजग

जस्टिस यशवंत वर्मा के यहां ...

न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी एस संधावालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय

की न्यायाधीश अनु शिवरामन शामिल होंगी।

विज्ञप्ति में आगे कहा गया है, फिलहाल दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को न्यायमूर्ति वर्मा को कोई न्यायिक कार्य नहीं सौंपने के लिए कहा गया है।

न्यायमूर्ति वर्मा के नई दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास पर आग की यह घटना 14 मार्च को रात करीब 11.30 बजे हुई। उस समय वह घर पर नहीं थे।

बताया जाता है कि आग बुझाने के दौरान दमकल कर्मियों और पुलिस को एक कमरे में कथित तौर पर भारी मात्रा में नकदी मिली। दिल्ली उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध न्यायमूर्ति वर्मा के व्यक्तिगत विवरण के अनुसार, उका जन्म 6 जनवरी, 1969 को इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में हुआ था। उनके पिता इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे।

उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से बी कॉम (ऑनर्स) की डिग्री हासिल की। मध्य प्रदेश के रीवा विश्वविद्यालय से एलएलबी की डिग्री हासिल की। उसके बाद उन्हें 8 अगस्त, 1992 को एक वकील के रूप में नाम दर्ज किया गया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक अधिवक्ता के रूप में उन्होंने संवैधानिक, श्रम और औद्योगिक विधानों, कॉर्पोरेट कानूनों, कराधान और कानून की संबद्ध शाखाओं से संबंधित मामलों को संभालने से संबंधित क्षेत्रों में वकालत की। वह 2006 से पदोन्नति तक इलाहाबाद उच्च न्यायालय के विशेष अधिवक्ता थे। उन्होंने मुख्य स्थायी अधिवक्ता का पद भी संभाला। 2013 में उन्हें वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया।

सीएम विष्णुदेव साय ने छावा...

छावा को राज्य में टैक्स फ्री किया है। सीएम के साथ इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, विधायक अनुज शर्मा, योगेश्वर राजू सिन्हा और सम्पत अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

कपिल सिब्बल ने चुनाव ..

चुनाव आयोग ने अपने कर्तव्यों के अनुसार अपने कार्यों का निर्वहन नहीं किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को संदेश यह है कि ईवीएम के अलावा, कुछ गंभीर मुद्दे हैं जो वास्तव में यह दर्शाते हैं कि चुनाव प्रक्रिया प्रदूषित है। जो चुनाव परिणाम आए हैं, वे कई स्तरों पर हेरफेर के कारण सकते हैं। हमें उस मुद्दे को एक साथ हल करना चाहिए। विपक्षी गठबंधन इंडिया को लेकर सिब्बल ने कहा कि इंडिया ब्लॉक को एक दिखना चाहिए, न कि अलग-अलग। उन्होंने विपक्षी गठबंधन के लिए एक औपचारिक ढांचे की बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय दलों को भविष्य के लिए एक सुसंगत नीति, वैचारिक रूपरेखा और एक कार्यक्रम की आवश्यकता है।

आक्रांताओं जैसी मानसिकता वाले ...

परआक्रांताओं जैसी मानसिकता वाले

जस्टिस यशवंत वर्मा के यहां ...

न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी एस संधावालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय की न्यायाधीश अनु शिवरामन शामिल होंगी।

सीएम विष्णुदेव साय ने छावा...

छावा को राज्य में टैक्स फ्री किया है। सीएम के साथ इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, विधायक अनुज शर्मा, योगेश्वर राजू सिन्हा और सम्पत अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

कपिल सिब्बल ने चुनाव ..

चुनाव आयोग ने अपने कर्तव्यों के अनुसार अपने कार्यों का निर्वहन नहीं किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को संदेश यह है कि ईवीएम के अलावा, कुछ गंभीर मुद्दे हैं जो वास्तव में यह दर्शाते हैं कि चुनाव प्रक्रिया प्रदूषित है। जो चुनाव परिणाम आए हैं, वे कई स्तरों पर हेरफेर के कारण सकते हैं। हमें उस मुद्दे को एक साथ हल करना चाहिए। विपक्षी गठबंधन इंडिया को लेकर सिब्बल ने कहा कि इंडिया ब्लॉक को एक दिखना चाहिए, न कि अलग-अलग। उन्होंने विपक्षी गठबंधन के लिए एक औपचारिक ढांचे की बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय दलों को भविष्य के लिए एक सुसंगत नीति, वैचारिक रूपरेखा और एक कार्यक्रम की आवश्यकता है।

एक रूप में दिखे विपक्षी गठबंधन

राज्यसभा सांसद ने कहा कि मुझे लगता है कि इस विपक्षी गठबंधन को एक ब्लॉक के रूप में दिखना चाहिए, न कि एक अलग ब्लॉक के रूप में, जैसा कि वह सार्वजनिक रूप से दिखता है। **आक्रांताओं जैसी मानसिकता वाले ...**

परआक्रांताओं जैसी मानसिकता वाले

■ न्यूज गैलरी

पखांजूर में हुए ओला वृष्टि को लेकर पूर्व विधायक किया किसानों के लिए मुआवजा की मांग

अंतागढ़ । बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के चलते छत्तीसगढ़ के कई जिलों में तेज आंधी तूफान के साथ जम कर बारिश हुई है, जिसमे कांकेर जिले के पखांजूर क्षेत्र में भी तेज आंधी तूफान के साथ तेज बारिश और ओले भी गिरे है।जिससे क्षेत्र के किसानों के मक्के की खड़ी फसल बर्बाद हुवे है साथ ही ओले गिरने से कई लोगो के घर टूट जाए है, जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।ऐसे समय में क्षेत्र के किसान नुकसान के भरपाई करने के लिए शासन से उम्मीद लगाए हुवे है जिसे लेकर अंतागढ़ के पूर्व विधायक अनूप नाग ने कहा कि क्षेत्र के किसानों को अपदाओ से काफी नुकसान हुआ है ऐसे में में हमारी पूर्व की कांग्रेस सरकार तत्काल ही किसानों को नुकसान का मुवावजा दिलाती थी वैसे ही वर्तमान भाजपा की सरकार और स्थानीय सांसद विधायकों से आशा है की क्षेत्र के नुकसान हुवे किसानों का सर्वे करा कर तत्काल किसानों को मुवावजा राशि देवे ताकि किसानों को राहत मिल सके।

प्रैक्टिसिंग स्कूल में उल्लास नवभारत साक्षरता महापरीक्षा का आयोजन

कांकेर। उल्लास नवभारत कार्यक्रम के तहत शा.प्रैक्टिसिंग स्कूल कांकेर में महापरीक्षा का आयोजन किया गया! साक्षरता अभियान 15वर्ष से अधिक उन लोगों के लिए है जो प्राथमिक शिक्षा से वंचित रह गए थे!उनको शिक्षा के मार्ग से जोड़ना है!सभी परिवार के सदस्य शिक्षित होकर सभी क्षेत्रों में सफल हो, मांझापारा, महादेव वार्ड के कुल 26 परीक्षार्थी जो शामिल हुए उनका सेल्फी लेकर स्वागत किया गया!सभी के लिए पेन पेंसिल और जलपान की व्यवस्था की गई,सभी उत्साह से परीक्षा में शामिल हुए!इस कार्यक्रम में संकुल प्रभारी प्राचार्य पी के विश्वास संकुल समन्वयक रोमन जैन वार्ड प्रभारी संतानु कलिहारी तुफैल अहमद तथा सर्वेयर नागेश ओट्टी अविनाश मरकाम,बबिता ठाकुर गोदावरी जायसवाल,नसीम बानो,वंदना झा उपस्थित थे! शिक्षार्थियों में चंपा यादव,शांति पटेल राधेश्याम भट्ट बबिता बोनिक कलीम खान,रंजीता पेंदरिया आदि ने महापरीक्षा में शामिल हुए!

छग चेंबर आफकामर्स के उपाध्यक्ष पद पर अशोक ने भरा नामांकन

कांकेर। छत्तीसगढ़ चेंबर आफकामर्स एंड इंडस्टीज के तत्वावधान में प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर परवानी कार्यवाहक अध्यक्ष विक्रमदेव प्रदेश पदाधिकारी राजेन्द्र जग्गी एवं प्रदेश सलाहकार हाजी वल्ली व दिलीप खटवानी के साथ अशोक राठी ने प्रस्तुत होकर प्रदेश उपाध्यक्ष पद हेतु अपना नामांकन दाखिल किया है। साथ ही मंत्री पद हेतु महेश भोजवानी ने नामांकन दाखिल किया है।प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर अशोक राठी को एवं मंत्री पद में महेश भोजवानी जी को चुना जाना लगभग तय हो चुका है। जय व्यापार पैनल के तहत वे इस पद पर नामांकित किये गये हैं। ज्ञातव्य हो कि अशोक राठी एक सक्रिय समाज सेवक रहे हैं। माहेश्वरी समाज में उनका योगदान अद्वितीय रहा है। साथ ही उन्होंने विभिन्न सामाजिक संस्थाओं में रहकर अपनी सक्रियता का परिचय दिया है। अशोक राठी जी पूर्व में कांकेर चैंबर ऑफकामर्स के कार्यवाहक अध्यक्ष रह व्यापारी समूह में अपना अद्वितीय योगदान दिया है। आप जेसीस के अध्यक्ष भी रहे हैं तथा अपनी अमिट छाप छोड़ी है। आपका विभिन्न सामाजिक शैक्षिक क्षेत्रों में कुशल नेतृत्व रहा है। अशोक राठी जी सेलेगांव पंचायत क्षेत्र के सरपंच विगत 1991 से 1996 के दौरान रहे है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 36 जोड़े हुए एक दूजे के

अंतागढ़।।। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतागढ़ के द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना का आयोजन अंतागढ़ के उन्मुक्त खेल मैदान में किया गया जहां 36 जोडे नवयुवक नवयुवतियां विवाह के बंधन में बंधे शादी की रीति रिवाज के अनुसार सुबह से ही दुल्हा दुल्हन और उनके साथ आए परिजन महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका सेक्टर प्रभारी दुल्हा दुल्हन को उनकी धार्मिक मान्यता परंपरा के अनुसार पहले दोनों को हल्दी लगाकर सभी रिवाज कर फिर सभी को तैयार कर मुख्य अतिथि का इतंजार नगर पंचायत के बगल सामुदायिक भवन पर करने लगे ठीक 3 बजे मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग का आगमन हुआ जहां सभी ढोल नगाड़े डीजे की धुन पर नाचते गाते बारात निकाली गई जो उन्मुक्त खेल मैदान पहुंचा जहां सभी वर वधु के लिए मंडप सजा हुआ था जहां शादी की रश्म अदायगी होनी थी वहीं मंच में उपस्थित मुख्य अतिथि और भाजपा के वरिष्ठ कनिष्ठ सभी अतिथियों का स्वागत करने का सिलसिला चला फिर सभी ने मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया वही सांसद भोजराज नाग ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार जन जन के उत्थान के लिए प्रतिबंध है ऐसे असहाय व्यक्ति जो गरीबी के कारण अपनी बेटी के विवाह करने सक्षम नहीं है और विवाह करने बाधा आ रही थी ऐसे गरीब व्यक्तियों के बेटी की शादी सरकार खुद कर रही है जिससे उनके माता पिता के ऊपर बोझ न पड़ सके उन्होंने सभी 36 जोडे को आशीर्वाद दिया और अच्छे से जीवन यापन करने कहा वही सरकार की कई योजनाये चल रही है उनका लाभ ले भाजपा की सरकार गरीबों की है और अंतिम व्यक्ति की चिंता सरकार करती है यही वजह है कि आज सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना चलाकर ऐसे पुनीत कार्य कर बेटियों का विवाह कर कन्यादान में बेटियों को जीवन यापन करने 35 हजार रुपए बैकड्रॉप दिया जा रहा है । सांसद के संबोधन पश्चात नगर पंडित सोहन पांडे द्वारा विधि विधान पूर्वक मंत्रोच्चार कर सभी को सात फेरे लगाकर सात वचन पढ़ वर वधु को सात फेरे का मतलब बताकर आशीर्वाद दे विवाह सम्पन्न कराया इस दौरान सासंद भोजराज नाग के अलावा भाजपा के वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी जागेश्वर परतें सभी सेक्टर प्रभारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका नागरिकगण इस विवाह के साक्षी बने

जनजातीय नृत्य में नेतानार के कचरा वड्डे एवं साथियों को मिला प्रथम पुरस्कार

लोकनृत्य संस्कृति परंपरा के माध्यम से संस्कृति को संरक्षण किया जाएगा : केदार कश्यप

नारायणपुर। जनजातीय बाहुल्य बस्तर संभाग की अद्भुत कला और संस्कृति को संरक्षित और संवर्धित करने के उद्देश्य से इस वर्ष बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है, जो प्रतिवर्ष आयोजित किया जाएगा। बस्तर पंडुम जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, संसदीय कार्य एवं सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर प्राकृतिक रूप से समृद्ध है, जिसे देखने के लिए देश विदेश पर्यटक प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में आते हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति को बचाए रखने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है। बस्तर पंडुम के माध्यम से जनजातीय कला, लोककला, शिल्प, तीज-त्यौहार, खानपान, बोली-भाषा, रीति-रिवाज, वेश-भूषा, आभूषण, वाद्य यंत्र, पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत, नाट्य, व्यंजन और पेय पदार्थों के मूल स्वरूप को संरक्षित करना और कला समूहों के सतत विकास को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि सरकार वनवासी क्षेत्र में रहने वाले हमारे आदिवासी भाई एवं बहनों की संस्कृति एवं जल जंगल जमीन को बचाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

वनमंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि वनांचल में रहने वाले लोग प्रकृति से जुड़े हुए हैं। उन्होंने विश्व वानिकी दिवस गत 21 मार्च को आयोजित हुआ, जिसका उल्लेख करते हुए कहा आदिवासी परंपरा को जिवित रखने के लिए कई अवसरों पर पत्ते से भोजन करते हैं। जंगल के लघुवनोपज आम, आंवला, महुआ, टोरा, चिरोंजी, तेंदु, बेहड़ा, चार, गोंद इत्यादि से निर्भर रहते हैं, ये जनजातियों का संस्कृति माना जाता है। उन्होंने कहा कि बस्तर पंडुम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाएगा। बस्तर के लोग देवी देवताओं, आराध्य देवी की भक्ति करने वाले लोग हैं। हम सब सौभाग्य हैं कि देश दुनिया के लोग बस्तर की संस्कृति को अवलोकन करने आते है। उन्होंने कहा कि बस्तर पंडुम के माध्यम से बस्तर के एतिहासिक धरोहर कुटुमसर की गुफा, चित्रकोट जलप्रपात, हांदावाड़ा कांगेरवेली जैसे स्थानों का जिक्र करते हुए बस्तर की सुदरता को बनाए रखने कहा। उन्होंने गढ़बेंगाल में जन्में टायगर बॉय चेंदरू मण्डावी के द्वारा किये गये कार्यों का उल्लेख किया।

कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नारायण मरकाम ने संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज के संस्कृति, वेशभूषा, रहन सहन, खान पान, बोली भाषा आदि को बचाए रखने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के इस कदम को ऐतिहासिक बताया है। देवताओं की पूजा पद्धति, विभिन्न जातियों की संस्कृति संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि आने वाले पीढ़ी को संस्कृति, लोक नृत्य, वेशभूषा, जात्रा सहित बस्तर की संस्कृति को बचाए रखने के लिए अपील किया। नगरपालिका अध्यक्ष श्री इंद्रप्रसाद बघेल ने बस्तर पंडुम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर पंडुम आयोजन से जनजातियों का संस्कृति को बचाए रखने के लिए सरकार की यह पहल सराहनीय है। छोटेडोंगर सरपंच श्रीमती संध्या पवार ने हल्बी बोली में संबोधित करते कहा कि जल जंगल जमीन को बचाने वाले वनांचल में रहने वाले लोग ही हैं। राज्य सरकार के द्वारा बस्तर पंडुम के माध्यम से आदिवासियों की जीवन पर्यंत किये जाने वाले कार्य ही संस्कृति के रूप में जाना जाता है, उसे संरक्षित करने के लिए बस्तर पंडुम एक माध्यम के रूप में यह उत्सव प्रतिवर्ष मनाया जाएगा। सरकार की यह कदम अस्मरणीय रहेगा। सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रूपसाय सलाम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर संभाग में जनजातीय बाहुल्य बस्तर संभाग की अद्भुत कला और संस्कृति को संरक्षित और संवर्धित करने के उद्देश्य से इस वर्ष बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है, जो एक बस्तर के लिए ऐतिहासिक महत्व का आयोजन है। उन्होंने कहा कि बस्तर संभाग के लिए बस्तर पंडुम का आयोजन संस्कृति एवं परंपरा को बचाए रखने के लिए बेहतरीन कार्यक्रम साबित होगा। जिला स्तरीय बस्तर पंडुम कार्यक्रम का आयोजन ग्राम माहाका के इंडोर स्टेडियम में किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जनजातीय नृत्य, जनजातीय गीत, जनजातीय नाट्य, जनजातीय वाद्ययंत्रों का प्रदर्शन, जनजातीय वेशभूषा एवं आभूषण का प्रदर्शन, जनजातीय शिल्प एवं चित्रकला का प्रदर्शन, जनजातीय पेय पदार्थ एवं व्यंजन को बचाए रखने हेतु प्रदर्शन प्रतियोगिता के माध्यम से किया गया।

जनजातीय नृत्य में नेतानार के कचरा वड्डे एवं साथियों ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। जनजातीय नाटक में कौशल कोर्राम एवं साथी, गीत में बोरावण्ड के हेमलता एवं साथी, वाद्ययंत्र में कोडोली के राजूराम एवं साथी, वेशभूषा एवं आभूषण में दिनेश सलाम एवं साथी, शिल्प एवं चित्रकला में बलदेव मण्डावी एवं साथी, पेय पदार्थ एवं व्यंजन में राधिका प्रतिमा एवं साथियों को पुरस्कार प्रदाय किया गया।

कार्यक्रम में पद्मश्री वैद्यराज हेमचंद मांझी, राज्य अलंकरण दाउ मंदराजी पुरस्कार से सम्मानित पंडीराम मण्डावी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री प्रताप मण्डावी, जनपद पंचायत नारायणपुर के अध्यक्ष श्रीमती पिंकी उसेण्डी, ओरछा नरेश कोर्राम, नगरपालिका उपाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत श्री चैतुराम कुमेटी और श्री मंगड़ूराम नूरेटी, कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, सीईओ जिला पंचायत आकांक्षा शिक्षा खलखो, डीएफओ ससिगानंदन के, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहुद पंचभाई, जिला पंचायत सदस्य, पार्षदगण, जनपद पंचायत सदस्य, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

आईईडी लगाने के फिराक में घुमते दो मिलिशिया सदस्य गिरफ्तार

नारायणपुर। पुलिस के द्वारा एक ओर नक्सल विरोधी माड़ बचाव अभियान एवं अन्दरूणी माड़ क्षेत्रों में कैम्प स्थापित कर क्षेत्र में विकास कार्यों में सुरक्षा प्रदान करते हुए विकास कार्यों को गांव तक पहुंचाने में गति/सहयोग प्रदान किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में शांति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए आपराधिक तत्वों पर भी सुक्ष्म निगाह रखकर उनके विरूद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

इसी कड़ी में थाना कोहकामेटा से निरीक्षक श्री शैलेन्द्र दुबे के हमराह डीआरजी एवं बीडीएस टीम संयुक्त बल नक्सल विरोधी अभियान पर कच्चापाल-तोक की ओर रवाना हुए थे दौरान सर्चिंग के तोके के जंगल में दो संदिग्ध व्यक्ति जो पुलिस पार्टी को देखकर लुकछिप कर भाग रहा था, जिसे सुरक्षा बलों द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। संदेहियों को हिरासत में लेकर मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम गुड्डू गोटा पिता मासा गोटा एवं दूसरे ने अपना नाम मंगतु गोटा पिता स्व. पुपला गोटा निवासी कस्तुरमेटा का होना बताये। जिसके निशानदेही पर उसके कब्जे से 01 कुकर आईईडी वजनी करीबन 05 कि.ग्रा., कोर्डेक्स वायर, डेटोनेटर, नक्सली साहित्य बरामद हुआ। उक्त आईईडी के संबंध में और बारीकी से पूछताछ करने पर आईईडी को सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के नीयत से आसपास क्षेत्र में लगाये जाने के फिराक में घुमना बताये और उन्होनें स्वयं को कुतुल एरिया कमेटी अन्तर्गत मिलिशिया सदस्य के रूप में विगत 07 वर्ष से कार्य करना बताये।

बरामद आईईडी का वजन करीबन 05 कि.ग्रा. का था जिसे सुरक्षा बलों द्वारा बीडीएस टीम की मदद से सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सुरक्षित तरीके से नष्ट किया गया। जिस संबंध में थाना कोहकामेटा में धारा 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का मामला पंजीबद्ध किया जाकर अनुसंधान में लिया गया। नक्सल सहयोगी मंगतु गोटा एवं गुड्डू गोटा द्वारा जुर्म कुबुल करने पर दिनांक 22.03.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

गिरफ्तार आरोपी

01.मंगतु गोटापिता स्व.पुपला गोटा उम्र 26वर्ष निवासी कस्तुरमेटा थाना कोहकामेटा जिला नारायणपुर(छ.ग.)।

02.गुड्डू गोटा पिता मासा गोटा उम्र 28 वर्ष निवासी कस्तुरमेटा थाना कोहकामेटा जिला नारायणपुर (छ.ग.)।

आपराधिक प्रकरणः-

थाना कोहकामेटा अपराध क्रमांक- 04/2025 धारा 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम।

मवा मोदोल के तहत नि:शुल्क प्रतियोगी परीक्षा स्क्रीनिंग टेस्ट में 839 प्रतिभागीयों ने लिया भाग

कांकेर। कलेक्टर कांकेर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा ÷मावा मोदोल÷ योजना के तहत निःशुल्क कोचिंग प्रदान करने हेतु चयन परीक्षा सह स्क्रीनिंग टेस्ट दिनांक 23 मार्च 2025 दिन रविवार को आयोजित किया गया है उक्त परीक्षा में हेतु जिला मुख्यालय के अलावा विकासखंड मुख्यालयों में भी परीक्षा केन्द्र बनाया गया था उक्त परीक्षा हेतु 1298 छात्रों ने आनलाईन तथा 112 छात्रों ने आफलाईन कुल 1410 प्रतिभागीयों ने परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन किया है जिसमें से सम्पूर्ण जिले से कुल 839 प्रतिभागीयों ने परीक्षा में भाग लिया है कांकेर जिला मुख्यालय में 362 प्रतिभागीयों तथा भानुप्रतापपुर मुख्यालय में 374 प्रतिभागी, दुर्गुकोंदल 48, चारामा 33, पखांजुर 11, नरहरपुर 11 इस प्रकार से 839 प्रतिभागी सम्मिलित हुए है।

नई मोपेड में कई खराबियां, उपभोक्ता आयोग से पीड़ित को मिला न्याय

कांकेर। ज़िला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अपने न्याय संगत फ़ैसलों के कारण आम जनता की प्रशंसा का पात्र बन चुका है। विगत 21 मार्च को एक और पीड़ित उपभोक्ता को आयोग की अध्यक्ष माननीय श्रीमती सुजाता जसवाल तथा माननीय सदस्य डाकेश्वर सोनी ने इंसाफ़ दिलाया है । मामला इस प्रकार है कि ग्राम ढेकुना की श्रीमती देविका सिन्हा पति लोकेश ने आयशा मोटर्स होटल बाफना लॉन के सामने काँकेर से मोपेड टीवीएस हेवी ड्यूटी, टच स्टार्ट, 72,000/ में खरीदा था, जिसका अंतिम भुगतान 20 मार्च 2023 को किया गया था। वाहन खरीदे 15 दिन भी नहीं हुए थे कि उसमें दिनों दिन परेशानियां तथा कठिनाइयां सामने आने लगीं जैसे वायरिंग सेंसर स्टेरिंग में खराबी चलाते समय इंजन से आवाज़ दो-तीन किलोमीटर में ही इंजन का गरम हो जाना। इसके अलावा यह भी देखा गया कि वाहन टच स्टार्ट होने पर भी वास्तव में टच से स्टार्ट नहीं होता था और किक मारना पड़ता था। तब परेशान फ़रियादी ने कई बार विक्रेता के समक्ष उपस्थित होकर कठिनाइयां बताई और दोषयुक्त वाहन के बदले नया वाहन देने अथवा पैसा वापस करने की बात कही।

विक्रेता हर बार वाहन में थोड़ा बहुत सुधार कर फ़रियादी को आश्वासन देकर वापस भेज देता था और कुछ ही दिनों में फिर नई परेशानी खड़ी हो जाती थी।इस तरह बार-बार चक्कर लगाने से फ़रियादी की मानसिक परेशानी अत्यधिक बढ़ गई । तीन बार फ्री सर्विस करवाने के बाद भी जब मोपेड सही नहीं हुआ तो चौथी बार पेड सर्विस भी करा कर देख ली गई, इसमें भी कुछ ही दिनों में निराशा हाथ लगी। फ़रियादी ने अपने वकील के माध्यम से क़ानूनी नोटिस भी प्रेषित किया । किंतु इससे भी जब बात नहीं बनी तो फ़रियादी श्रीमती देविका सिन्हा को उपभोक्ता आयोग की शरण लेनी पड़ी ,जहां उन्हें न्याय मिला। सारे प्रकरण पर पूर्णतः विचार विमर्श कर फ़ैसला दिया गया कि मोपेड विक्रेता को फ़रियादी को ख़राब वाहन हेतु भुगतान की गई क्रय राशि 72,000 /और उस पर वाद प्रस्तुति 13 सितंबर 2024 से संपूर्ण रकम भुगतान होने तक 7% वार्षिक की दर से साधारण ब्याज ,आदेश दिनांक से एक माह के भीतर प्रदान करना होगा।

माओवादियों से लोहा लेने वाले जांबाज जवानों से रूबरू हुए उपमुख्यमंत्री शर्मा

■ **आपकी भुजाओं की ताकत के कारण ही आज मैं सड़क मार्ग से बीजापुर आ पाया : उपमुख्यमंत्री**

बीजापुर । उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा आज बीजापुर पहुँचकर गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत अंडरी के जंगलों में पुलिस और माओवादियों के साथ हुए मुठभेड़ में शामिल सुरक्षा बलों के जांबाज जवानों से बीजापुर जिले के रक्षित केंद्र में मुलाकात की और उनके साहसिक और सफल ऑपरेशन की सराहना कर उनका हौसला बढ़ाया।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सुरक्षा बलों के जवानों की भुजाओं की ताकत के बदौलत आज मैं सड़क मार्ग से बीजपुर आया हु। इसके पूर्व कोई भी गृहमंत्री सड़क मार्ग से बीजापुर नही आये। गौरतलब है कि 20 मार्च को हुए इस मुठभेड़ में 14 महिला माओवादी सहित कुल 26 वर्दीधारी माओवादियों के शव बरामद। शिनाख्त माओवादियों में डिवीसीएम, एसीएम, पीपीसीएम और पीएलजी, सदस्य शामिल थे। इस मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में एके 47, एसएलआर, इंसास रायफल, 303 रायफल, रॉकेट लॉचंर, बीजीएल लांचर हथियार समेत विस्फोटक पदार्थ, दवाईया, माओवादी वर्दी, साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद हुआ। बस्तर रेंज में तैनात डीआरजी, एसटीएफ बस्तर फाइटर, कोबरा, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी सीएएफ और अन्य समस्त सुरक्षा बल सदस्यों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है। वष 2025 में बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध माओवादी विरोधी अभियान संचालित किये जाने के परिणाम स्वरूप विगत 80 दिनों में कुल 97 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किये गये स जिसमें जिला- बीजापुर में विगत 80 दिनों में 82 माओवादियों का शव बरामद हुआ है।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने इस अवसर पर सभी जवानों को बधाई देते हुए कहा कि मैं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की ओर सभी जवानों के लिए शुभकामना संदेश लेकर आया हूँ, आपके अदभूत पराक्रम और शौर्य से बस्तर में सुख-शांति फिर से लौटेगी। इस अभियान से आपने देश और दुनिया की सोच बदली है। भीषण मुठभेड़ में हमारे एक जांबाज जवान शहीद हुए उसको मैं श्रद्धांजलि देता हूं। बस्तर शांति का टापू रहा है, परन्तु कुछ दिग्भ्रमित लोगों के कारण यह की शांति भंग हुई है। हमारे सुरक्षा बल और पुलिस के जवान ऐसे लोगों को नेस्तनाबूद करके ही रहेंगे। यह छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा ऑपरेशन रहा है।

पैराडाइज हायर सेकेंडरी सीबीएसई स्कूल की अनूठी पहल

कांकेर। शनिवार को पैराडाइज हायर सेकेंडरी स्कूल में पेरेंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें यूकेजी से कक्षा 1 में प्रवेश लेने वाले छात्रों के अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में पालकों के साथ यूकेजी के छात्र छात्राएं भी उपस्थित रहे ।इस कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को प्राथमिक शिक्षा के नए चरण की रूपरेखा से अवगत कराना था। सत्र के दौरान शैक्षणिक पाठ्यक्रम, शिक्षण पद्धतियाँ, मूल्यांकन प्रक्रिया, सह शैक्षणिक गतिविधियाँ एवं स्कूल के नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही अभिभावकों की शंकाओं का समाधान करते हुए उन्हें इस परिवर्तन के प्रति आश्वस्त किया गया। इस कार्यक्रम में अभिभावकों ने अपने विचार प्रकट करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिया।कार्यक्रम को शिक्षकों, विद्यालय प्रशासन एवं अभिभावकों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ।जिससे यह सत्र अत्यंत जानकारीपूर्ण एवं प्रभावी रहा। विद्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार अभिभावकों और शिक्षकों के बीच सशक्त संवाद स्थापित करने के लिए प्रयासरत रहेगा। इस कार्यक्रम को संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, कोऑर्डिनेटर पूनम जीत कौर वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा,पवित्र बराई रूबी खान दीपांजली गोगोई वर्षा रामानी मेघा.शबाना परवीन एस.मर्सी तीरथ साहू अवतार सिंह कृष्णापद कुंभकार भारती सेठिया प्रतीक सिह संगीता भारती आदि शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

हितग्राहियों को समय पर सरकारी योजनाओं का लाभ मिले :राज्यपाल

जिला अधिकारियों की बैठक, जल संचयन और वृक्षारोपण पर जोर

बेमेतरा/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने बेमेतरा कलेक्ट्रेट परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत रुद्राक्ष का पौधा लगाया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और धरती को हरा भरा बनाने सभी को अपने आसपास पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।

राज्यपाल रमेन डेका ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली । बैठक के दौरान उन्होंने जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली और उनकी समीक्षा की। बैठक में राज्यपाल के सचिव सीआर प्रसन्ना, कलेक्टर रणबीर शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बेमेतरा जिले की भौगोलिक और किए जा रहे विकास कार्यों की पावर प्रजेंटेशन प्रस्तुत कर जानकारी दी। अमृत सरोवर - राज्यपाल रमेन डेका जिले में संचालित ÷अमृत सरोवर÷ योजना की समीक्षा की। जिसमें जिला सीईओ ने जानकारी दी कि जिले में अमृत सरोवर हैं। राज्यपाल श्री डेका ने सरोवरों के आसपास पेड़ लगाने और जल संचयन के उपाय करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने जल स्तर की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण जनों को जल स्तर बढ़ाने और जल संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग के महत्व के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण से पर्यावरण संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

स्वास्थ्य विभाग - स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान राज्यपाल रमेन डेका ने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कार्य करें। सीएमएचओ ने जिले में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत किए जा रहे प्रयासों और पीएम निक्षय पोषण आहार योजना की जानकारी दी। राज्यपाल ने लाइव टीबी केस की जानकारी भी ली और जिला प्रशासन को जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया ताकि टीबी से बचाव और उपचार की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंच सके।

समाज कल्याण विभाग - राज्यपाल ने समाज कल्याण की समीक्षा करते हुए और बेहतर काम करने, विधवा आश्रम भवन जल्द बनवाने, ताकि जरूरतमंद को आश्रय मिले। उन्होंने कहा जो कमियां है उन्हें दूर कर लिया जाए। महिला एवं बाल विकास बाल संरक्षण में एक कार्य योजना बनाये। जिसमे शिक्षक, बच्चा और अविभावक हो, तीन अलग-अलग स्तर पर कलेक्टर से चर्चा कर बनाये।

रेड क्रॉस सोसाइटी - राज्यपाल ने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की समीक्षा भी की और टीबी उन्मूलन में रेड क्रॉस की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से जिले में चल रहे सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली। और समय पर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नागरिकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी/ग्रामीण महिलाओं के कौशल का उपयोग कर उनकी और आय बढ़ाने के बारे में अच्छे आइडिया के साथ काम करें। ताकि उनकी आर्थिक स्थिति और बेहतर हो सकें।

मां के नाम पर एक पेड़ अभियान

राज्यपाल ने ÷माँ के नाम पर एक पेड़÷ अभियान की समीक्षा की, जिसमें संबंधित विभाग ने जानकारी दी कि पिछले वित्तीय वर्ष में जिले में 420000 में पौधे लगाए गए हैं। राज्यपाल श्री डेका ने अधिकारियों से कहा कि वृक्षारोपण के महत्व के बारे में नागरिकों को और जागरूक किया जाए और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जाए।स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, तालाब किनारे आदि जगह काफ़ी जगह होती और आसानी से पौधों की देखभाल भी हो जाती है। छायादार, फलदार जल्दी बढ़ने वाले पेड़ के पौधे रोपित किए जाए।

■ न्यूज गैलरी

आशीष छाबड़ा बने बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष

बेमेतरा । बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने फिर से एक बार बेमेतरा जिला अध्यक्ष पद पर आसीन किया है। इससे पूर्व आशीष छाबड़ा को बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। आज आशीष छाबडा को पूर्ण कालिक अध्यक्ष पद पर नियुक्त कर दिया गया हैं। आशीष छाबड़ा ने जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका ध्येय जिले में कांग्रेस को फिर से स्थापित करने में रहेगा तथा कांग्रेस को आगे बढ़ाने के लिए सभी को साथ लेकर चलेंगे। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि जनहित के मामलों को कांग्रेस हमेशा से उठाती रही हैं। गरीबों की आवाज कांग्रेस रही है और रहेगी। इसके लिए किसी भी हद में जाकर लड़ाई करनी पड़े, हम करेंगे, गरीबों की आवाज को कांग्रेस दबने नहीं देगी। जब से भाजपा सत्ता में आई है केवल और केवल प्रदेश को लूटने का कार्य चल रहा है। किसान, आम जनता पूरी तरह से परेशान है और कांग्रेस की ओर निगाह लगाए बैठे हैं। गरीब जनता जानती है कांग्रेस ही वह एकमात्र पार्टी है जो उनकी सच्ची हितैसी है। आशीष छाबड़ा को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अवनीश राघव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शशिप्रभा गायकवाड, हरीश साहू जिला पंचायत सदस्य, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतलासहित कांग्रेस के सदस्यों ने आशीष छाबड़ा से मिलकर उन्हें बधाई देते हुए सिर्फनेतृत्व का आभार व्यक्त किया है और कहा कि आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में निश्चित ही कांग्रेस जिले में मजबूत होगी।

पंचायत सचिवों ने सरकारी आदेश की कॉपी जलाई

नवागढ़। पंचायत सचिवों का आंदोलन और तेज हो गया है। सरकार ने 24 घंटे में काम पर लौटने का आदेश दिया था। इसके जवाब में हड़ताली सचिवों ने शनिवार को नवागढ़ में धरना स्थल पर सरकारी आदेश की प्रतियां जला दीं।पंचायत सचिव 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। ब्लॉक सचिव संघ अध्यक्ष राजनारायण कुर्रे का कहना है कि 2023-24 के विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी में उनके शासकीयकरण का वादा किया गया था।पंचायत सचिवों को उम्मीद थी कि बजट सत्र में उनके शासकीयकरण की घोषणा होगी। 1995 से कार्यरत पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाना था। सरकार हमें धमकाने का प्रयास कर रही है, लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं। जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती, हम हड़ताल जारी रखेंगे और जरूरत पड़ी तो और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक अभियान चलाया

पुलिस की सख्त कार्रवाई मालवाहक वाहनों में सवारी ढोना अब नहीं चलेगा

कबीरधाम/नवप्रदेश।। जिला कबीरधाम पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। चिल्फी, बोड़ला, कुकदूर, कवर्धा, यातायात शाखा, रेंगाखार, लोहारा, पांडातराई, पिपरिया सहित जिले के सभी थाना क्षेत्रों में मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। ऐसे वाहनों के चालकों के खिलाफ न केवल चलानी कार्रवाई की जा रही है, बल्कि भविष्य में इस नियम का उल्लंघन न करने के लिए उनसे शपथ पत्र भी भरवाया जा रहा है। इसके साथ ही, सभी थाना-चौकियों में वाहन चालकों की बैठक आयोजित कर उन्हें यातायात नियमों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जा रही है।

मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने के गंभीर खतरे

मालवाहक वाहन केवल सामान के परिवहन के लिए बनाए गए हैं, लेकिन कई लोग इन्हें सवारी ढोने के लिए इस्तेमाल करते हैं, जो न केवल गैरकानूनी है, बल्कि बेहद खतरनाक भी है। ऐसे वाहनों में यात्रा करने से–

- *दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है* ङ्क मालवाहक वाहन सवारियों को ढोने के लिए डिज़ाइन नहीं किए गए होते, जिससे संतुलन बिगड़ सकता है और वाहन पलटने की संभावना बढ़ जाती है। गिरने और गंभीर चोट लगने का खतरा रहता है* ङ्क खुले ट्रकों, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों या कंटेनरों में यात्रा करने वाले यात्री तेज ब्रेक लगने या मोड़ पर गिर सकते हैं, जिससे गंभीर चोट या मृत्यु तक हो सकती है।

- *दम घुटने और ऑक्सीजन की कमी का खतरा होता है* ङ्क यात्रा करने से दम घुटने जैसी घटनाएं हो सकती हैं, जिससे जान जाने का खतरा रहता है। बीमा और कानूनी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं* ङ्क दुर्घटना की स्थिति में यात्रियों को किसी प्रकार का मुआवजा नहीं मिल सकता, क्योंकि मालवाहक वाहन यात्रियों को ले जाने के लिए पंजीकृत नहीं होते।

जिलेभर में इस गंभीर समस्या को रोकने के लिए पुलिस द्वारा कड़े कदम उठाए जा रहे हैं–

मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने पर चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। भविष्य में इस नियम का उल्लंघन न करने के लिए चालकों से शपथ पत्र लिया जा रहा है।

थाना एवं चौकियों में मालवाहक वाहन चालकों की बैठक आयोजित कर उन्हें यातायात नियमों और संभावित खतरों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिला कबीरधाम पुलिस सभी वाहन चालकों से अपील करती है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने से बचें। यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी घातक हो सकता है। किसी भी तरह की लापरवाही अनमोल जीवन के नुकसान का कारण बन सकती है।

भव्य मंच, आकर्षक लाइटिंग और उच्च स्तरीय साउंड व्यवस्था पर विशेष जोर

कवर्धा/नवप्रदेश।। महोत्सव को भव्य बनाने के लिए विशेष मंच निर्माण, आकर्षक साज-सज्जा, रोशनी की उत्तम व्यवस्था और उच्च कोटि के साउंड सिस्टम पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कलेक्टर श्री वर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और आगंतुकों के बैठने की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महोत्सव के दौरान बॉलीवुड, लोक कलाकारों की विशेष प्रस्तुतियाँ, पारंपरिक नृत्य-संगीत, हस्तशिल्प प्रदर्शनी और स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल मुख्य आकर्षण होंगे।भोरमदेव महोत्सव, आस्था, पुरातत्व और पर्यटन का संगम मैकल पर्वत श्रृंखला की सुरम्य वादियों में स्थित भोरमदेव मंदिर, अपनी अद्भुत शिल्पकला और स्थापत्य के कारण ÷छत्तीसगढ़ का खजुराहो÷ कहा जाता है। यह मंदिर हजार वर्षों से अधिक समय से आस्था, संस्कृति और विरासत का केंद्र बना हुआ है। भोरमदेव महोत्सव न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह पर्यटन को भी बढ़ावा देने में सहायक है। ऐसे में इस ऐतिहासिक आयोजन को यादगार बनाने के लिए प्रशासन, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक पूरी तन्मयता से तैयारियों की जा रही है।

भोरमदेव महोत्सव 2025 के भोजन व्यवस्था के लिए आवेदन आमंत्रित

कवर्धा। जिला कार्यालय (खाद्य शाखा) कबीरधाम द्वारा भोरमदेव महोत्सव 2025 में भोजन व्यवस्था के लिए पंजीकृत फर्म से आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला खाद्य अधिकारी श्री सचिन मरकाम ने बताया कि भोरमदेव पंजीकृत फर्म से 24 मार्च 2025 दोपहर 03 बजे तक जिला कार्यालय (खाद्य शाखा) कबीरधाम कक्ष क्रमांक 21 में बंद लिफाफा में उपरोक्त आवेदन आमंत्रित किया गया है।

रोल ऑफप्लेगिरिज्म इन एकेडमिक राइटिंग विषय पर कार्यशाला का आयोजन

कुरूद। संतगुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूदः-कुरूद में प्राचार्य डॉ ए.के. मिश्रा के निर्देशन एवं डॉ विक्रमसिंह सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र के कुशल संयोजन में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर तथा राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद नई दिल्ली के सहयोग से शनिवार को ÷ रिसर्च पेपर राइटिंग एंड पब्लिकेशन एथिक्स ÷ तथा ÷ रोल ऑफ प्लेगिरिज्म इन एकेडमिक राइटिंग ÷ विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया द्य कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र - छात्राओं को शोध कार्य हेतु प्रेरित करना तथा शोध - पत्रिका के लेखन एवं प्रकाशन के संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं एवं बारीकियों से अवगत कराना था द्य जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में केशवकांत साहू प्रोफेसर बायोटेक्नोलॉजी विभाग अध्ययन शाला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर एवं डॉ सुपर्ण सेन गुप्ता सेवानिवृत ग्रंथपाल पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर उपस्थित रहें

कायर्क्रम की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए.के. मिश्रा नें कहा कि रिसर्च एक महत्वपूर्ण पहलू है और नई शिक्षा नीति में रिसर्च पर विशेष जोर दिया गया है द्य आगे उन्होंने कहा कि रिसर्च एवं इनोवेशन में अंतर होता है रिसर्च में एक शोधकर्ता पूर्व में किये गयें शोधकार्य को आगे बढ़ाता है जबकि इनोवेशन में हम किसी नई चीज का आविष्कार करतें हैं द्य ÷ रिसर्च पेपर राइटिंग एंड पब्लिकेशन एथिक्स ÷ विषय पर अपना विचार व्यक्त करतें हुए प्रोफेसर केशवकांत साहू नें कहा कि रिसर्च शब्द फ्रेंच वर्ड - रिकर्चर से आया है जिसका शाब्दिक अर्थ होता है पुनः खोज करना उन्होंने रिसर्च पेपर की संरचना , उनके प्रकार , रिसर्च पेपर लिखनें की आवश्यकता , प्रकाशन की प्रक्रिया , अच्छे रिसर्च पेपर के गुण , संदर्भ एवं साइटेशन लेखन तथा प्रकाशन की त्रुटियों जैसे - डुप्लीकेट एवं मल्टीपल सबमिशन के बारे में छात्र -छात्राओं को विस्तार से बताया ।डॉ सुपर्ण सेन गुप्ता नें छात्र - छात्राओं को सचेत करते हुए कहा कि हमें कॉपी -पेस्ट की परंपरा को बिल्कुल भी नहीं अपनाना चाहिये एवं साहित्यिक चोरी से बचकर रहना चाहिये द्य उन्होंने साहित्यिक चोरी को जानने उसे पहचानने एवं उससे बचने के उपायों के बारे में बताया

कार्यक्रम का संचालन सुश्री चित्रमणि श्रीमाली सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र नें किया।आभार प्रदर्शन डॉ हितनारायण टण्डन सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र नें किया ।

राज्यपाल रमेन डेका ने कलेक्ट्रेट में किया पौधारोपण

बेमेतरा । राज्यपाल रमेन डेका ने बेमेतरा कलेक्ट्रेट परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत रुद्राक्ष का पौधा लगाया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और धरती को हरा भरा बनाने सभी को अपने आसपास पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना, बेमेतरा के कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

तेज रफ्तार का कहर

ग्रामीणों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची

सड़क हादसे में अज्ञात व्यक्ति की दर्दनाक मौत, पहचान में जुटी पुलिस

कवर्धा। तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते सड़क हादसे लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामला कबीरधाम जिले के राम्हेपुर के पास नेशनल हाईवे-30 का है, जहां एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की जान चली गई। हादसा इतना भीषण था कि मृतक का सिर पूरी तरह कुचल गया, जिससे उसकी पहचान कर पाना मुश्किल हो गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मर्चरी भिजवा दिया। मृतक की पहचान के लिए पुलिस ने उसके हाथ में बने 'रानी' नामक टैटू को आधार बनाकर जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा, सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी वाहन चालक का सुराग लगाया जा सके।

लाश देख सहम उठे लोग, ग्रामीणों ने दी पुलिस को सूचना

सुबह जब राहगीर नेशनल हाईवे-30 से गुजर रहे थे, तो उन्होंने सड़क के बीचों-बीच खून से लथपथ अवस्था में शव देखा। यह मंजर इतना भयावह था कि लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। कुछ देर तक लोग यही सोचते रहे कि आखिर यह दुर्घटना थी या फिर हत्या। ग्रामीणों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेजा, जहां पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा। मृतक के शरीर पर कोई पहचान पत्र या अन्य दस्तावेज भी नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान करना और भी मुश्किल हो गया है।

आरोपी वाहन चालक की तलाश में जुटी पुलिस

घटना के बाद कोतवाली प्रभारी लालजी सिन्हा ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत हुई है। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी वाहन चालक की तलाश कर रही है। इसके अलावा, क्षेत्र में मौजूद लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है कि यह सड़क दुर्घटना थी या फिर किसी ने जानबूझकर हत्या कर शव को सड़क पर फेंक दिया। हादसे की प्राथमिक जांच में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह मामला सड़क दुर्घटना का है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और सीसीटीवी फुटेज आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

सवालों के घेरे में सड़क सुरक्षा

यह हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर रहा है। हाईवे पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। प्रशासन को चाहिए कि वह सड़क सुरक्षा नियमों को कड़ाई से लागू करे और तेज रफ्तार वाहनों पर नजर रखे।

साथ ही, हाईवे पर सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं को तुरंत ट्रेस किया जा सके। जनता को भी जागरूक रहना होगा और यातायात नियमों का पालन करना होगा।

जनता की अपील: सुरक्षित यात्रा के लिए बरतें सावधानी

कबीरधाम जिले की जनता ने प्रशासन से मांग की है कि हाईवे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। साथ ही, वाहन चालकों को भी चाहिए कि वे सड़क पर जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाएं और अपनी जान और दूसरों की जान को खतरे में न डालें।

रासायनिक उर्वरकों के अग्रिम उठाव एवं पर्याप्त आपूर्ति के लिए विशेष निरीक्षण दल गठित

कवर्धा। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर आगामी खरीफ वर्ष 2025 में रासायनिक उर्वरकों के पर्याप्त भंडारण, वितरण एवं गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की उचित मूल्य पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर निरीक्षण दल गठित किया गया है। इस दल का मुख्य उद्देश्य खाद्य भंडारण, वितरण और अन्य अनियमितताओं पर कड़ी निगरानी रखना है। इस दल में अखिलेश दत्त दुबे, सहायक संचालक कृषि (मो.नं.-8871003543) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, साथ ही अन्य सहायक अधिकारी भी जिला के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कार्य करेंगे। दल में जिला निरीक्षक श्री सारांश शर्मा (मो.नं.-9424298903), वि.खं. कवर्धा श्री एन. के. एस. नरविरया (मो.नं. -9893419847), एस. के. अहिरवार (मो.नं.-9981847347), वि.खं. बोडला श्री व्ही. के. यादव (मो.नं. -4319154833), पंकज दिल्लीवार (मो.नं.-9926245304), वि.खं. स.लोहारा-श्री आर.सी. भवेल (मो.नं-9407319412), वि.खं. पंडरिया श्री नरेंद्र चंद्राकर (मो.नं.-8827086040) को नियुक्त किया गया है। कृषि विभाग ने सख्त निर्देश जारी किया है कि यदि खाद भंडारण, वितरण में अधिक दर पर विक्रय या अन्य कोई अनियमितता सामने आती है, तो तुरंत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

न्यूज गैलरी

अग्निवीर भर्ती का परिणाम घोषित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। उपसंचालक, रोजगार ने बताया कि छत्तीसगढ़ में अग्निवीर भर्ती का परिणाम घोषित कर दिया गया है, यह परिणाम जॉइन इंडियन आर्मी के वेबसाइट पर उपलब्ध है और सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किए गए है। उन्होंने बताया कि सभी चयनित अभ्यर्थियों को 24 मार्च 2025 को सुबह 6:30 बजे सेना भर्ती कार्यालय रायपुर जो कि शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर के पास स्थित है वहां प्रारंभिक ब्रीफिंग और डिस्पैच प्रलेखन के लिए उपस्थित होना जरूरी है। इन सभी सफल अभ्यर्थियों की ट्रेनिंग 01 मई 2025 से अलग-अलग ट्रेनिंग सेंटर में शुरू होगी। किसी भी अन्य जानकारी और समस्या के समाधान के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212/0771-2965214 पर संपर्क कर सकते हैं।

जिले में विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती, 28 मार्च तक करें आवेदन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत सरगुजा जिले में विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। यह भर्ती जिला पंचायत सरगुजा, अम्बिकापुर द्वारा एन.आर.एल.एम/2024-25 के अंतर्गत की जा रही है। इसमें छत्तीसगढ़ के मूल निवासी को ही प्राथमिकता होगी रिक्त पदों का विवरण विकासखंड परियोजना प्रबंधक 02 पद (01-अनुसूचित जनजाति, 01-अनुसूचित जाति, क्षेत्रीय समन्वयकः-10 पद (02-अनारक्षित, 05-अनुसूचित जनजाति (01-महिला, 01-दिव्यांग), 01-अनुसूचित जाति, 02-अन्य पिछड़ा वर्ग, लेखा सह एम.आई.एस. सहायकः'' 06 पद (02-अनारक्षित, 03-अनुसूचित जनजाति (01-महिला), 01-अन्य पिछड़ा वर्ग। आवेदन प्रकिया 13 मार्च से प्रारंभ हुई है, अभ्यर्थी 28 मार्च 2025, शाम 05:00 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सरगुजा, अम्बिकापुर को प्रेषित करने होंगे।

नीट परीक्षा की तैयारी 27 मार्च से शुरू होगी नि:शुल्क कोचिंग

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया है कि नीट 2025 की परीक्षा एनटीए के द्वारा 04 मई 2025 को आयोजित है। इस हेतु कलेक्टर विलास भोसकर के निर्देशानुसार सरगुजा जिले के कक्षा 12वीं जीव विज्ञान संकाय में अध्ययनरत विद्यार्थी एवं कक्षा 12वीं जीव विज्ञान संकाय से उत्तीर्ण ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने नीट 2025 की परीक्षा के लिए आवेदन किया है। ऐसे विद्यार्थियों हेतु जिला खनिज न्यास के सहयोग से जिले के विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा नि:शुल्क कोचिंग कक्षाओं का आयोजन आगामी 27 मार्च 2025 से प्रारंभ किया जा रहा है। यह नि:शुल्क कोचिंग जिले के समस्त 07 विकासखण्डों के विद्यार्थियों हेतु आयोजित होगा।

धरमजयगढ़ वन मंडल में इन दिनों 132 जंगली हाथी अलग-अलग दलों में विचरण कर रहे

हाथियों का आतंक खेतों में खड़ी फसल नष्ट व मकान भी तोड़े

रायगढ़/नवप्रदेश। धरमजयगढ़ वन मंडल में इन दिनों 132 जंगली हाथी अलग-अलग दलों में विचरण कर रहे हैं। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र के किसानों में दहशत का माहौल निर्मित हो चुका है। खेतों में किसानों की फसल को बर्बाद कर भोजन की तलाश में गांव की तरफ पहुंच रहे है। रायगढ़ वनपरिक्षेत्र में 29 हाथियों का दल विचरण कर रहा है जिसमें बंगुरसिया पश्चिम में 19 हाथियों का बड़ा दल विचरण कर रहा है।

जिससे क्षेत्र के लोग दहशत में हैं।धरमजयगढ़ वन मंडल के जंगलों में इन दिनों 132 हाथी अलग-अलग दल में विचरण कर रहे हैं। जिसमें सबसे ज्यादा धरजयगढ़ में 55, छाल में 36, बाकारूमा रेंज में 39 हाथी, कापू में 1 हाथी विचरण कर रहा है। इसमें नर 38, मादा 68 व शावक 26 हैं। वहीं रायगढ़ वन मंडल में 29 हाथियों का दल विचरण कर रहा है जिसमें 19 हाथियों का दल केवल बंगुरसिया पश्चित में हैं। हालांकि बीते दो दिनों से रायगढ़ में हाथियों ने कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है लेकिन धरमजयगढ़ में एक ही दिन में 8 किसानों के फसल तो 4 ग्रामीणों के घर तोड़ दिया है। वन विभाग हाथियों की निगरानी कर रहा है। शाम होते ही गांव पहुंच रहे हाथी जिले के रबी फसल के साथ

दलहन तिलहन लगाया है। शाम होते हाथियों का दल भोजन की तलाश में गांव के करीब पहुंच रहे हैं। जिससे किसानों की फसल बर्बाद हो रही है। कुछ किसान हाथियों वह जंगली जानवरों से फसल को नुकसान से रोकने मचान बनाकर रखवाली कर रहे हैं। धरमजयगढ़ में एक ही रात 8 किसानों की फसल को नष्ट कर दिया। जिसमें धरजयगढ़ के पोटिया में 2 किसानों की फसल, शेरबंद में एक, बेहरामार में 2, हाटी में 1 चुहकीमार में 2 वहीं बाकारूमा के जगड़ा गांव में 4 लोगों के घर तोड़ा। महुआ की खुशबू से पहुंचते हैं हाथी धरमजयगढ़ इलाके में इन दिनों हाथियों की दहशत से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। हाथियों का झुंड महुआ की गंध सूंघकर लोगों के घरों तक पहुंच रहा है और तोड़फोड़ कर रहा है। गांव से करीब आधा किलोमीटर दूर जंगल में हाथियों का दल मौजूद है। जो शाम होते ही पहुंच रहा है। गांव के किसानों ने बताया कि इन दिनों जंगली इलाकों में महुआ बीनकर घरों में सुखाया जा रहा है। वहीं रबी फसल के साथ दलहन तिलहन की खेती की जा रही है। हाथी भोजन की तलाश में गांव तक पहुंच जाते हैं।

सचिव सह आबकारी आयुक्त ने ली संभागस्तरीय समीक्षा बैठक

विभागीय कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के आबकारी विभाग की सचिव सह आयुक्त आर. संगीता ने जिला पंचायत सभाकक्ष में सरगुजा कलेक्टर विलास भोसकर की उपस्थिति में आबकारी विभाग के अधिकारियों की संभागस्तरीय समीक्षा बैठक ली। उनके साथ अपर आयुक्त आबकारी आशीष श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

बैठक में विभागीय गतिविधियों की समीक्षा और राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने इस दौरान सम्भाग के सभी जिलों के अधिकारियों से बैठक की एजेण्डावार जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर मदिरा दुकानों की आबकारी नीति के अंतर्गत व्यवस्थापन के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। दुकानों में मदिरा बिक्री, आबकारी राजस्व, अहाता अनुज्ञप्ति, मनपसंद एप्प, सुविधा एप्प एवं आधार

बेस्ड बायोमेट्रिक अटेंडेंस एवं वेतन के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आहताओं में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था हो। आबकारी विभाग के अधिकारी राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के साथ आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करें।

सेटअप के संदर्भ में उन्होंने आश्वासन दिया कि विभागीय पदोन्नति एवं रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही शीघ्र ही किया जाएगा। उपस्थित सरगुजा संभाग के सहायक जिला आबकारी अधिकारियों एवं आबकारी उपनिरीक्षकों को निर्देश दिया गया कि राजस्व प्राप्ति हेतु समस्त जिले बेहतर प्रयास करें एवं विभागीय अधिकारी एवं दुकानों के प्रभारी अधिकारी लगातार निरीक्षण करें और प्रतिदिन की बिक्री पर निगरानी रखें।

ग्रामीण से 30 हजार रुपए ले उड़े अज्ञात बदमाश

लखनपुर/नवप्रदेश। एक ग्रामीण से 30 हजार रूपये लूटकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रेमशंकर आ0रूईहा एक्का उम्र 38 वर्ष साकिन ग्राम जामा लब्जी अपने नीजी कार्य के वास्ते 21 मार्च दिन शुक्रवार को स्टेट बैंक शाखा लखनपुर से 30 हजार रूपये निकाल अपने चचेरे भाई जगमोहन के साथ दैनिक गुदड़ी बाजार के पास खड़े थे।चचेरा भाई बोला बगल के दुकान से घर छप्पर में लगाने वास्ते एलबेसटर का पता कर लो तभी दो अनजान व्यक्ति वहां पहुंचे और बोले अलबेसटर लेना चाह रहे हो। चलो सस्ते में दिला देंगे। और मोटरसाइकिल में बैठाकर राष्ट्रीय राजमार्ग चदन्ई नदी से लगे तकरीबन 60--70 मीटर अन्दर ग्राम केवरी मुख्य मार्ग में ले गये एक पेड़ के नीचे मोटरसाइकिल रोककर चिल्हर पैसे की मांग करने लगे। प्रेम शंकर बोला मेरे पास पर्याप्त पैसा नहीं है। मोटरसाइकिल चलाने वाला व्यक्ति बोला पांच सौ का नोट दो?। ग्रामीण ने बैंक से निकाले 30 हजार की गड्डी में से एक पांच सौ का नोट निकाल कर दिया इसी दरमियान साथ का दूसरा व्यक्ति समुचा पैसा झटक जेब में रख लिया । और ग्रामीण को मोटरसाइकिल में बैठाकर गोरता मार्ग होते हुये ग्राम भारतपुर स्थित फिसरी विभाग के मछली तालाब बगीचा में उतार कर फरार हो गये। दोनों अजनबी रहजनों को ग्रामीण कभी नहीं देखा था। दावा कर रहा है कि दोबारा देखेगा तो लुटेरों को पहचान जायेगा। थाना उपस्थित आकर शिकायत दर्ज करा दिया है।बहरहाल लखनपुर पुलिस मामले में दफा 304 (2) बीएनएस कायम कर दोनों लुटेरे आरोपियों की पता तलाश करने जुटी है।

कोलता समाज ने किया सम्मान

रायगढ़। तमनार कोलता समाज की बैठक आयोजित हुई। सामुदायिक भवन हमीरपुर में पंचायत चुनाव में समाज से चयनित पंच, उपसरपंच व सदस्य को श्रीफल, पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

शाखा सभा के अध्यक्ष सुरेश भोय, सचिव हरि राम गुप्ता, सहसचिव गंगेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष ईश्वरी गुप्ता ग्राम प्रतिनिधी गण सुरेन्द्र गुप्ता, प्रफुल्ल समीर, कमलेश, डाकेशश्वर, दिव्यानंद राजेश दामोदर वरिष्ठ गण सोहन बारीक मुरलीधर प्रधान नरसिंह प्रधान गोपाल भोय डिलेश्वर गौरांग बाबूलाल हलधर सम्भू गुप्ता महिला प्रमुख बसन्ती गुप्ता जननी गुप्ता त्रिवेणी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान प्रतिनिधियों ने ग्राम पंचायत समाज के लिए समर्पित भाव से काम करने शपथ लिया गया। पूर्व में प्रतिभावान दसवीं-बारहवीं कक्षा के उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र, श्रीफल, शाल से सम्मानित किया गया।

एसपी ने बदमाशों को सख्त सजा दिलाने के टिप्स दिए

रायगढ़/नवप्रदेश। हर शनिवार को पुलिस नियंत्रण कक्ष में अपराध और मर्ग मामलों की त्रुटिहीन विवेचना के उद्देश्य से कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस नियंत्रण कक्ष में नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम से संबंधित कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम, डीएसपी अनिल विश्वकर्मा, उन्नति ठाकुर, सुशांतो बनर्जी, एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल समेत जिला मुख्यालय के थाना और चौकी प्रभारी तथा विवेचक शामिल हुए। एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल, थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे और उप निरीक्षक गिरधारी साव ने एनडीपीएस मामलों की विवेचना में संभावित त्रुटियों और न्यायालय द्वारा पारित निर्णयों पर विस्तृत चर्चा की। पुलिस अधीक्षक ने एनडीपीएस मामलों में प्रभावी और सटीक विवेचना पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में मजबूत साक्ष्य संकलन और विधिक प्रक्रियाओं का पालन आवश्यक है ताकि दोषियों को न्यायालय से कठोर दंड दिलाया जा सके। इस तरह की कार्यशालाएं विवेचकों को विधिक प्रक्रियाओं में दक्ष बनाने के लिए आवश्यक हैं और आगे भी विभिन्न जटिल विषयों पर इसी प्रकार कार्यशालाओं का आयोजन जारी रहेगा।

रायगढ़ में 5 लाख की धोखाधड़ी, अपराध दर्ज

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ में 5 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। ऑर्डर के बाद जब माल दुकान में पहुंचा और एक ट्रक पुट्टी बैग को खाली करा लिया गया, लेकिन दुकानदार ने पुट्टी बैग पहुंचने से इनकार कर दिया। जिसके बाद जेके पुट्टी के डीलर ने दुकान संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक बोइरदादर रोड निवासी रितेश गोयल (37) साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह बोइरदादर रोड पर शिवम हार्डवेयर के नाम से दुकान का संचालन करते हैं और जेके पेंट और पुट्टी के अधिकृत डीलर हैं।

कलेक्टर ने किया कार्य विभाजन, आदेश जारी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर ने जिले के राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के कार्य विभाजन में प्रशासनिक दृष्टिकोण से संशोधन करते हुए नवीन आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत विभिन्न अधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख दर्शाये गए विभागों व कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, सरगुजा विनय कुमार अग्रवाल को समाज कल्याण, शिक्षा, श्रम, कृषि, पशुपालन, जल जीवन मिशन, महिला एवं बाल विकास सहित 18 विभागों की जिम्मेदारी दी गई है। जिसमें डीएमएफ, सीएसआर, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना और सुपोषण अभियान सहित अन्य योजनाओं के नोडल अधिकारी भी होंगे। अपर कलेक्टर, सरगुजा सुनील कुमार नायक को उप जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में दायित्व सौंपा गया है। वे वीआईपी आगमन व्यवस्था, राजस्व मामलों में अपील, कॉलोनी विकास अनुमति सहित 17 अन्य शाखाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अमृत लाल ध्रुव को आबकारी विभाग, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, जिला कोषालय, सूचना के अधिकार अपीलीय अधिकारी सहित 14 अन्य शाखाओं की महत्वपूर्ण कार्य सौंपे गए। रामसिंह ठाकुर को वित्त स्थापना, सड़क दुर्घटना मुआवजा, भू-अर्जन, कर्मचारी कल्याण सहित 10 अन्य शाखाओं की जिम्मेदारियां दी गई। डी.एस. उईके को जनसूचना अधिकारी, पर्यावरण, पर्यटन, अल्पसंख्यक, वक्फ बोर्ड, पुनर्वास व दस्तावेज सत्यापन सहित 8 अन्य शाखाओं की जिम्मेदारी मिली है। उमा राज को जनसंपर्क, राहत शाखा, विभागीय जांच, जनगणना, महिला आयोग, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, तंबाकू नियंत्रण सहित 17 अन्य शाखाओं की जिम्मेदारी दी गई। फागेश सिन्हा को अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी, अनुविभाग हेतु भू-अर्जन अधिकारी, पंजीयन लोक न्यास, पंचायत राज अधिनियम सहित कई अन्य शाखाओं की जिम्मेदारी दी गई।

मांगों को लेकर संघ की महिलाओं ने विधायक के नाम सौंपे ज्ञापन

लखनपुर/नवप्रदेश। महिला बाल विकास विभाग के तुगलकी फरमान से आहत छत्तीसगढ़ जुझारू आ0बा0 कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ ने अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल के नाम जिला पंचायत सदस्य विजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा है।

दरअसल कार्यकर्ताओं का कहना है मौजूदा समय में सभी कार्य आनलाइन के जरिए से हो रहे है केन्द्र सरकार द्वारा पोषण ट्रेकर ऐप नियम बनाये गये हैं जिसमें आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए कार्य करना निहायत जरूरी है। इसी के आधार पर कार्यकर्ता

सहायिका की मानदेय बनाई जाती है। इस मंहगाई में कम वेतन से घर चलाना मुश्किल है वहीं विभाग द्वारा 5 जी मोबाइल में पोषक ट्रेकर ऐप का कार्य करने जबरदस्ती दबाव बनाया जा रहा है जिसमें बहुत सारी तकनीकी समस्याएं हैं, इससे जुड़ी प्रशिक्षण भी नहीं दिया गया है। कई सीमो में नेटवर्क नहीं रहने की समस्या होती है । मोबाइल नेट का पर्याप्त खर्च भी विभाग द्वारा नहीं दिया जाता। पूर्ववर्ती सरकार के शासन काल में दिये गये मोबाइल निम्न स्तर का होने कारण कोई भी कार्य आनलाइन सही तरीके से नहीं हो पा रहा है। वर्तमान समय में विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा स्वयं के मानदेय से मोबाइल खरीद कर आनलाइन कार्य करने फरमान जारी किये जाने से कार्यकर्ताओं के पेशानी पर चिंता की लकीर खींच गई है दबाव डाला जा रहा है। कार्य नहीं करने की स्थिति में स्पष्टीकरण की मांग करते हुए मानदेय कटौती की जा रही है । कार्य नहीं करने की सूरत में बर्खास्तगी (कार्यमुक्त) करने की भी चेतावनी दी जा रही है। इस तरह से कार्यकर्ता सहायिकाओं ने व्यवस्था सुधार को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए रियायत बरतने की मांग किया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के पदाधिकारी कार्यकर्ता सहायिका शामिल रहे।

आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग घरघोड़ा, तमनार के तत्वावधान में सीएम सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन

मुख्यमंत्री कन्या विवाह बंजारी धाम में 59 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

तमनार/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत बंजारी धाम में 59 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। महिला एवं बाल विकास विभाग घरघोड़ा, तमनार के तत्वावधान में मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न समाज के 59 जोड़ों ने शादी कर दांपत्य जीवन में प्रवेश किया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम पूरे रीति अनुसार बड़े ही उल्लास के साथ संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री कन्या विवाह में मुख्य अतिथि रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया, भाजपा जिलाध्यक्ष अरूणधर दीवान, डीडीसी रमेश बेहरा, बंशी चौधरी, मुरलीधर राठिया अन्य जनप्रतिनिधियों एवं तमनार तहसीलदार विकास जिंदल, तहसीलदार मनोज गुप्ता, जनपद सीईओ, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण शामिल हुए। बारातियों का तिलक रोली आरती उतारकर भव्य स्वागत सत्कार किया गया। सांसद राठिया ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह में पहुंचे सभी वर वधु को आर्शीवाद देते हु कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री कन्या विवाह अंतर्गत विवाह होना आप सभी सौभाग्यशाली है। मां बंजारी धाम में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से विवाह संपन्न हो रहा है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जन कल्याणकारी

योजनाओं का लाभ लेने प्रोत्साहित किया। वर-वधु के प्रत्येक जोड़े को दिया गया 50 हजार रुपए वर-वधुओं का विवाह संपन्न कराकर शासन के योजना के तहत 35 हजार प्रोत्साहन राशि, 8 हजार रुपए वैवाहिक खर्च 7 हजार रुपए का वर-वधू को उपहार दिया गया। कार्यक्रम में सांसद राधेश्याम राठिया,भाजपा जिलाध्यक्ष अरूणधर दीवान, सतीश बेहरा महामंत्री भाजपा विनायक पटनायक युवा मोर्चा अध्यक्ष,डीडीसी रमेश बेहरा, बंशी चौधरी, मुरलीधर राठिया जनपद अध्यक्ष सहनु राम पैकरा, अध्यक्ष जागेश सिंह सिदार, संजय अग्रवाल, गायत्री बेहरा, जतिन कुमार साव पूर्व मंडल अध्यक्ष,स्वरूप पटनायक मंडल अध्यक्ष, सरोज बेहरा, घनश्याम मालाकार, गीतांजली सुकदेव पटनायक, सहोद्रा दिलेश्वर सिदार सहित अन्य उपस्थिति रहे।

अज्ञात बाइक चालक ने ग्रामीण को मारी ठोकर, मामला दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय राजमार्ग 130 में मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 सीएच 4172 के अज्ञात चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुये ग्रामीण कैलाश सिंह को जबरदस्त ठोकर मार दिया जिससे ग्रामीण शारीरिक रूप से जख्मी हो गया। कैलाश सिंह अम्बिकापुर से काम करके ग्राम हसडाड के पास बस से उतर वापस अपने गृहग्राम की ओर पैदल लौट रहा था। तभी नवापारा के ओर से आ रहे मोटरसाइकिल सवार अज्ञात व्यक्ति ने कैलाश सिंह निवासी अधला बनखेतापारा को ठोकर मार दिया। गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के लिए लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। नाजुक स्थिति को देखते हुए डाक्टरों ने अम्बिकापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल के पुत्र गजराज सिंह थाना उपस्थित आकर अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराया है। मामले में धारा 181,125 (ए) बीएनएस क़ायम कर लखनपुर पुलिस विवेचना कार्यवाही में लिया है।

नगर पंचायत सरगांव में रेत के अवैध परिवहन पर कार्रवाई, 1 हाइवा और 10 ट्रैक्टर जब्त

सरगांव क्षेत्र में खनिज, राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम की कार्रवाई, लंबे समय से सक्रिय थे खनिज माफिया

सरगांव/नवप्रदेश। *रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने सरगांव क्षेत्र में दबिश देकर रेत का अवैध परिवहन करते हुए 01 हाइवा और 10 ट्रैक्टरों को जब्त किया है। इन सभी वाहनों को थाना सरगांव में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है और संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।*

जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासनिक टीम लगातार सक्रिय है। इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला खनिज अधिकारी ज्योति मिश्रा ने बताया कि विभिन्न स्थानों से सूचना प्राप्त होने पर टीम ने सरगांव क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान हाइवा-सीजी 11-बीई-3111 (चालकः विष्णु साहू), ट्रैक्टर-सीजी 11-एआर-8703 (चालकः छन्नू ध्रुव), सीजी 28-एच-9967 (चालकः सुंदर लाल ध्रुव), सीजी 28-एल-7426 (चालकः अश्वनी कौशल), सोनालिका सोल्ड (चालकः लोकेश महिलांग), सीजी 10-डी-6248 (चालकः लक्की साहू), सीजी 28-ई-3654 (चालकः रमेश साहू), सीजी 31-ए-2866 (चालकः बहोरिक निषाद), सीजी 10-बीआर-3337 (चालकः गोपाल निषाद), सीजी 28-आर-1706 (चालकः मुकेश निषाद) और सीजी 28-पी-2690 (चालकः हेमंत साहू) वाहन द्वारा अवैध रूप से रेत परिवहन करते पाए गए।

खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई

संयुक्त टीम द्वारा मौके पर ही वाहनों को रोककर जब्त कर लिया गया। सभी वाहन अब सरगांव थाना में पुलिस अभिरक्षा में हैं और खनिज अधिनियम के तहत विधिसम्मत कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि संयुक्त टीम द्वारा खनिज के अवैध खनन और परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

न्यूज गैलरी

9 महिलाओं को स्त्री शक्ति सम्मान से नवाजा गया

बिलासपुर/नवप्रदेश। महिला पतंजलि योग समिति बिलासपुर ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्त्री शक्ति सम्मान समारोह महामाया विहार कॉलोनी में किया। मुख्य अतिथि चाइल्ड वेलफेयर की अध्यक्ष रीता बरसैंया रहीं। विशिष्ट अतिथि सेवा निवृत्त बैंक मैनेजर सविता तिवारी और पंजाबी महिला समिति की अध्यक्ष छाया ठकराल थीं। अध्यक्षता महिला पतंजलि योग समिति की राज्य कार्यकारिणी सदस्य हेमलता साहू ने की। इस मौके पर विशिष्ट कार्यों के लिए राही दुबे, संतोषी वर्मा, ज्योत्सना मिश्रा, पंचकुंवर, मुनिया यादव, विजय लक्ष्मी राव, मालती यादव, पूर्णिमा यादव और दिलेश्वरी बांधी को स्त्री शक्ति सम्मान दिया गया। कार्यक्रम का संचालन संतोषी यादव और रश्मि श्रीवास्तव ने किया। आभार प्रदर्शन कमला अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में मोहना बोड़खे, ऋतु श्रीवास्तव, मेघा यादव, माया बाजपेई, आरती दांडेकर, अनीता पाटनवर, उपासना अग्रवाल, सुनीता गुप्ता, सरिता उपाध्याय आदि मौजूद रहीं।

उत्पादन बढ़ाने, आगामी वित्त वर्ष की योजना एवं पर्यवारण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा

कोल इंडिया चेयरमैन ने एसईसीएल मेगाप्रोजेक्ट्स एवं सीआईसी कोलफील्ड्स का किया दौरा

बिलासपुर/नवपद्रेश। 22 मार्च को, प्रसाद ने एसईसीएल के दीपका मेगा प्रोजेक्ट का दौरा किया, जहां उन्होंने महत्वपूर्ण संचालन स्थलों जैसे कि आउटसोर्सिंग और विभागीय पैच, एफएमसी, साइलो, और रेलवे साइडिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और शिफ्ट इंचार्ज से बातचीत कर उन्हें मार्च के अंतिम दिनों में उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया और वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना पर चर्चा की।

इसके बाद, उन्होंने कुसमुंडा मेगा प्रोजेक्ट का दौरा किया, जहां उन्होंने नीलकंठ ए और बी सहित खनन गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने भूमि अधिग्रहण की स्थिति का आकलन किया और आगामी वित्तीय वर्ष के लिए उत्पादन योजना पर गहन चर्चा की।

सीआईसी कोलफील्ड्स का दौरा और पर्यावरणीय समीक्षाः 22 मार्च को, मेगा प्रोजेक्ट्स की समीक्षा के बाद, प्रसाद ने चिरमिरी क्षेत्र के चिरमिरी ओसीएम का दौरा किया। इसके बाद, उन्होंने बैकुंठपुर क्षेत्र में बैकुंठपुर, बिश्रामपुर और भटगांव क्षेत्र के महाप्रबंधकों के साथ बैठक कर उत्पादन बढ़ाने की रणनीतियों पर चर्चा की। उन्होंने चर्चा भूमिगत खदान में अंदर जाकर खनन गतिविधियों की समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होने हसदेव क्षेत्र की राजनगर ओसीएम में खनन गतिविधियों जायजा लिया। इसके अलावा, उन्होंने हसदेव क्षेत्र के अनन्या वाटिका ईको-रिस्टोरेशन पार्क का भी दौरा किया।

उत्पादन, श्रमिक कल्याण और भविष्य की योजना पर जोर

प्रसाद ने उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए आगामी वित्तीय वर्ष के लिए संचालन रणनीतियों पर ज़ोर दिया। उन्होंने संविदा श्रमिकों के कल्याण और कॉर्पोरेट सैलरी पैकेज के कार्यान्वयन पर विशेष जोर दिया, जिससे कार्यबल को बेहतर लाभ मिलेगा।

इसके पश्चात, वे एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के महाप्रबंधकों के साथ बैठक कर उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया।

23 मार्च को, श्री प्रसाद ने जमुना-कोतमा क्षेत्र के अमाडांड ओसीएम में खनन गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने फ्लाई ऐश डंपिंग, माईन क्लोज़र योजना, और हरड़ एवं दैखल में पुनःस्थापना क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण जैसी विभिन्न पर्यावरणीय संबंधी उपायों का निरीक्षण किया। इसके बाद, उन्होंने कोरबा क्षेत्र के सरायपाली ओसीएम की भी समीक्षा की।

फर्जी आधार कार्ड बनाकर रची साजिश, अब होगा खुलासा

बिलासपुर/नवप्रदेश। उमरिया पंचायत के सरपंच मोहन मरावी की सड़क हादसे में मौत के बाद उनकी पत्नी को मिलने वाली मुआवजा राशि पर गजब का विवाद खड़ा हो गया। मामला तब तूल पकड़ गया जब गांव की ही एक दूसरी महिला शिवरात्रि राजपूत ने खुद को भी मोहन मरावी की पत्नी बताते हुए मुआवजे पर हक जता दिया! सरपंच की असली पत्नी रामकुमारी मरावी इस दावे से सन्न रह गईं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और शिवरात्रि राजपूत पर फर्जी दस्तावेज बनवाकर मुआवजा हड़पने की साजिश का आरोप लगाया। रामकुमारी का कहना है कि शिवरात्रि राजपूत पहले से शादीशुदा हैं और अपने पति सरोज राजपूत व चार बच्चों के साथ रहती हैं। बावजूद इसके फर्जी आधार कार्ड बनवाकर खुद को मोहन मरावी की पत्नी दिखाने की कोशिश कर रही हैं। रामकुमारी ने अपने दावे को साबित करने के लिए 14 दस्तावेज अदालत में पेश किए, जिसमें मोहन मरावी के साथ उनकी शादी और वैवाहिक जीवन के प्रमाण शामिल हैं। वहीं रामकुमारी के वकील का कहना है कि शिवरात्रि राजपूत ने झूठे दस्तावेज बनवाकर मुआवजे की रकम हड़पने की चाल चली है, जिसे कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। अब सवाल ये उठता है कि क्या यह मुआवजे के लिए रची गई साजिश है या सच में कोई गहरा राज छुपा है? पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है और जल्द ही फर्जी दावे की असलियत सामने आएगी।

पंचायत सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास कार्य प्रभावित

पथरिया/नवप्रदेश। जनपद क्षेत्र के 96 पंचायतों के सचिव पिछले चार दिनों से हड़ताल पर चले गए है इससे क्षेत्र के 150 गांवों के मूलभूत सुविधाये , विकास कार्य और जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन बाधित ह्यो रहा है। अनिश्चित कालीन हड़ताल से ग्रामीण क्षेत्रों को ह्यो रही असुविधाओं का संज्ञान शासन को ह्यो चुका है इसलिये शासन ने संचालनय रायपुर के माध्यम से आदेश जारी कर सचिवों को काम पर लौटने का अल्टीमेटम दिया साथ ही अल्टीमेटम के अनुसार काम पर नही लौटने पर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई है ।

शुक्रवार को जारी आदेश से पंचायत सचिव घबराने के बजाय और अधिक आक्रोशित दिखे और जनपद स्थित धरना स्थल पर संचालनय से प्राप्त अल्टीमेटम को जलाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया है ।इस अवसर पर सचिव संघ छत्तीसगढ़ के विकासखंड अध्यक्ष संतोष साहू ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय बीजेपी ने हमारा शासकीय करण करने की बात अपने मेनोफेस्टो में किया था लेकिन छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के लगभग 13 महीने बाद घोषणापत्र में किये गए मोदी की गारंटी को पूरा नही किया गया है जो हजारों पंचायत सचिवों केसाथ अन्याय है।

ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट

पंचायत सचिवों की मांग और शासन द्वारा अनिशिचत कालीन हड़ताल का हल नही निकाल पाने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या बनने लगी है । बढ़ते गरमी के कारण जल स्तर नीचे जाने लगा है और प्रतिवर्ष की तरह गरमी के दिनों के लिये पूर्व तैयारी होनी थी लेकिन सचिवों के हड़ताल में जाने से पंचायत का कार्य ठप्प पड़ा हुआ है नये राशनकार्ड और नवनीकरण के कार्य भी बंद है , इसी तरह किसानों के जमीन का पंजीयन कार्य और ग्रामीणों के आवास योजना प्रभावित हो रहा है इन सब से ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ।

बाल मित्र ग्रामों की समस्याओं पर संवाद

देवरी/नवप्रदेश। देवरी प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन ने समस्या, समाधान, संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इसका उद्देश्य सशक्त, सुरक्षित, विकसित और करुणामय समाज का निर्माण था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी बंधु कच्छप, फाउंडेशन के जिला समन्वयक सुरेंद्र पंडित और बाल पंचायत के बच्चों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में 20 बाल मित्र ग्रामों के बच्चे और ग्रामीण पहुंचे।

बच्चों को डिहाइड्रेशन व चिकन पॉक्स का खतरा, सावधानी जरूरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। मौसम में होते बदलाव के साथ ही कई तरह की बीमारियां भी दस्तक देने लगती हैं, इन बीमारियों के चपेट में बच्चे बहुत जल्द आते हैं। गर्मी की शुरुआती दिनों में बच्चों में डिहाइड्रेशन, चिकन पॉक्स जैसी बीमारियों के होने का डर बना रहता हैं।

महादेव हॉस्पिटल के संचालक और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आशुतोष तिवारी ने इन बीमारियों के लक्षण और बचाव संबंधित जरूरी दिशा निर्देश बताए।डॉक्टर तिवारी ने बताया कि गर्मी में सबसे बड़ी समस्या होती है डिहाईड्रेशन की। इससे शरीर में पानी की कमी होने लगती है ,अभिभावकों को बच्चों पर ध्यान देते हुए उन्हें समय-समय पर पानी पिलाते रहन चाहिए। बच्चे ज्यादा पानी पीना नहीं चाहते है तो उन्हें जूस वाले फल, नींबू पानी,लस्सी,खाने के साथ मट्ठा जरूर दें । पानी की कमी आमतौर पर बच्चों को हो ही जाती है,इसलिए घर के बड़े इस बात का पूरा ध्यान रखे कि हर थोड़ी देर में किसी ना किसी तरह बच्चें पानी पीते रहे, पैकेट बंद जूस,नारियल पानी, नींबू पानी से परहेज करें। चिकन पॉक्स में सावधानी जरूरी डॉक्टर तिवारी ने बताया कि इस मौसम में चिकन पॉक्स की समस्या भी देखने को मिलती है। बच्चों को चिकन पॉक्स से बचाने इंजेक्शन जरूर लगवाएं। ढ्व वैक्सीन लगे होने पर संक्रमण होने का असर कम होता हैं और अगर हो भी गया तो इसका प्रभाव कम रहता हैं। चिकन पॉक्स होने पर घरेलू उपचार,झाड़ फूंक करने से बचे,ऐसा करने से कई बार संक्रमण घातक हो जाता हैं। डॉ तिवारी ने बताया कि चिकन पॉक्स एक तरह के संक्रमण से होता हैं,जो तेजी से फैलता है। संक्रमित बच्चे को तुरंत डॉ को दिखाना चाहिए। साफ- सफाई और दवा के नियमित सेवन से यह संक्रमण 8 से 10 दिनों में ठीक हो जाता हैं ।

अवैध प्लाटिंग पर निगम की कार्रवाई, तिफरा में 6 निर्माणाधीन स्थलों पर चला बुलडोजर

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर नगर निगम ने तिफरा के डी-ब्लॉक में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। निगम ने छह से अधिक अवैध निर्माण स्थलों पर बुलडोजर चलाया। इस दौरान अवैध रूप से बनाई गई सड़कें तोड़ी गईं और फेंसिंग हटाई गई। नगर निगम के बिल्डिंग अधिकारी सुरेश शर्मा के अनुसार, लोग बिना अनुमति के मकान बना रहे थे। सभी अवैध निर्माण करने वालों को चेतावनी दी गई है। साथ ही उनकी निर्माण सामग्री भी जब्त कर ली गई है।कार्रवाई में भूरी बाई उर्फ पोखरा पति उपेंद्र कश्यप की दो एकड़ जमीन (खसरा नंबर 151-1, 152-2), रामाधार पूरन सूर्यवंशी की 1.96 एकड़ जमीन (खसरा नंबर 144), रमनदीप सलूजा की एक एकड़ जमीन और तीन अन्य लोगों की जमीन शामिल है।जानकारी के अनुसार, तिफरा के डी-ब्लॉक में अधिकतर जमीन किसानों की है। दलालों ने किसानों से एग्रीमेंट कर अवैध प्लाटिंग शुरू कर दी थी। लोग सस्ते प्लॉट के लालच में ले-आउट, डायवर्सन और कॉलोनाइजर लाइसेंस की जांच किए बिना प्लॉट खरीद रहे थे। इन प्लॉट्स पर मकान भी बनाए जा रहे थे। निगम ने सभी अवैध निर्माण पर रोक लगा दी है। तिफरा के डी-ब्लॉक के अलावा साईं विहार गेट यदुनंदन नगर के पास भी अवैध प्लाटिंग कर मकान, बाउंड्री बनाई जा रही थी। नगर निगम अमले ने वहां निर्मित अवैध मकान, बाऊंड्री ढहा दी।जानकारी के अनुसार, तिफरा डी ब्लॉक में हो रही अवैध प्लाटिंग की शिकायत सीधे नगर निगम कमिश्नर से की गई थी। इसके बाद उन्होंने बिल्डिंग सेक्शन को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

संघ ने सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारियों का किया सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ बिलासपुर ने नया सर्किट हाउस में सेवाकाल सम्मान समारोह आयोजित किया। मुख्य अतिथि संभागीय आयुक्त महादेव कावरे थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांतीय अध्यक्ष कमल वर्मा, अपर कलेक्टर आर. ए. कुरूवंशी और अपर संचालक कोष लेखा एवं पेंशन आरके पटेल मौजूद रहे। सूर्यांश शिक्षा उत्थान समिति की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और राज्यगीत प्रस्तुत किया। संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. बीपी सोनी ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने संघ के गठन और महत्व की जानकारी दी। साथ ही जिला कार्यालय निर्माण के लिए प्रशासन से सहयोग की अपील की। प्रांतीय अध्यक्ष कमल वर्मा ने संभाग के अधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने संघ को संगठित बनाने अपील की। अपर कलेक्टर आर. ए. कुरूवंशी शुभकामनाएं दीं। संभागीय आयुक्त महादेव कावरे ने कार्यालय भवन निर्माण में प्रशासन की ओर से सहयोग का आश्वासन दिया। आयुक्त महादेव कावरे ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र, शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह

पहल...

जिले के सरकारी विद्यालयों में 250 ड्यूल डेस्क (फर्नीचर) उपलब्ध कराए गए

सरकारी स्कूल के बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा दिलाना हमारा संकल्पः केंद्रीय मंत्री तोखन

लोरमी/नवप्रदेश। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने अपने स्कूली दिनों की यादों को संजोते हुए उसी विद्यालय में स्मार्ट क्लासरूम एवं अध्ययन के लिए आधुनिक फर्नीचर की सुविधा प्रदान की। इस पहल के तहत शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के मानकों के अनुरूप मुंगेली और बिलासपुर जिले के सरकारी विद्यालयों में 250 ड्यूल डेस्क (फर्नीचर) उपलब्ध कराए गए हैं, जिनकी कुल लागत लगभग 24 लाख है। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि सरकारी स्कूलों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा देने के लिए आवश्यक संसाधनों से सुसज्जित करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग का आश्वासन दिया।केंद्रीय राज्य मंत्री साहू ने यह कार्य हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (॥ष्ठष्टह्) के सीएसआर फंड के माध्यम से पूरा कराया। इस पहल से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेमरसल (मुंगेली) एवं शासकीय हाई स्कूल, बछालीखुर्द (बिलासपुर) के विद्यार्थियों को भी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर तोखन साहू ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए अपने स्कूली दिनों की यादें साझा की और कहा, ÷सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भी आधुनिक सुविधाएं मिलनी चाहिए। बेहतर शैक्षिक वातावरण से ही उनका समग्र विकास संभव है।÷

उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान कोयलारी संकुल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। पोषण साहू (प्राचार्य, कोयलारी संकुल) को उत्कृष्ट प्राचार्य सम्मान से सम्मानित किया गया। शत्रुघ्न साहू एवं लक्ष्मण पात्रे को उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शांति देवचरण भास्कर, अनिता कोमल साहू, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डी.एस. राजपूत, भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुशील यादव, राजेन्द्र साहू, दिनेश कश्यप, लेखराज सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रोहतक। पाथवे ग्लोबल अलायंस की ओर से रोहतक जिले में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की याद में तीन दिवसीय ट्राई नेशन बेल्ट रेसलिंग कप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में तीन देशों के ओलंपिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पाथवे ग्लोबल अलायंस के सदस्य वरुण कश्यप ने बताया कि बेल्ट रेसलिंग के आयोजन का उद्देश्य शहीद भगत सिंह को याद करना है। युवाओं को शहीदों के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। यह उन लोगों को श्रद्धांजलि देने का प्रयास है, जिनकी बदौलत हमें आजादी मिली।

रोहतक में ट्राई नेशन बेल्ट रेसलिंग कप

भारत, रूस और उज्बेकिस्तान के 92 खिलाड़ी शामिल, ओलिंपिक पहलवानों ने दिखाया दम

3 देशों के खिलाड़ी ले रहे हैं हिस्सा

वरुण कश्यप ने बताया कि ट्राई नेशन कप में तीन देशों के ओलिंपिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें भारत, रूस और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। इन तीनों देशों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। यह प्रतियोगिता रोहतक में इसलिए हो रही है क्योंकि रोहतक से अच्छे कुश्ती खिलाड़ी निकले हैं और कुश्ती में रोहतक का नाम है।

बेल्ट कुश्ती के लिए फेडरेशन बनाया जाए

वरुण ने केंद्र सरकार से मांग की कि जिस तरह कुश्ती के लिए फेडरेशन है, उसी तरह बेल्ट कुश्ती के लिए भी फेडरेशन बनाया जाना चाहिए। जब फेडरेशन बनेगा तो

बेल्ट कुश्ती के प्रति खिलाड़ियों का रुझान भी बढ़ेगा। खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं भी मिल सकेंगी।

प्रतियोगिता में 92 खिलाड़ी ले रहे हैं भाग

वरुण ने बताया कि प्रतियोगिता में तीन देशों के 92 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिसमें भारत के 40 खिलाड़ी शामिल हैं। उज्बेकिस्तान के 26 खिलाड़ी और रूस के 26 खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। ट्राई नेशन कप फिलहाल रोहतक में आयोजित किया जा रहा है। भविष्य में इसका आयोजन पंजाब और अन्य राज्यों में भी किया जाएगा। जून में उज्बेकिस्तान में और उसके बाद रूस में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

एक नजर

अनसोल्ड रहे शार्दूल लखनऊ से खेलेंगे

मोहसिन खान की जगह लेंगे; LSG ने किया ऐलान

ऑक्शन में अनसोल्ड रहे मुंबई के ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) के साथ जुड़ेंगे। वह चोटिल खिलाड़ी मोहसिन खान की जगह लेंगे। IPL की ओर से इसका ऑफिशियल ऐलान कर दिया गया है। वे 24 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेल सकते हैं। शार्दूल टीम के साथ पिछले 10 दिनों से कैंप में हिस्सा ले रहे हैं।

मोहसिन खान को लगी चोट

मोहसिन खान घुटने के लिगामेंट में चोट की वजह से पिछले तीन महीनों से किसी भी क्रिकेट मुकाबले में हिस्सा नहीं ले पाए हैं। जब उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) के नेट्स पर गेंदबाजी शुरू की तो उनकी पिंडली में खिंचाव आ गया, जिससे उनकी वापसी और मुश्किल हो गई।

मयंक यादव भी टीम से नहीं जुड़े

मयंक ने बेंगलुरु में नेट्स पर गेंदबाजी शुरू कर दी है, लेकिन उन्हें अभी भी मैच फिटनेस हासिल करने में समय लगेगा।

करनाल के 5 खिलाड़ी खेलो इंडिया के लिए क्वालीफाई

2 अंडर-18, 1 यूनिवर्सिटी गेस में चयनित, कोच बोले- अंतरराष्ट्रीय सफलता के लिए तैयार

करनाल। करनाल के पांच खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया प्रतियोगिताओं के लिए क्वालीफाई किया है। इनमें दो खिलाड़ी अंडर-18 वर्ग में, एक खिलाड़ी पैरा खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए और दो खिलाड़ी यूथ खेलो इंडिया प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। इन खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई है और अब वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल करने की तैयारी कर रहे हैं।

कोच ने बताया खिलाड़ियों की मेहनत का राज

खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों के चयन के लिए शुक्रवार से ट्रायल चल रहे हैं। करनाल स्थित खेल अकादमी के कोच मयंक शर्मा ने बताया कि वे अपने खिलाड़ियों को भाला फेंक और दौड़ के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने खेल की शुरुआत नीरज चोपड़ा से की थी और नीरज आज भी उनकी मदद करते हैं। कोच ने बताया कि उनके खिलाड़ियों ने विश्व चैंपियनशिप में भी पदक जीते हैं।

एक बार फिर दमदार नजर आ रही है मुंबई इंडियंस, जानें टीम की ताकत और कमजोरी

नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस की टीम चेन्नई सुपर किंग्स के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सबसे सफल टीम में शामिल है। हालांकि पिछले कुछ सीजन मुंबई इंडियंस के लिए बहुत अच्छे नहीं रहे हैं और पिछले सीजन में तो उनके लिए रोहित शर्मा को हटाने का फैसला भी फैंस के गले पूरी तरह से नहीं उतरा था। इसका प्रभाव कहीं न कहीं टीम के मनोबल पर भी पड़ा। लेकिन आईपीएल 2025 में एमआई पुरानी अस्थिरता को पीछे छोड़कर एक दमदार सीजन के लिए तैयार नजर आ रही है। पिछले चार सीजन में दो बार अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर नजर आने वाली एमआई इस बार कप्तान हार्दिक पांड्या के साथ कहीं अधिक आत्मविश्वास से भरपूर है। हार्दिक इस दौरान दो बार आईसीसी प्रतियोगिताओं में महत्वपूर्ण प्रदर्शन कर चुके हैं। टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी में भारत हार्दिक पांड्या के अहम रोल और रोहित शर्मा की कप्तानी में विजयी बना है। हार्दिक के साथ रोहित एमआई लीडरशिप का अहम हिस्सा हैं। फैंस में हार्दिक की स्वीकार्यता बढ़ी है और टीम ने नीलामी में जो खिलाड़ी रिटेन किए हैं, उससे पता चलता है कि एमआई के कोर ग्रुप में हार्दिक पांड्या की कप्तानी को लेकर सहजता है। एमआई ने इस बार नीलामी में ट्रेंट बोल्ट को लेकर जसप्रीत बुमराह के साथ बेहतरीन पेस अटैक बनाया है। अगर पिछले दो सीजन में इन दोनों गेंदबाजों का पावरप्ले इकोनमी रेट केवल 6.5 का रहा है, जो दिखाता है कि दोनों की जोड़ी कितनी जबरदस्त साबित हो सकती है।

आईपीएल 2025

खिलाड़ियों की बदमिजाजी नहीं होगी बर्दाश्त आईपीएल में 5 मैचों के लिए लग सकता है बैन



नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों और टीमों के लिए नियमों में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। इन बदलावों में सबसे प्रमुख है स्लो ओवर रेट के लिए कप्तानों पर लगने वाले बैन को हटाना। बीसीसीआई ने इसकी जगह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की तरह डिमेरिट पॉइंट सिस्टम लागू करने का निर्णय लिया है। हालांकि, यह डिमेरिट पॉइंट सिस्टम केवल स्लो ओवर रेट तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे पूरे कोड ऑफ कंडक्ट में शामिल किया गया है। इसके तहत खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ को भी नियमों का उल्लंघन करने पर डिमेरिट पॉइंट मिलेंगे, जिसके आधार पर उन पर 5 मैचों तक का प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

22 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल 2025 सीजन से पहले मुंबई में बीसीसीआई अधिकारियों ने सभी 10 फ्रेंचाइजी के कप्तानों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में कप्तानों को कोड ऑफ कंडक्ट में किए गए इन महत्वपूर्ण बदलावों की जानकारी दी गई। यह नए नियम इस सीजन से ही लागू होंगे और प्लेइंग कंडिशंस का हिस्सा होंगे।

अभी तक आईपीएल में खिलाड़ियों द्वारा किसी भी तरह की बदसलूकी या गलत व्यवहार करने पर मैच रेफरी द्वारा जुर्माना लगाया जाता था। लेकिन अब खिलाड़ियों को जुर्माने के साथ-साथ डिमेरिट पॉइंट भी मिलेंगे, जो उनके लिए प्रतिबंध का कारण बन सकते हैं।

खेल

अल्ट्राटेक ने जिमेदार जल मैनेजमेंट के माध्यम से बलौदा बाज़ार-भाटापारा में जल सुरक्षा को किया मजबूत

इस विश्व जल दिवस पर, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड सही वाटर मैनेजमेंट के लिए अपनी जिम्मेदारी को दोहराता है। कंपनी पानी के मैनेजमेंट के अच्छे तरीकों और मजबूत नियमों के जरिए पानी को बचाने पर ध्यान देती है। अल्ट्राटेक का पानी का मैनेजमेंट सिर्फ उसकी फैक्ट्रीज तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उसके आसपास के समुदायों तक भी फैला हुआ है, जहाँ कंपनी काम करती है।

अल्ट्राटेक की बलौदा बाजार - भाटापारा जिले में स्थित दो यूनिट, रावन सीमेंट वर्क्स और हिरमी सीमेंट वर्क्स, लोकल कम्युनिटीज में पानी की सुरक्षा बढ़ाने के लिए काम करती हैं। इससे लोगों की रोज़ी-रोटी, भोजन की उपलब्धता और आर्थिक मजबूती बढ़ती है।

ये यूनिट कई काम करती हैं, जैसे चेक डैम बनाना, तालाबों की गहराई बढ़ाना और अन्य पानी बचाने और बारिश के पानी को इकट्ठा करने के लिए स्ट्रक्चर बनाना। इन कोशिशों से ग्राउंड वाटर लेवल को बढ़ाने में , मिट्टी में नमी बनाए रखने, तालाब के किनारे बड़े पेड़ों की सुरक्षा और आसपास के गाँवों में खेती के उत्पादन में सुधार में बहुत मदद मिली है।

1995 से, रावन सीमेंट वर्क्स ने इलाके में पानी बचाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस प्रयास के तहत 33 तालाबों की गहराई बढ़ाई गई और 2 चेक डैम बनाए गए ताकि बारिश के पानी को इकट्ठा करके बचाया जा सके। साथ ही, 2 बड़े डैम में पानी के फ्लो और स्टोरेज को बेहतर बनाने के लिए गेट बनाए गए। इन प्रयासों से हर साल 3.6 लाख क्यूबिक मीटर पानी बचाया जा रहा है, जबकि अब तक कुल 35 लाख क्यूबिक मीटर पानी बचाया जा चुका है। सिंचाई के लिए 1200 एकड़ से अधिक जमीन को लगातार पानी की आपूर्ति दी गई है। किसानों को सिंचाई के लिए फव्वारे और सौर ऊर्जा से चलने वाले पंप जैसी पानी निकालने की सुविधाएँ दी गई हैं, जिससे सिंचाई में पानी की खपत लगभग 40% तक कम हो गई है। इसके अलावा, पानी की बचत को बढ़ावा देने के लिए कम पानी में उगने वाले बीज बांटे जाते हैं, जिससे हर साल लगभग 3000 किसानों को फायदा होता है। इन प्रयासों का असर यह हुआ है कि क्षेत्र के 81 तालाबों और डैम में अब फरवरी तक पानी उपलब्ध रहता है, जबकि पहले यह केवल दिसंबर तक ही रहता था। साथ ही, 15 गांवों में पूरे साल पानी की लगातार उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

सलमान-रश्मिका स्टारर सिकंदर का तीसरा गाना सिकंदर नाचे आउट

सलमान खान और रश्मिका मंदाना स्टारर सिकंदर ईद पर सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। इस बीच, निर्माताओं ने मंगलवार को फिल्म का नया गाना सिकंदर नाचे लॉन्च कर दिया, जिसमें सलमान और रश्मिका गजब के मूव्स पर थिरकते नजर आए।

इस ट्रैक में स्वैग से भरे हुक स्टेप्स हैं, जिन्हें डबके डांस फॉर्म के नाम से जाना जाता है। साथ ही गाने में एक शानदार सेटअप भी है। डबके एक अरबी लोक नृत्य है, जो लेबनान, सीरिया और जॉर्डन जैसे कई देशों में काफी लोकप्रिय है। यह आमतौर पर शादियों और अन्य समारोहों में किया जाता है।

सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर नए गाने का म्यूजिक वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, सिकंदर नाचे डांस आउट हो चुका है।

गाने में सलमान और रश्मिका की केमिस्ट्री को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। साथ ही गाने में सलमान अपने सिग्नेचर स्टाइल और डांस मूव्स के साथ एनर्जी से भरे नजर आए। इसमें तुर्की के स्पेशल डांसर्स को शामिल किया गया है।

'सिकंदर नाचे' गाने की कोरियोग्राफी अहमद खान ने की है, जिसमें तुर्की के डांसर्स अपना अनूठा अंदाज जोड़ते नजर आए। गाने को सिद्धांत मिश्रा ने कंपोज किया है, जबकि समीर ने बोल तैयार किए हैं। अमित मिश्रा, अकासा और सिद्धांत मिश्रा ने गाने को अपनी आवाज दी है। सलमान, निर्माता साजिद नाडियाडवाला और कोरियोग्राफर अहमद खान इससे पहले साल 2014 में रिलीज 'किक' के गाने 'जुम्मे की रात' में साथ काम कर चुके हैं।

बता दें कि अब तक सिकंदर के तीन गाने आउट हो चुके हैं। इससे पहले 'बम बम भोले' और 'जोहरा जबीं' रिलीज हुए थे। जोहरा जबीं को फराह खान ने कोरियोग्राफ किया है।

ए.आर. मुरुगादॉस के निर्देशन में बनी फिल्म 'सिकंदर' में सलमान खान, रश्मिका मंदाना, काजल अग्रवाल, सत्यराज, शरमन जोशी और प्रतीक बब्बर जैसे कई कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। 'सिकंदर' 31 मार्च को ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

29 साल बाद सिनेमाघरों में फिर उतरेगी घातक, तालियों से गूंजेंगे सिनेमाघर

सनी देओल 'जाट' से पहले थिएटर्स में अपनी सुपरहिट फिल्म घातक से फिर धूम मचाने आ रहे हैं। सनी ने सोशल मीडिया पर आकर फैंस को यह खुशखबरी दी। सनी ने फिल्म की री-रिलीज डेट का खुलासा किया है।

'घातक' 21 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस पोस्ट के कैप्शन में सनी ने लिखा है, खुद को तैयार कर लो, क्योंकि कल्ट क्लासिक फिल्म आ रही है, रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल के तहत घातक एक बार फिर स्क्रीन पर आ रही है, 21 मार्च 2025 को फिल्म बिग स्क्रीन पर आ रही है।

उल्लेखनीय है कि 'घातक' को राजकुमार संतोषी ने निर्देशित किया था। फिल्म दिवाली के मौके पर 8 नवंबर 1996 को रिलीज हुई थी। फिल्म में आरडी बर्मन, वनराज भाटिया और अनु मलिक का म्यूजिक है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 6.2 करोड़ रुपए के बजट में बनी फिल्म ने भारत में 15.24 करोड़ और वर्ल्डवाइड 21.7 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया था।

फिल्म में सनी ने 'काशी' की यादगार भूमिका निभाई थी और उनके अपोजिट एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्रि थीं। फिल्म में अमरीश पुरी ने सनी के एक बीमार पिता का रोल किया था। इसमें डैनी डेंजोगपा ने खतरनाक विलेन कातिया के रूप में दशहत मचाई थी।

घातक की सफलता में सबसे बड़ा हाथ सनी देओल और डैनी के मध्य संवादों के जरिये दर्शायी गई तीखी नोंक झोक रही थी। इन दोनों के संवादों ने दर्शकों को सिनेमाघरों में तालियाँ बजाने को मजबूर कर दिया था। आगामी शुक्रवार को री रिलीज होने वाली इस फिल्म के संवादों से एक बार फिर सिनेमाघरों में तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई देगी ऐसी उम्मीद है।

बदली आवाज, बढ़ाया वजन, जाट में 'रणतुंगा' के लिए रणदीप हुड्डा ने किया बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन

सनी देओल, रणदीप हुड्डा स्टारर अपकमिंग फिल्म 'जाट' सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में हुड्डा के किरदार का नाम 'रणतुंगा है, जो खतरनाक खलनायक है। किरदार के लिए हुड्डा ने वजन बढ़ाने के साथ ही अपनी आवाज के उतार-चढ़ाव पर भी कमाल का काम किया है। प्रोडक्शन से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया, खलनायक हो या हीरो का किरदार, रणदीप उसमें डूब जाते हैं और जीवंत करने के लिए खूब मेहनत करते हैं। 'जाट' भी इससे अलग नहीं है और अपने खलनायक किरदार रणतुंगा को मजबूत करने के लिए वह पहले दिन से ही जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया, रणदीप हुड्डा ने अपने किरदार के लिए बाल बढ़ाए और अपनी बॉडी पर काम किया ताकि उनका किरदार अधिक खतरनाक दिख सके। यह पहली बार नहीं है जब रणदीप ने ट्रांसफॉर्मेशन किया है। इससे पहले अभिनेता साल 2016 में आई फिल्म 'सरबजीत' और 2024 में रिलीज फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' की भूमिका निभाने के लिए भी परिवर्तन किए थे। सूत्र ने बताया, चाहे वह 'सरबजीत' हो, 'स्वतंत्र वीर सावरकर' हो या 'जाट', रणदीप कभी भी किरदार में जान डालने से पीछे नहीं हटते।



गांधारी की शूटिंग खत्म, तापसी ने पढ़ा संघर्ष से संतोष का पाठ

अभिनेत्री तापसी पन्नू ने गांधारी की शूटिंग पूरी कर ली है। सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर तापसी ने प्रशंसकों को यह जानकारी दी। अभिनेत्री ने बताया कि फिल्म बेहद खास है और वह जल्द ही खास और एकदम अलग हटकर नए अंदाज में दर्शकों के सामने आने के लिए तैयार हैं।

तापसी ने इंस्टाग्राम पर अपनी अपकमिंग फिल्म गांधारी के सेट से कुल चार तस्वीरें शेयर की। पहली तस्वीर में वह आंखों पर पट्टी बांधकर बच्चों के साथ खेलती नजर आईं। वहीं, दूसरी तस्वीर में वह सह-अभिनेता इश्वाक सिंह, लेखिका कनिका ढिल्लों और निर्देशक देवाशीष मखीजा के साथ पोज देती दिखीं। तापसी ने एक चॉकलेट केक की तस्वीर भी शेयर की, जिस पर 'गांधारी इट्स ए रैप' लिखा था। तस्वीरों को शेयर करते हुए तापसी ने कैप्शन में 'गांधारी' को फिल्माने के अपने अनुभव को उतारा और इसे धैर्य, दृढ़ संकल्प और सकारात्मकता से भरपूर यात्रा के रूप में वर्णित किया। उन्होंने फिल्म को लेकर अपने जज्बात शेयर करते हुए लिखा, अगर मानव शरीर के लिए कोई एनओएस (नॉन-ओवरसैंपलिंग यानि एक प्रकार का डिजिटल-टू-एनालॉग कन्वर्टर) मोड है, तो मैंने इसे इस फिल्म में अनुभव किया है।

अगर धैर्य और दृढ़ संकल्प के फ्यूल पर चलने वाली कोई चीज है, तो मैंने इसे इस फिल्म में देखा है। अगर टीम के साथ किसी लक्ष्य को पूरा करने जैसी कोई चीज है, तो इसे भी मैंने इस फिल्म में महसूस किया है। अभिनेत्री ने चुनौतियों पर भी बात की और लिखा कि संघर्ष से ही संतोष मिलता है। उन्होंने लिखा, हर बार जब मैं कुछ अलग और चुनौतियों से भरे काम करने के बारे में सोचती हूं, तो भूल जाती हूं कि इसकी कीमत भी चुकानी होगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com